सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 28 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 263, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## यूपीआईटीएस में आयेंगे 520 विदेशी खरीदार

ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में चल रहे अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में इस बार 520 से अधिक विदेशी खरीदार पहुंचे हैं। } 14

## कांग्रेस ने जनता को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ा : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश के लोगों को लूटा और निम्न आय वर्ग पर भी कर लगाया। उन्होंने लोगों को कांग्रेस व उसके सहयोगियों द्वारा की जा रही कथित लूट के प्रति आगाह किया। } 16

### षष्ठम-कात्यायनी



**चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।**
**कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी॥**

महर्षि कात्यायन ने माता दुर्गा की तपस्या कर उनसे अपनी पुत्री होने का वर मांगा था। उनके यहां पुत्री रूप में प्रकट माता का नाम कात्यायनी हुआ। कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्ति के नौ रूपों में छठवीं रूप हैं। माता पार्वती का सबसे ज्वलंत स्वरूप देवी कात्यायनी हैं। देवी कात्यायनी को योद्धाओं की देवी भी कहा जाता है। असुरों के आतंक और अत्याचार से देवताओं तथा ऋषियों की रक्षा के लिए माता पार्वती कात्यायन ऋषि के आश्रम में अपने ज्वलंत स्वरूप में प्रकट हुईं। कात्यायन ऋषि के आश्रम में प्रकट होने से उनका नाम कात्यायनी पड़ा। कात्यायन ऋषि ने उनको अपनी कन्या स्वीकार किया था। मां कात्यायनी शेर पर सवार रहती हैं। उनकी चार भुजाएं हैं। वह अपने एक बाएं हाथ में कमल का पुष्प और दूसरे बाएं हाथ में तलवार धारण करती हैं। वहीं, एक दाएं हाथ में अभय मुद्रा और दूसरे दाएं हाथ में वरद मुद्रा धारण करती हैं।

# तमिलनाडु : अभिनेता विजय की रैली में भगदड़, 36 की मौत

❍ प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर जताया दु:ख ❍ अनियंत्रित भीड़ को संभालने के लिए पुलिस ने किया लाठीचार्ज

एजेंसी





चेन्नई/करूर (तमिलनाडु)। तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख विजय के नेतृत्व में यहां आयोजित एक रैली में शनिवार को भगदड़ मचने से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गयी जबकि 45 से अधिक घायल हो गये। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने यह जानकारी दी। इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुख जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने का दुख की इस घड़ी में सरकार पीड़ितों के साथ है।

सुब्रमण्यम के अनुसार, 36 लोगों को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था और 45 से अधिक का उपचार जारी है। राज्य के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने स्थिति की समीक्षा के लिये उच्च अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भगदड़ में हुयी मौतों पर पर दुख व्यक्त किया। गृह मंत्रालय ने तमिलनाडु सरकार से मामले में एक रिपोर्ट मांगी है। अधिकारियों के अनुसार, जब विजय रैली को संबोधित कर रहे थे, तब कम से कम 30 लोग बेहोश हो गए और उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। विजय जब सभा को संबोधित कर रहे थे, तब भीड़ बढ़ती गई और हालात बेकाबू हो गये तथा पार्टी कार्यकर्ताओं और कुछ बच्चों समेत कई लोग बेहोश होकर गिर पड़े। कई कार्यकर्ताओं ने स्थिति को भांप लिया और शोर मचाया। इस पर विजय ने ध्यान दिया और अपना भाषण रोककर, खासतौर पर बनाई गई प्रचार बस के ऊपर से लोगों तक पानी की बोतलें पहुंचाने की कोशिश की। एम्बुलेंस को भीड़-भाड़ वाली सड़क से होते हुए घटनास्थल तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। विजय ने स्थिति को समझते हुए अपना भाषण निर्धारित समय से पहले ही समाप्त कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, तमिलनाडु के करूर में एक राजनीतिक रैली के दौरान हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं इस कठिन समय में उन्हें शक्ति प्रदान करने की कामना करता हूं। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। शाह ने एक्स पर एक बयान में कहा, तमिलनाडु के करूर में हुई भगदड़ में लोगों की मौत से अत्यंत दुःखी हूं। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उन्हें यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि करूर से मिली जानकारी चिंताजनक है। स्टालिन रविवार को करुर जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## सड़क हादसों में 10 की मौत, 17 घायल

लखनऊ। उन्नाव, हमीरपुर, मिर्जापुर, सीतापुर और अमेठी जिले में हुए सड़क हादसों में दस लोगों की मौत हो गई जबकि 17 अन्य घायल हो गए। हमीरपुर जिले के ललपुरा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक रोडवेज बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। हादसा उजनेड़ी गांव के पास हुआ। हादसे में बस में सवार चरखारी निवासी मुन्ना लाल (50) की मौके पर ही मौत हो गई और 12 अन्य यात्री घायल हो गए। वहीं, उन्नाव जिले में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर शनिवार को एक भीषण सड़क हादसे में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 804 करोड़ की ठगी हुई उजागर, 10 गिरफ्तार

अहमदाबाद। गुजरात पुलिस ने एक अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोह का पदार्फाश किया है, जिसने भारत के नागरिकों को 804 करोड़ रुपये का चूना लगाया। राज्य के गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने शनिवार को यह जानकारी दी। गिरोह के 10 आरोपियों को सूरत से गिरफ्तार किया गया। गिरोह ने दुबई, वियतनाम और कंबोडिया से ऑपरेशन किया और पूरे भारत में नागरिकों को निशाना बनाया। गिरोह आम नागरिकों के बैंक खाते और सिम कार्ड 1.5-2 प्रतिशत कमीशन के लालच में हासिल करता था और उनका दुरुपयोग कर साइबर ठगी करता था। गिरोह ने पूरे देश में 1,549 अपराध किए और 804 करोड़ रुपये की ठगी की।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 33.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- राजधानी में लगे पोस्टर ने खींचा ध्यान (पृष्ठ-02)
- किसानों की उपज को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय बाजार (पृष्ठ-02)
- ऑयल इंडिया ने अंडमान में खोजी प्राकृतिक गैस (पृष्ठ-14)
- एनटीपीसी ने दिया 3,248 करोड़ का लाभांश (पृष्ठ-14)
- एचडीएफसी बैंक ने नये ग्राहक जोड़ने से रोका (पृष्ठ-14)


# दंगाइयों को ऐसा सबक सिखायेंगे कि पीढ़ियां याद रखेंगी : योगी

## यूपी अब 70 हजार करोड़ के सरप्लस रेवेन्यू वाला राज्य

एसपी परिहार



श्रावस्ती। प्रदेश में 'आई लव मुहम्मद' की आड़ में अराजकता के दुष्प्रयोजन के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेहद कड़ा संदेश दिया है। शनिवार को श्रावस्ती में 510 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ लोग हैं जिनको शांति और कल्याण अच्छा नहीं लगता। जब भी कोई हिंदू पर्व और त्यौहार आता है, उनको गर्मी आने लगती है और उनकी गर्मी को शांत करने के लिए हमें डेंटिंग-पेंटिंग का सहारा लेना पड़ता है। अराजकता करने वालों को चंड-मुंड की संज्ञा देते हुए सीएम योगी ने कहा कि जैसे मां भगवती चंड-मुंड को रौंदने का कार्य करती हैं उसी प्रकार समाज के लिए संकट उत्पन्न करने वाले तत्वों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की जाएगी जो कई पीढ़ियों के लिए नजीर बन जाएगी। उन्होंने कहा अराजक तत्वों को दो टूक कहा कि सनातन सभी का सम्मान करता है मगर मूल्यों की अवहेलना करने वालों के लिए स्पष्ट संदेश है कि 'न छूटोगे और न छूट पाओगे'। उन्होंने कहा कि मौलाना भूल गया था कि यहां किसकी सरकार है। ऐसा सबक सिखाएंगे कि पीढ़ियां दंगा करना भूल जाएंगी। साथ ही, सीएम योगी ने 7 अक्तूबर को महर्षि वाल्मीकि के जन्मदिवस पर छुट्टी की घोषणा करते हुए प्रदेश भर के देवालयों में संस्कृति व पर्यटन विभाग के सहयोग रामायण पाठ के आयोजन की बात कही। मुख्यंत्री योगी आदित्यानाथ ने कहा कि इस्लाम में एक ओर कहते हैं हम बुत परस्ती का विरोध करते हैं, ये उनकी फिलॉसफी है। हम तो मूर्ति पूजक हैं साकार और निराकार ब्रह्म की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्र व विजयादशमी का पर्व पर अव्यवस्था पैदा करने वाले चंड-मुंड जैसा कार्य कर रहे हैं जिसे माँ भगवती कभी बर्दाशत करने वाली नहीं है। माँ भगवती तो ऐसे चंड और मुंड को रौंदने का ही कार्य करती है और इसीलिए सभी सनातन धर्मावलंबी मां भगवती दुर्गा की पूजा इसीलिए करते हैं, जिससे शक्ति अर्जित कर सकें। उन्होंने कहा कि उपासना आपका निजी विषय है, अंतःकरण का विषय होना चाहिए। यह ...शेष पृष्ठ 14 पर

## हर कष्ट में पीड़ितों के साथ है सरकार : सीएम

एसपी मिश्र

बहराइच। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को बहराइच दौरे पर पहुंचे। उन्होंने हवाई सर्वेक्षण किया, फिर मानव-वन्यजीव संघर्ष से पीड़ित ग्रामीणों के साथ ग्रामसभा मंझारा, तौकली और कैसरगंज में संवाद किया। मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद हर पीड़ित से मुलाकात की और उनका दर्द जाना। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को फल व राहत सामग्री वितरित की और बच्चों को चॉकलेट भी दिया। मुख्यमंत्री ने पीड़ितों को आश्वस्त किया कि सरकार आपकी हर पीड़ा और कष्ट में साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोशिश की जाए कि भेड़िया पकड़ा जाए। यदि वह पकड़ लिया जाता है तो ठीक, वरना वन विभाग की टीम शूटर बुलाकर उसे मारने की कार्रवाई करे। उससे लोगों को मुक्ति मिलनी चाहिए। सीएम ने पीड़ितों से कहा कि डबल इंजन सरकार आपकी पीड़ा-कष्ट में सदैव खड़ी है। सरकार हरसंभव सहयोग करेगी। सीएम ने प्रशासन से कहा कि घायलों के उपचार की व्यवस्था करें। साथ ही सांसद, विधायक के माध्यम से इनके परिवारों को तत्काल 50-50 हजार रुपये उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सीएम योगी ने कहा कि पिछली बार महसी क्षेत्र इसके आतंक से त्रस्त था। उस समय वहां से छह भेड़ियों को पकड़कर चिड़ियाघर में भेजा गया था। यह आतंक इस बार कैसरगंज में दिख रहा है। यहां के लोगों को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मौलाना तौकीर रजा समेत आठ गिरफ्तार

जिला संवाददाता




बरेली (उप्र)। इत्तेहाद-ए-मिल्लत परिषद के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान और अन्य सात कथित शरारती तत्वों को शुक्रवार को नमाज़ के बाद हुई हिंसक झड़पों की कथित साजिश रचने के आरोप में शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

शनिवार को बरेली के जिलाधिकारी (डीएम) अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने संयुक्त प्रेसवार्ता में बताया कि बरेली में बवाल के मुख्य साजिशकर्ता मौलाना तौकीर रजा समेत आठ उपद्रवियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने तौकीर रजा खान पर शुक्रवार को अपने भड़काऊ भाषण से हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है। एसएसपी ने बताया कि मौलाना तौकीर रजा खान के उकसावे पर युवाओं की भीड़ सड़कों पर उमड़ पड़ी, जिससे खलील तिराहा से लेकर इस्लामिया मैदान तक अराजकता का माहौल बन गया। तौकीर रज़ा खान के साथ गिरफ्तार और जेल भेजे गए सात अन्य लोगों में सरफराज, मनीफुद्दीन, अज़ीम अहमद, मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद आमिर, रेहान और मोहम्मद सरफराज शामिल हैं। न्यायिक हिरासत में भेजे गए आठ लोगों ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आई लव मोहम्मद पर बाराबंकी और मऊ में एलर्ट



बरेली/बाराबंकी/मऊ/वाराणसी (उप्र)। बरेली में आई लव मोहम्मद अभियान को लेकर शुरू हुए विवाद के बाद बाराबंकी और मऊजिलों में भी तनाव बढ़ गया है, ऐसे में पुलिस ने सख्त रवैया अपनाते हुए भारी सुरक्षा बल तैनात किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि बरेली और वाराणसी में माहौल बिगाड़ने के आरोप में आठ-आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को दावा किया ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में ट्रांसफॉर्मिंग फाइनेंशियल लैंडस्केप इन यूपी सेशन को किया संबोधित

# आज आर्थिक तरक्की की मिसाल है यूपी : सुरेश खन्ना

विशेष संवाददाता




ग्रेटर नोएडा/लखनऊ। 2017 से पहले जो यूपी पिछड़ा था, आज आर्थिक तरक्की की मिसाल बन चुका है। अब यूपी सुरक्षा और सुशासन का पर्याय बन चुका है। प्रदेश विकास के पैमाने पर चौतरफा तरक्की कर रहा है। यह बातें उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आयोजित 'ट्रांसफॉर्मिंग फाइनेंशियल लैंडस्केप इन यूपी' में कहीं। कार्यक्रम को प्रदेश के एमएसएमई, खादी और ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान, वित्त विभाग के विशेष सचिव समीर वर्मा, बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य महा प्रबंधक इंदर मोहन सिंह समेत कई अन्य अतिथियों ने संबोधित किया।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के उद्यमियों के लिए एक बेहतरीन प्लेटफार्म है। यह आयोजन किस कदर सफल है, इसका अंदाजा यहां बढ़ रही निवेशकों और उद्यमियों की संख्या से लगाया जा सकता है। वित्त मंत्री ने कहा कि जब से केंद्र में एनडीए और यूपी में योगी सरकार आई है, कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ हुई है और संगठित अपराध खत्म हो चुका है। इसके चलते जो प्रदेश कभी अर्थव्यवस्था और विकास के पैमाने पर पिछड़ा हुआ था वह अब तरक्की की नई इबारत लिख रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिना थके, बिना रुके यूपी के विकास के लिए सतत काम कर रहे हैं। 2017 से पहले यूपी की स्थिति बेहद खराब थी, लेकिन आज पूरी दुनिया में लोग यूपी को बेहतर कानून व्यवस्था और आर्थिक तरक्की के लिए जानते हैं। विदेशी दौरों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां भी लोग कहते हैं कि योगी जैसा नेता चाहिए। वित्त मंत्री ने बताया कि योगी सरकार में यूपी का बजट और उसका आकार लगातार बढ़ा है। 2018 तक बजट का साइज 3 लाख करोड़ तक था जो आज बढ़कर 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक का हो गया है। उन्होंने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति सही होने की वजह से यूपी में विकास की गंगा बह रही है और अब तक 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आ चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निवेशकों की हर संभव मदद कर रही है। उन्होंने बताया कि एफडीआई आकर्षित करने में यूपी देश में अव्वल है और अब तक 3700 करोड़ रुपये का एफडीआई आ चुका है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित राष्ट्र की संकल्पना को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने का परिणाम है। सुरेश खन्ना ने कहा कि जीएसटी में राहत से आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। यूपी का ...शेष पृष्ठ 14 पर

### एमएसएमई सबसे बड़ा रोजगार देने वाला सेक्टर : राकेश सचान

एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश का बजट इस बार अब तक का सबसे बड़ा रहा और योगी जी के नेतृत्व में यूपी लगातार आर्थिक तरक्की कर रहा है। देश की जीडीपी में योगदान के मामले में यूपी का स्थान अब दूसरे नंबर पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 25 करोड़ लोगों के लिए कई योजनाएं चलाई गईं। एक जिला, एक उत्पाद और विश्वकर्मा योजना जैसी योजनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया गया है। उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## स्वदेशी अपनाने से स्थानीय उत्पादों को मिलेगा बढ़ावा

### रोजगार के नये अवसर होंगे सृजित : धामी

प्रमुख संवाददाता

हरिद्वार (उत्तराखंड)। स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित कर देश व प्रदेश की आर्थिकी को सशक्त एवं



आत्मनिर्भर बनाने में योगदान करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी सामान अपनाने से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा, स्वदेशी उत्पादों एवं कामगारों को समर्थन मिलेगा, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी और रोजगार के भी नए अवसर सृजित होंगे। यह बातें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का शनिवार को हरिद्वार के 'हर की पैड़ी' बाजार में 'जीएसटी बचत उत्सव' अभियान में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नकल प्रकरण की जांच के लिए बना आयोग

देहरादून। राज्य सरकार ने स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा-2025 में कथित नकल के आरोपों की जांच के लिए सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति यूसी ध्यानी (उच्च न्यायालय, नैनीताल) की अध्यक्षता में एक एकल सदस्यीय जांच आयोग के गठन की घोषणा की है। यह निर्णय जनहित एवं लोक महत्व को ध्यान में रखते हुए सम्यक विचारोपरांत लिया गया है। बता दें कि 21 सितम्बर 2025 को आयोजित परीक्षा के दौरान नकल की शिकायतें सामने आई थीं। इन आरोपों की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने जांच आयोग अधिनियम, 1952 की धारा 3 के तहत न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। सरकार ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट एवं एडीजी स्कूल की डायरेक्टर देवांशी दास व वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

# अखिलेश दास गुप्ता स्कूल में हर्षोल्लास से मनायी गयी डांडिया नाइट

विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** अखिलेश दास गुप्ता स्कूल में शनिवार को बड़े हर्षोल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ डांडिया नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजना स्वामी द्वारा बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास एवं बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट एवं एडीजी स्कूल की डायरेक्टर देवांशी दास व वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास का हार्दिक स्वागत कर किया गया। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास की गरिमामयी उपस्थिति ने पूरे कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

कार्यक्रम का संचालन कक्षा 7 के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। उन्होंने डांडिया नाइट के महत्व को बताते हुए कार्यक्रम का आरंभ किया। इसके बाद दुर्गा जी की विधिवत पूजा सम्पन्न हुई। जिसने वातावरण को पावन और मंगलमय बना दिया। पूजा के बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला आरंभ हुई। सर्वप्रथम यूकेजी की छात्रा शिवन्या ने अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद कक्षा 1 से कक्षा 7 तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न समूहों में आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। इसी क्रम में प्रारंभिक शिक्षा वर्ग के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी अपनी नृत्य एवं संगीतमय प्रस्तुतियों द्वारा कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी। कार्यक्रम के अंतिम चरण में डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर गरबा और डांडिया का आनंद लिया। पूरे प्रांगण में उमंग, ऊर्जा और सांस्कृतिक परंपरा की अनुपम छटा बिखरी रही। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा और जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनेक प्रेरणादायक विचार साझा किये। उन्होंने कहा कि सफलता का मार्ग शिक्षा, अनुशासन और निरंतर प्रयास से होकर गुजरता है। आप सभी विद्यार्थी अपने सपनों को साकार करने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होने के मार्ग दिखाये और उन्हें परिश्रम व ईमानदारी से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

इसी क्रम में निर्देशिका ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें ऐसी गतिविधियों में भी सक्रिय रहना चाहिए। दोनों ही अतिथियों ने डांडिया नाइट की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने का सशक्त माध्यम हैं।

अंत में प्रधानाचार्या ने सभी विद्यार्थियों को उनकी शानदार प्रस्तुतियों के लिए तथा समस्त शिक्षकगणों को उनके सहयोग और सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा प्रदर्शन और सांस्कृतिक एकता का अद्भुत उदाहरण बना।












# भारत आज तकनीक व डिजिटल क्रांति का वैश्विक लीडर बन चुका है : योगी

## पीएम मोदी ने उड़ीसा से स्वदेशीबीएसएनएल 4 जी नेटवर्क का किया उद्घाटन ,देश भर से सभी मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के मंत्री और अधिकारीगणों की रही ऑनलाइन मौजूदगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया भारत दुनिया के सामने आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। भारत न तो किसी की गीदड़ भभकी से डरेगा और न ही किसी दबाव के सामने झुकेगा। आज भारत तकनीक का पिछलग्गू नहीं, बल्कि डिजिटल क्रांति का लीडर बनकर उभरा है।

- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित**
- **हमने बीएसएनएल की सेवाओं को प्रदेश के हर ग्राम पंचायतों के साथ जोड़ दिया**

सीएम योगी शनिवार को स्वदेशी तकनीक पर आधारित बीएसएनएल 4 जी नेटवर्क और भारत नेट परियोजना के ऑनलाइन उद्घाटन के अवसर पर लखनऊ में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उड़ीसा में एक विशेष कार्यक्रम के तहत स्वदेशी BSNL 4G नेटवर्क' का उद्घाटन किया, जिसमें देश भर से सभी मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के मंत्री और अधिकारीगण ऑनलाइन मौजूद रहे।

सीएम योगी ने कहा कि भारत नेट के स्वदेशी 4जी इंफ्रास्ट्रक्चर डिजिटल क्रांति को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने पीएम मोदी और बीएसएनएल परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। सीएम योगी ने बताया कि 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने हर ग्राम पंचायत को ऑप्टिकल फाइबर और नेटवर्किंग से जोड़ने का संकल्प लिया था, जो भारत नेट ने साकार किया। अब ग्राम सचिवालयों में आय, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे रोजगार सृजन और बैंकिंग सेवाएं ग्रामीण स्तर पर पहुंची हैं। बीसी सखियों के जरिए 100 करोड़ से अधिक का लाभांश ग्रामीणों तक पहुंचा है। बीएसएनएल के 4G वर्क को दूर-दराज के क्षेत्रों, खासकर नक्सल प्रभावित चंदौली, सोनभद्र और चित्रकूट में क्रांति लाने वाला है। आने वाले समय में 5G और 6G की भी तैयारी है। सीएम ने कहा कि संप्रभु राष्ट्र के लिए स्वदेशी सेना, स्वतंत्र विदेश नीति, स्वदेशी तकनीक और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण जरूरी है, जो नए भारत में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत की सेना को विश्व की शक्तिशाली सेनाओं में शामिल है। यहां का आकाश, ब्रह्मोस मिसाइल, ड्रोन, रोबोटिक्स में हासिल की गई उपलब्धियां विकसित भारत की पहचान बनी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत मैत्री भाव से विश्व के साथ चलेगा, लेकिन किसी के दबाव में नहीं झुकेगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में यह संदेश हर मंच से दिया गया है।

**सभी सरकारी योजनाओं में डिजिटल पेमेंट को मिल रही प्राथमिकता :** सीएम ने बीते दौर की कठिनाइयों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले पेंशन के लिए लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिसमें आधा पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था। अब डीबीटी के जरिए 1 करोड़ निराश्रित महिलाओं, वृद्धों और दिव्यांगों को सालाना 12,000 रुपये की पेंशन सीधे खाते में मिलती है।




# हर धर्मात्मा को सज्जनों का संरक्षण व दुर्जनों को समाप्त करना होगाः सीएम

**श्रावस्ती/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माहौल बिगाड़ने वालों को आईना दिखाया और कहा कि यह उन लोगों के लिए कल्पना है, जिन्होंने कभी शांति व संयम का परिचय नहीं दिया। जिन लोगों के पास थोड़ा सा वैभव आया तो उनकी गर्मी सामने आने लगती है और वे लोगों की शांति को छीनने का प्रयास करते हैं। उत्सव, उत्साह व उमंग के माहौल में व्यवधान पैदा करके व्यवस्था को कैद कर देना चाहते हैं, जबकि हमारे यहां राम व कृष्ण का उपदेश एक ही है।

जब राक्षसों का आतंक छा रहा था, तब भगवान राम ने अपनी भुजाओं को उठाकर प्रण किया कि धरती को राक्षस विहीन कर दूंगा। भगवान श्रीकृष्ण ने भी कहा था कि हर धर्मात्मा को सज्जन शक्ति का संरक्षण व दुर्जन शक्ति को समाप्त करना होगा, तब सृष्टि की व्यवस्था आगे बढ़ेगी। सज्जन शक्ति महापुरुषों की वाणी, धर्म और लोककल्याण के पथ पर खुद को अग्रसर करके कार्य कर रही है और दुर्जन शक्ति दूसरों को चैन से नहीं बैठने देती। अत्याचार, शोषण करना चाहती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को दिगंबर जैन मंदिर परिसर में नवनिर्मित मंदिर का लोकार्पण किया। फिर दर्शन-पूजन, आरती कर मंदिर का

- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रावस्ती में दिगंबर जैन मंदिर परिसर में नवनिर्मित मंदिर का किया लोकार्पण**
- **बोले- संयम व तप से उपजी सिद्धि पर आधारित है जैन परंपरा**

भ्रमण करते हुए भगवान ऋषभ देव से चली भगवान महावीर तक की 24 जैन तीर्थंकरों की परंपरा को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या के पहले राजा भगवान ऋषभ देव हुए। इस परंपरा में कई पीढ़ियों बाद भगवान श्रीराम का जन्म हुआ। गंगा मैया को धरती पर लाने वाले महाराज भगीरथ और परम गोभक्त महाराज दिलीप भी इसी परंपरा में पैदा हुए। भगवान राम के बड़े पुत्र लव ने श्रावस्ती को राजधानी बनाकर इस क्षेत्र को नई गति दी थी। सीएम ने कहा कि नए भारत का नया उत्तर प्रदेश अत्याचार, अनाचार, दुराचार, शोषण व उपद्रव को बर्दाश्त नहीं करता है। यूपी अब उपद्रव की नहीं, उत्सव की भूमि बन गई है। सरकार हर नागरिक को सम्मान व सुरक्षा की गारंटी दे रही है, क्योंकि यह सरकार का नैतिक दायित्व है। सरकार विरासत को बढ़ाएगी, लेकिन सुरक्षा में सेंध लगाने वालों से सख्ती से भी निपटेगी।

# राजधानी में लगे पोस्टर ने खींचा ध्यान, राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय

## आई लव मोहम्मद के बाद भाजपा नेता ने लगाये आई लव योगी आदित्यनाथ' और 'आई लव बुलडोजर' की होर्डिंग्स

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में इन दिनों 'आई लव मोहम्मद' मामला तूल पकड़ रहा है। कई शहरों से इसको लेकर प्रदर्शन की खबरें सामने आ रही हैं। इसी बीच भाजपा युवा मोर्चा के नेता द्वारा राजधानी लखनऊ में कई जगह 'आई लव योगी आदित्यनाथ' और 'आई लव बुलडोजर' की होर्डिंग्स लगायी गयी हैं। यह होर्डिंग्स भाजपा युवा मोर्चा, लखनऊ के महासचिव अमित त्रिपाठी की तरफ से लगाई गई हैं। इसकी तस्वीरें सामने आईं तो सूबे में राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गयीं।

दरअसल, विवाद की शुरूआत 9 सितंबर को हुई थी, जब कानपुर में बारावफात जुलूस के दौरान सार्वजनिक मार्ग पर 'आई लव मोहम्मद' लिखे बोर्ड लगाये गये। इस पर पुलिस ने नौ नामजद और 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। मामले ने तूल पकड़ते हुए एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी तक का ध्यान खींचा, जिन्होंने कहा था कि 'आई लव मोहम्मद' कहना कोई अपराध नहीं है। धीरे-धीरे यह विवाद उत्तर प्रदेश के कई जिलों से निकलकर उत्तराखंड और कर्नाटक तक फैल गया, जहां विरोध-प्रदर्शन और पुलिस की सख्ती देखने को मिली। इस पर मुख्य रूप से बीते शुक्रवार को बरेली में बढ़ा विवाद हुआ, जिसके चलते प्रदेश का सियासी पारा आसमान पर चढ़ गया।

इसके बाद अब आई लव योगी आदित्यनाथ और आई लव बुलडोजर के पोस्टर से सभी का ध्यान खींचा और इस पर लोग अपनी अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं।




# किसानों की उपज को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय बाजार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत सरकार द्वारा भारत मंडपम, प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में प्रदेश के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ। इस अवसर पर लुलु ग्रुप और उत्कृष्ट कृषि प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के बीच निर्यात योग्य फल एवं सब्जियों की आपूर्ति के लिए एमओयू साइन किया गया।

- **वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में लुलु ग्रुप और उत्कृष्ट प्रोड्यूसर कंपनी के बीच एमओयू**

इस एमओयू के अंतर्गत लुलु ग्रुप ने प्रदेश के किसानों से गुणवत्तापूर्ण फल एवं सब्जियों की खरीद पर सहमति जताई है, जिन्हें सऊदी अरब, दुबई, कतर, ओमान सहित खाड़ी देशों में निर्यात किया जाएगा। समारोह में एपीडा के अध्यक्ष अभिषेक देव, इंस्पेक्टर जनरल ऑफ फॉरेस्ट कृष्ण बहादुर सिंह तथा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की विशेष सचिव प्रेरणा शर्मा उपस्थित रहीं। बता दें कि उत्कृष्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा किसानों को आईपीएम (एकीकृत कीट प्रबंधन) के अंतर्गत सतत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में भारत सरकार के रीजनल सेंट्रल इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट सेंटर, लखनऊ का सहयोग लिया जा रहा है। अब तक हरदोई जिले में 550, लखनऊ में 250, बाराबंकी में 150 और सीतापुर में 60 किसानों को खेतों पर ही प्रशिक्षण दिया जा चुका है।




# प्रदेश का किसान खाद संकट से जूझ रहा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश का किसान खाद संकट से जूझ रहा है। खाद की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। प्रदेश में खाद को लेकर हाहाकार है। खाद के लिए किसानों को लगातार लाइन लगानी पड़ रही है।

- **अखिलेश यादव ने कहा भाजपा नौ साल से किसानों से झूठे वादे करती रही है**

कई जिलों की सहकारी समितियों में खाद नहीं है। किसानों को पिछले साल न गेहूं की फसल के लिए यूरिया, डीएपी मिली और न धान के लिए खाद मिली, अब आलू और चना-मटर, सरसों के लिए खाद नहीं मिल रही है। खाद के लिए लाइनों में लगे किसानों की तबियत बिगड़ रही है। भाजपा किसान विरोधी है। खाद के लिए किसी की जान चली जाय और सरकार कुछ न करे। यह संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा आगरा के अकोला सहकारी समिति पर खाद के लिए तीन दिन से गोदाम के चक्कर लगा रहे किसान की लाइन में तबियत बिगड़ गयी, बाद में मौत हो गयी। इससे पहले भी किसानों की साथ इस तरह की घटना हो चुकी है। भाजपा सरकार में बड़े पैमाने पर खाद की कालाबाजारी हो रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों को खाद, बीज, बिजली उपलब्ध कराने में विफल है। अखिलेश यादव ने कहा भाजपा नौ साल से किसानों से झूठे वादे करती रही है। इसने किसानों को बर्बाद कर दिया। भाजपा सरकार में किसानों को लगातार धोखा मिल रहा है। इस सरकार से किसान हर तरह से पीड़ित और प्रताड़ित है। एक तरफ किसान को खाद, बिजली और अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही है। वहीं दूसरी तरफ जंगली जानवरों के हमलों से किसानों, गरीबों में दहशत का माहौल है। बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत समेत अन्य कई जिलों में जंगली जानवर लगातार किसानों और गरीबों पर हमला कर जान ले रहे है। बच्चों को अपना निवाला बना रहे है। गरीब और किसान बेबस है। भाजपा सरकार की अकर्मण्यता से जनता में भारी आक्रोश है। भाजपा सरकार लोगों को सुरक्षा देने में असफल है।



## केशव मौर्य ने अशोक सिंघल की जयंती पर किया याद



**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अपने सरकारी आवास पर अशोक सिंघल की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीरामजन्मभूमि मंदिर आंदोलन के अशोक सिंघल की जयंती पर उन्होंने कहा कि अशोक सिंघल जैसे विराट व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति इस धरती पर युगों में आते हैं और एक जन्म में ही सौ जन्मों से अधिक काम कर जाते हैं। उन्होंने कहा कि वे उनकी जयंती पर बार बार नमन करते हैं। अशोक सिंघल की प्रेरणादायी सुकृत्य हम सभी के लिए सदैव मार्गदर्शक बने रहेंगे।

# नवरात्र का पर्व हमें नारी शक्ति के सम्मान की देता हैं प्रेरणा : अनिल दुबे

## रालोद के राष्ट्रीय महासचिव ने आदि शक्ति मां पूर्वी देवी मंदिर प्रांगण में मेले का किया शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/उन्नाव।** रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने शनिवार को ग्राम सरवइया जिला उन्नाव स्थित आदि शक्ति मां पूर्वी देवी मंदिर प्रांगण में दर्शन पूजन कर मेले का शुभारंभ किया। इस शुभ अवसर पर आयोजित महोत्सव को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए अनिल दुबे ने सभी को नवरात्र के पावन पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजनों से समाज में आपसी सौहार्द बढ़ता है और इसे बरकरार रखने की आज सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि नवरात्र का पर्व हमें नारी शक्ति के सम्मान की तथा अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय चौधरी, जिला पंचायत उन्नाव के पूर्व उपाध्यक्ष बालेंद्र प्रताप सिंह, शिव सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह, अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के सदस्य रमेश तूफानी, केके शुक्ला, भाजपा नेता केडी त्रिवेदी, वरिष्ठ समाज सेवी जयकरण सिंह, प्रदीप तिवारी, विक्की रस्तोगी, व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे। मेले का आयोजन सतीश त्रिपाठी द्वारा किया गया। मेले में राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।




## सैकड़ों लोगों ने ली रालोद की सदस्यता

**लखनऊ।** उन्नाव के पुरवा में सैकड़ों लोगों ने रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे के समक्ष रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए रालोद की सदस्यता ग्रहण की। सभी को राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने गमछा पहना कर सम्मानित किया।

संक्षेप

## करंट से वृद्ध की मौत पर दर्ज हुआ केस

**प्रतापगढ़।** खेत में लगाये गये करंट की चपेट में आने से वृद्ध की हुई मौत को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे पड़वरियन अगई गांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चौबीस सितंबर को सुबह पांच बजे उसके भाई प्रभुदत्त पाण्डेय 65 शौच के लिए गये थे। गांव के ही रामबरन विश्वकर्मा पुत्र राधेश्याम विश्वकर्मा द्वारा खेत में लगाए गए बाड़ में दौड़ रहे विद्युत करंट की चपेट में आ गये। जिससे प्रभुदत्त की मौके पर ही मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी रामबरन विश्वकर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## महिला की पिटाई का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** महिला के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। निहाल सिंह का पुरवा चाहिन गांव की निर्मला देवी पत्नी तेजभान यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस सितंबर को दोपहर करीब दो बजे गांव के मंगरू प्रजापति पुत्र नाथूराम प्रजापति ने गाली देते हुए उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## करंट से दो मवेशी की मौत का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** खेत में लगाए गए बाड़ में दौड रहे करंट लगने से दो मवेशी की मौत तथा एक व्यक्ति के घायल होने को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पण्डित का पुरवा गांव निवासी भोलानाथ पुत्र रामकरन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस सितंबर को सुबह साढे चार बजे उसका भाई फूल तोडने गया था। पीडित का आरोप है कि इसी दौरान गांव के रामसुंदर द्वारा खेत में लगाए गए बाड में उतरे करंट की चपेट मे आने से घायल हो गया। वही करंट की चपेट में आने से दो मवेशी की भी मौत हो गयी। पीडित ने मामले मे आरोपी से पूछतांछ की तो आरोपी व उसकी पुत्री तारावती गाली व धमकी देते हुए मारपीट पर आमदा हो गये। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पांच शिकायतों का हुआ निस्तारण

प्रतापगढ़। थाना समाधान दिवस पर शनिवार को लालगंज कोतवाली में एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व सीओ आशुतोष मिश्र ने फरियादियों की शिकायतों की सुनवाई की। समाधान दिवस में कुल सोलह शिकायतें आयीं। जिसमें से मात्र एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया जा सका। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने शिकायतों के समाधान में पारदर्शिता से कार्य करने के कड़े निर्देश दिये। वहीं सीओ आशुतोष मिश्र ने लंबित शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये हैं। समाधान दिवस का संयोजन प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने किया। वही सांगीपुर मे एसओ मनीष त्रिपाठी ने शिकायते सुनी। यहां कुल पन्द्रह शिकायतो मे तीन का निस्तारण हुआ। लीलापुर मे कुल तीन शिकायते आयी जिसमे से प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय ने एक शिकायत का निस्तारण कराया।

# मिशन शक्ति 5.0 श्रावस्ती पुलिस का जागरूकता अभियान




**श्रावस्ती।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन के मार्गदर्शन तथा पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में प्रदेश भर में मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के नेतृत्व में जनपद श्रावस्ती में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मिशन शक्ति टीमों ने स्कूलों, कॉलेजों, बैंकों, सार्वजनिक स्थलों एवं ग्राम्य क्षेत्रों में जाकर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए। इन कार्यक्रमों में छात्राओं, महिलाओं और बालिकाओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नम्बरों (112, 1090, 181, 102/108, 1098, 1076, 1930 आदि), शासन की कल्याणकारी योजनाओं, मिशन शक्ति केन्द्र तथा कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पम्पलेट वितरित कर सुरक्षा संबंधी सुझाव भी उपलब्ध कराए गए।

थाना नवीन मॉडर्न पुलिस ने रमावपुर चौकी पर पीएम श्री विद्यालय विशुनापुर की छात्राओं व उनके अभिभावकों को मिशन शक्ति केंद्र व पुलिस कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए साइबर सुरक्षा, यौन उत्पीड़न रोकथाम व आत्मरक्षा के उपाय बताए। थाना सोनवा मिशन शक्ति केंद्र टीम ने बाबा गुरूमुरत दास इंटर कॉलेज शाहपुर कठौतिया व ग्राम बड़देहरा में छात्राओं व महिलाओं को मिशन शक्ति की उपयोगिता से अवगत कराया। थाना इकौना मिशन शक्ति केंद्र टीम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को मिशन शक्ति केंद्र, पुलिस कार्यप्रणाली और सुरक्षा अधिकारों की जानकारी दी। थाना हरदत्त नगर गिरन्ट पुलिस ने कम्पोजिट विद्यालय महरू मूर्तिहा की छात्राओं को पुलिस चौकी बदला पर मिशन शक्ति केंद्र, नारी सुरक्षा व कानूनी सहायता संबंधी जानकारी प्रदान की। इसी क्रम में अन्य थानों की मिशन शक्ति टीमों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों के स्कूलों, कॉलेजों, कस्बों, बाजारों व धार्मिक स्थलों पर जाकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया तथा पम्पलेट वितरित किए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मिशन शक्ति 5.0 केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज में नारी शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलम्बन को स्थापित करने का ठोस कदम है। चौपालों व जनसंवादों के माध्यम से श्रावस्ती पुलिस ने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी महिला या बालिका अपने अधिकारों से अज्ञानवश वंचित न रहे और जरूरत पड़ने पर त्वरित सहायता प्राप्त कर सके।

## गांधी जयंती को लेकर बैठक संपन्न

**सिद्धार्थनगर।** गांधी जयंती को सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु एडीएम गौरव श्रीवास्तव की अध्यक्षता व एसडीएम बांसी निखिल चक्रवर्ती के उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुआ। 2 अक्टूबर गांधी जयंती सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने तथा इस अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय किये जाने हेतु एडीएम (वि/रा) गौरव श्रीवास्तव की अध्यक्षता व उपजिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती के उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम (वि/रा) गौरव श्रीवास्तव ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए बताया कि 2 अक्टूबर गांधी जयन्ती समारोह को सादगी एवं सम्मानपूर्वक आयोजित किया जायेगा। 01 अक्टूबर 2025 को सभी सरकारी भवनों, चौराहों पर लगे मूर्तियों एवं स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के स्तम्भों की सफाई व्यवस्था सम्बन्धित नगरपालिका/नगर पंचायत के अधि अधिकारी द्वारा कराये जाने का निर्देश दिया गया। एडीएम ने बताया कि 2 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। कार्यालयों तथा विद्यालयों तथा अन्य संस्थानों के हाल में विभागाध्यक्ष द्वारा महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया जायेगा तथा उनके जीवन से सम्बन्धित जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के सम्बन्ध में जानकारी दी जायेगी। समस्त एसडीएम/बीडीओ एंव समस्त जिला स्तरीय अधिकारी गण अपने-अपने कार्यालयों के साफ-सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करायेंगे। क्रीड़ा स्टेडियम में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

## मंच से योगी को जान से मारने की धमकी मामला, पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने दर्ज कराई शिकायत

**सिद्धार्थनगर।** महाराष्ट्र के बीड जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सिद्धार्थनगर जिले के डुमरियागंज के पूर्व भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, ह्लआई लव मोहम्मदह्व नामक कार्यक्रम के दौरान मंच से एक मौलाना ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ माजलगांव की मुस्तफा मस्जिद आएँ, तो उन्हें वहीं दफना दिया जाएगा। यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिससे देशभर में आक्रोश फैल गया। राघवेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को अपने समर्थकों के साथ डुमरियागंज थाने जाकर मौलाना के खिलाफ शिकायत दी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भीड़ के सामने ऐसी धमकी देना मुख्यमंत्री का अपमान और सनातन समाज पर हमला है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत बीसी सखियों व मनरेगा महिलाओं को किया जागरूक



**प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लक्ष्मणपुर मे मिशन शक्ति अभियान के तहत बीसी सखियों को महिलाओ के अधिकार व सुरक्षा तथा सम्मान को लेकर जागरूक किया गया। खण्ड विकास अधिकारी सत्यदेव यादव ने बीसी सखियों से कहा कि वह महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा तथा सम्मान के प्रति खुद भी सजग रहें और गांव में महिलाओं को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम का संयोजन बीएमएम रवि प्रसाद तिवारी ने किया। इस मौके पर सुनीता सरोज, प्रभा देवी, कंचन, उर्मिला, अनुराधा, बिटटन देवी, गीता देवी, संगीता पटेल आदि बीसी सखी मौजूद रहीं। इधर लालगंज के पिचूरा में हुए मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत मनरेगा महिलाओं को आर्थिक सशक्तीकरण हेतु जागरूक किया गया। मनरेंगा के तहत महिला सहभागिता बढ़ाने, आजीविका संवर्धन, आत्म निर्भर बनाने के प्रति जागरूक किया गया। बीडीओ मानवेंद्र शर्मा ने अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक किया। इस मौके पर रमेश सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## दहेज उत्पीड़न को लेकर ससुरालीजनों पर केस

**प्रतापगढ़।** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को मिल रही प्रताडना पर पुलिस ने ससुरालीजनो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के चकौडिया अझारा गांव निवासी अनिल कुमार पाण्डेय पुत्र उमाशंकर पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसकी पुत्री प्रतीक्षा का विवाह बाइस फरवरी 2023 को सांगीपुर थाना के नवाबाद झाल गांव निवासी अतुल मिश्र पुत्र ओमप्रकाश मिश्र उर्फ राजेन्द्र के साथ हुआ। पीडित का आरोप है कि विवाह के बाद से ही दस लाख रुपए की मांग को लेकर ससुरालीजन उसकी बेटी प्रतीक्षा को प्रताडित करने लगे। मामले मे पंचायत के बाद पीडित द्वारा पांच लाख रुपए दिया गया। इसके बाद विवाहिता ससुराल गई लेकिन कुछ दिन बाद से ससुरालीजन फिर प्रताडित करने लगे। पीड़ित का यह भी आरोप है कि ससुरालीजनो ने पीडित की पुत्री को दहेज मे पांच लाख न मिलने पर बीती बारह मई 2024 को मारपीट कर धमकी देते हुए घर से निकाल दिया। काफी प्रयास के बाद रिश्ते सामान्य न होने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि मामले मे ससुर ओमप्रकाश उर्फ राजेन्द्र, सास कुन्ता मिश्रा, ननद प्रीती तिवारी तथा ननद के पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## तीसरे दिन भी मरीजों से खून के नमूने लिये

**ऊसराहार, इटावा।** पुरैला गांव में स्वास्थ्य विभाग ने तीसरे दिन फिर कैंप लगाकर 24 मरीजों के खून के नमूने लिए अबतक 90 मरीजो की जांच रिपोर्ट आई है संतोषजनक बात यह है इसमे डैंगू किसी को नही पाया गया है। बुखार की चपेट में आए पुरैला गांव में स्वास्थ्य विभाग लगातार कैंप लगाकर मरीजों का इलाज कर रहा है। शनिवार को अधीक्षक डॉ. अजय कुमार विक्रम ने अपनी टीम के साथ गांव पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस दौरान करीब 24 लोगों के खून के नमूने लिए गए, वहीं 46 से अधिक मरीजों को दवाएं वितरित की गईं। अधीक्षक ने बताया कि शुक्रवार को लिए गए करीब 40 खून के नमूनों की जांच की रिपोर्ट मरीजो को वितरित की गई राहत की बात यह है कि मरीजों की संख्या में धीरे-धीरे कमी आ रही है। डॉ. अजय कुमार विक्रम ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि लोग साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, स्वच्छ कपड़े पहनें और झोलाछाप डॉक्टरों से बचें। उन्होंने कहा कि शुरूआती लापरवाही गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है, इसलिए सभी लोग केवल सरकारी या पंजीकृत चिकित्सकों से ही इलाज कराएं। स्वास्थ्य टीम ने गांव में घर-घर जाकर भी मरीजों की स्थिति का आकलन किया और दवाओं का वितरण किया।

वहीं, एसडीएम श्वेता मिश्रा के निर्देश पर शनिवार को तीसरे दिन पंचायत विभाग की टीम भी पुरैला पहुंची। टीम ने गांव के गली-मोहल्लों में फोगिंग कराई और एंटी लार्वा का छिड़काव किया, ताकि मच्छरों के प्रकोप को कम किया जा सके। अधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई तब तक जारी रहेगी जब तक गांव पूरी तरह सुरक्षित नहीं हो जाता। ग्रामीणों को भी जागरूक किया गया कि वे अपने घरों और आस-पास पानी का जमाव न होने दें और नियमित सफाई करें। गांव में पिछले एक सप्ताह से बुखार के मामलों ने चिंता बढ़ा दी थी। कई लोग चारपाइयों पर बीमार पड़े हुए थे और हालात बिगड़ने पर स्वास्थ्य विभाग सक्रिय अब लगातार स्वास्थ्य शिविर और सफाई अभियान से सुधार हुआ है।सीएचसी अधीक्षक अजय विक्रम ने बताया अबतक लगभग 45 मरीजो की डैंगू के लिए रैपिट किट से जांच की गई है जिसमे किसी को भी डैंगू नही मिला है कुछ डैंगू की जांच आरटीपीसीआर से भी कराई गई है।

# डीएम ने थाना समाधान दिवस पर सुनी फरियाद



**सिद्धार्थनगर।** डीएम डॉ. राजा गणपति आर 0 की अध्यक्षता में थाना सिद्धार्थनगर में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गत शनिवार थाना समाधान दिवस के अवसर पर डीएम ने फरियादियों के शिकायतों/ समस्याओं को डीएम ने सुनवाई किया। ज्यादातर प्रकरण भूमि विवाद एवं नाली से संबधित था। जिलाधिकारी ने सम्बंधित राजस्व निरीक्षको को निर्देश दिया कि भूमि विवाद, वरासत, बंटवारा आदि के जो प्रकरण हैं उनका मौके पर जाकर सही ढंग से निस्तारण करायें। किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि आज और कल मौके पर जाकर नाली का विवाद, चकमार्ग का विवाद व जमीन बटवारा व अवैध कब्जा/पट्टा प्रकरणो को ग्रामवासियों का बयान लेकर निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल के साथ मौके पर जाये। अधिकतम प्रकरणो को निस्तारण कराकर ही लौटे, प्रकरण लम्बित कदापि न रखा जाये। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक मार्ग पर अवैध रूप से कब्जा किया है तो उसके विरूद्ध हल्का लेखपाल मुकदमा दर्ज कराये। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में आये सभी शिकायतकताओं से अपील करते हुए कहा कि आपस में मिलकर रहे। किसी प्रकार का लड़ाई-झगड़ा न करे। जो भी प्रकरण आये है उसका निस्तारण मौके पर जाकर राजस्व के अधिकारी/कर्मचारी करायेंगे। इस दौरान तहसीलदार नौगढ़ देवेंद्र मणि, थानाध्यक्ष सिद्धार्थनगर राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गुमशुदा तीन बच्चे 4 घंटे में बरामद

**सिद्धार्थनगर।** जिले की शिवनगर डिड़ई पुलिस ने संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए गुमशुदा हुए तीन बच्चों को मात्र चार घंटे में सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया। इस त्वरित कार्रवाई से परिवार की आंखों में आंसू आ गए और गांव में राहत का माहौल बन गया। कोटिया गड़ौरी गांव निवासी शिवानंद तिवारी के तीन बच्चे झ प्रतिमा तिवारी, आयुष तिवारी और आर्यन तिवारी अचानक लापता हो गए थे। बच्चों के गायब होने से परिवार में हड़कंप मच गया। घबराए परिजनों ने तत्काल थाना शिवनगर डिड़ई में सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम हरकत में आ गई। टीम ने इलाके में गहन तलाश अभियान शुरू किया। आरक्षी शनि यादव और आरक्षी जयसिंह चौहान भी इस अभियान में शामिल रहे। लगातार खोजबीन के बाद पुलिस ने मात्र चार घंटे के भीतर तीनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया।

## फिरौती वसूली में कार्रवाई नहीं कर रही पुलिस, एसपी से फरियाद

**प्रतापगढ़।** नाबालिग पुत्री को गैर समुदाय के आरोपी युवक द्वारा बंधक बनाकर फिरौती वसूलने के मामले मे कार्रवाई न होने पर पीडित ने एसपी से फरियाद की है। सांगीपुर थाना के मुरैनी निवासी लल्लन वर्मा पुत्र स्व0 छेदीलाल ने दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी पन्द्रह वर्षीया नाबालिग पुत्री को बीती चार सितंबर को दिन में लीलापुर थाने के एक गांव का आरोपित बहला फुसलाकर भगा ले गया। जानकारी होने पर पीड़ित ने सांगीपुर पुलिस को घटना के बाबत तहरीर सौपी है। इस बीच पीडित किसी तरह अपनी पुत्री को घर ले आया। आरोपी द्वारा पीड़ित की पुत्री को बंधक बनाने के दौरान उसके पुत्र के फोन पर फिरौती की मांग की गयी। डरे सहमे पीडित के पुत्र ने दस सितंबर को आरोपी द्वारा भेजे गये क्यूआरकोड पर बावन हजार रुपए भेज दिया। पीड़ित का कहना है कि आरोपी द्वारा लड़की तथा परिजनों को जानमाल की धमकी दी गयी। इस मामले को लेकर पीडित के मुताबिक उसने सांगीपुर पुलिस को तहरीर सौपी है। पीडित का कहना है कि सांगीपुर पुलिस कार्रवाई नही कर रही है। पीडित ने पूरे मामले में इंसाफ के लिए जिले के एसपी से फरियाद की है।

# सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी अनुचित : प्रमोद तिवारी



**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने लददाख मे जलवायु कार्यकर्ता एवं पर्यावरणविद सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को अनुचित करार दिया है। उन्होने कहा कि लददाख संवेदनशील राज्य है और गलवान घाटी के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि अभी भी चीन के साथ भारतीय सैन्य अधिकारियों के द्वारा इस सीमावर्ती क्षेत्र में कुछ चौकियों पर गश्त को लेकर वार्ता चल रही है। उन्होने कहा कि देश के एक और संवेदनशील राज्य मणिपुर में भी हिंसा का माहौल थम नहीं पा रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा को यह अच्छी तरह समझना होगा कि लददाख में उसके प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के झूठे वायदों से ही वहां अविश्वास का माहौल बना है। उन्होने कहा कि सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होने कहा कि इस प्रकार की बेतुकी कार्रवाई से लददाख के लोगों में मोदी सरकार के प्रति विश्वास की कमी में और बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने कहा कि वांगचुक पर्यावरणविद हैं और वह ऐसे परिवार से आते हैं जिसके द्वारा देश की सुरक्षा को लेकर कई साहसिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जा चुका है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि वांगचुक को कठोर कानून के तहत अनावश्यक गिरफ्तार कर उन्हें लददाख से दूर राजस्थान के जोधपुर में भेजा जाना भी मोदी सरकार का गैरजिम्मेदाराना चेहरा उजागर कर गया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अधिकारों की आवाज उठाने पर रासुका की कार्रवाई भाजपा के तानाशाही की आदतन कार्रवाईयों की यह शर्मनाक पराकाष्ठा है। वहीं कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने उत्तर-प्रदेश में जातिगत रोक के सरकार के निर्णय पर मंत्रियों की बयानबाजी को भी लेकर निशाना साधा है। उन्होने कहा कि निषाद पार्टी के मुखिया व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद मंत्रिमण्डल में रहते हुए भी सरकार के फैसले की खुली मुखालफत कर रहे हैं। उन्होने कहा कि मंत्री संजय निषाद भाजपा को सरकार में रहते हुए लोक सभा चुनाव में तैंतालिस सीटों के नुकसान का उदाहरण देते हुए इस फैसले को लेकर और सियासी नुकसान होने की डरावनी तस्वीर भी उसके सामने रख रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश के एक और कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल भी सीतापुर में बीएसए व शिक्षक के बीच हुए विवाद को लेकर सरकार की घेराबंदी कर रहे हैं। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि इन दोनों मंत्रियों का आचरण संविधान में मंत्रिमण्डल के सामूहिक उत्तरदायित्व के विपरीत है। उन्होंनें कहा कि इन मंत्रियों को नैतिकता के आधार पर मंत्री पद से त्याग पत्र देकर सरकार के फैसले का विरोध करना चाहिए। उन्होने कहा कि बिना त्याग पत्र दिये मंत्रियों का इस प्रकार के गुमराहवादी बयान से प्रदेश की जनता गुमराह होने वाली नहीं है। उन्होनें कहा कि सरकार के दो मंत्रियों का खुद की सरकार के निर्णय के खिलाफ मीडिया में विरोध जताना साबित करता है कि एनडीए अर्न्तकलह से जूझ रही है। बरेली में हुए उपद्रव को लेकर भी प्रमोद तिवारी ने प्रदेश की खुफिया विफलता को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होने कहा कि जुमां के दिन नमाज होने के बाद भी सरकार की खुफिया एजेन्सी यदि सतर्क होती तब इस प्रकार की अनचाही घटना सामने न आती।

## बाइक सवार को पीटा

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** भांजे को स्कूल छोड़कर हस्र वापस लौट रहे बाइक सवार युवक को घात लगाकर बैठे गाँव के ही एक युवक ने लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित युवक ने मामले की लिखित शिकायत थाने पर दी है। शनिवार की सुबह करीब 07:30 बजे थाना क्षेत्र के बेसना भैरोपुर निवासी में विकास सोनी अपने भांजे को स्कूल छोड़कर बाइक से घर वापस लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते मे पहले से घात लगाकर बैठे प्रिंस वर्मा पुत्र कृष्ण कुमार उर्फ बुद्धू ने अचानक लाठिव डंडे से विकास को पीटने लगा। वह अपने साथ धारदार हथियार व तमंचा भी लिए हुए था। शोर मचाने पर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब तक आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित विकास सोनी ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस को दी है। थानाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि पीड़ित ककी तहरीर मिली है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सुलतानपुर की बेटियों ने किया शानदार प्रदर्शन




**सुलतानपुर (वीओएल)।** लखनऊ के के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित 69वीं प्रदेश स्तरीय बालिका विद्यालयीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता (24 से 26 सितम्बर) में सुलतानपुर की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। अंडर-19 सीनियर 45-48 भार वर्ग में अणिमा सिंह ने क्वार्टर फाइनल में मेरठ की मीनाक्षी रानी को मात दी। इसके बाद सेमीफाइनल में सहारनपुर की आरजू को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में गोरखपुर की अंजली से कड़े मुकाबले के बाद अणिमा को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं, अंडर-17 जूनियर 44-46 भार वर्ग में रिया शुक्ला ने पहले राउंड में कानपुर की अपूर्वा अग्रवाल को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में सहारनपुर की नील कमल से मुकाबले में रिया ने अच्छा प्रदर्शन किया और कांस्य पदक अपने नाम किया। बॉक्सिंग कोच और जिला बॉक्सिंग संघ के महासचिव विजय यादव ने दोनों बालिकाओं के प्रदर्शन की जानकारी साझा करते हुए कहा कि बेटियों ने अपनी मेहनत और लगन से जिले का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर जिला बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष पुलकित सिंह, जिला ओलंपिक संघ महासचिव पंकज दुबे सहित संघ के अन्य पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताई और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दीं।

## गांजा तस्करी के दो आरोपी गिरफ्तार



**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** शनिवार सुबह पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो बाइक सवार संदिग्ध युवकों को दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से 2 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया। भरथीपुर नहर पुलिया के पास करीब साढे ग्यारह बजे द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज द्विवेश त्रिवेदी, भटमई चैकी इंचार्ज संजय प्रसाद, उपनिरीक्षक इनामुल हक, हेड कांस्टेबल अयूब खान, पप्पू कुमार व राहुल चैधरी वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान सुदनापुर की ओर से दो युवक मोटरसाइकिल पर आते दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वह बाइक मोड़कर भागने लगे, लेकिन बाइक बंद पड़ गई और पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान संजीत कुमार उर्फ अंकल निवासी खजुरहट बीकापुर, अयोध्या और छंगू नटौली खुर्द, गोसाईगंज, सुलतानपुर के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने कहा कि वे जीवनयापन के लिए गांजा बेचते हैं। थाना अध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि आरोपियों के पास से बरामद गांजा व बाइक को कब्जे में लिया गया और दोनों पर संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजा गया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

# मेधावियों को राज्य मंत्री ने किया सम्मानित

**मेरठ।** आज चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में मेरठ दक्षिण विधानसभा के विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक, मेरठ जोन श्री कलानिधि नैथानी एवं जिलाधिकारी हापुड़ श्री अभिषेक पांडे उपस्थित रहे।




कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। समारोह में लगभग 2500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। पुलिस उपमहानिरीक्षक, मेरठ जोन, मेरठ कलानिधि नैथानी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में संघर्ष ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। असफलता के समय हिम्मत न हारकर दोबारा खड़े होकर आगे बढ़ना ही विजेता की पहचान है। उन्होंने ईमानदारी और निष्ठा को सफलता की मूल धुरी बताया।

जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने अपने संबोधन में प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करने पर बल दिया। उन्होंने एक प्रेरक प्रसंग साझा करते हुए कहा कि अधिकारी यदि अपने कर्तव्य निष्ठा से निभाएं तो समाज में सकारात्मक बदलाव आना निश्चित है। उन्होंने अपने कार्य को पूर्ण समर्पण और संतुष्टि के साथ करने की बात कही। इसके उपरांत हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है और वे समर्पण एवं ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते हैं। कार्यक्रम के अंत में ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ह्लआज आपकी पहचान आपके माता-पिता के नाम से है, जिस दिन आपके माता-पिता की पहचान आपके नाम से होगी, वही दिन आपकी वास्तविक सफलता का होगा। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा संयोजक श्री राहुल गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सीमा श्रीवास्तव, अरविंद पिंटू, हरिओम अग्रवाल, नरेश विश्वकर्मा, ललित मोरल, वरुण कुमार, नवीन नेहरा एवं आदित्य शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पोषण योजनाओं में लापरवाही पर डीएम सख्त

**सिद्धार्थनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार देर शाम आयोजित जिला स्तरीय पोषण समिति एवं कन्वर्जेंस समिति की बैठक में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कई मामलों में अनियमितताएं उजागर हुईं, जिसके बाद डीएम ने अधिकारियों को चेताया कि अब उदासीनता नहीं चलेगी और जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई होगी। पता चला कि शत-प्रतिशत फेस वेरिफिकेशन पूरा नहीं हुआ और पोषण ट्रैकर व ई-कवच पोर्टल पर प्रविष्टियां अधूरी हैं। डीएम ने कहा कि यह योजना की मूलभूत शर्त है और लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। बैठक में यह भी सामने आया कि टेक होम राशन (टीएचआर) लाभार्थियों तक समय से नहीं पहुँच रहा। कई स्थानों पर वितरण अधूरा रहा और गुणवत्ता पर सवाल उठे। डीएम ने साफ किया कि राशन वंचित पाए जाने पर सीडीपीओ और सुपरवाइजर सीधे जिम्मेदार होंगे। डीएम ने टीएचआर प्लांट के उत्पादन की स्थिति पर नाराजगी जताई। उत्पादन सिर्फ कागजों में दिख रहा है और निरीक्षण नहीं हो रहा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रजिस्टर अधूरे पाए गए। डीएम ने कहा कि गर्भवती महिलाओं और सैम-मैम बच्चों का विवरण रजिस्टर में नहीं मिला और यह पोषण कार्यक्रम की विफलता को दशार्ता है। डीएम ने गंभीर कुपोषित (सैम) बच्चों की एनआरसी में भर्ती प्रक्रिया धीमी होने पर भी कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने आदेश दिया कि प्रत्येक ब्लॉक से कम से कम 20 सैम बच्चों को भर्ती किया जाए, अन्यथा जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। डीएम ने बीएचएनडी दिवस पर कर्मचारियों की अनुपस्थिति और होम विजिट में फीडिंग की केवल कागजी समीक्षा पर असंतोष जताया। उन्होंने चेतावनी दी कि ग्राउंड लेवल पर सुधार न होने पर पूरे कार्यक्रम पर सवाल उठेंगे और जिम्मेदारों को जवाब देना होगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सभी सीडीपीओ, सुपरवाइजर और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## पूर्व एनएसजी कमांडो को गोली मारी, घायल

**इटावा।** फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत गांधीनगर में एक्स हवलदार एनएसजी कमाण्डो के दाएँ हाथ में हमलावरों ने गोली मारकर घायल कर दिया। घायल को परीक्षण हेतु जिला अस्पताल लाया। घायल ओमवीर सिंह भदौरिया पुत्र बृजेन्द्र भदौरिया निवासी गांधीनगर थाना थाना फ्रेंड्स कालोनी ने बताया कि एक साल पूर्व हवलदार एनएसजी कमान्डो से रिटायर्ड हुआ हूँ मेरे बच्चे आठ साल उक्त जगह पर किराये पर रहते है। पड़ोस के रहने वाले दबंग अरविंद पुत्र फूल सिंह व राजू भदौरिया खुद फूल सिंह आदि ने गोली मारकर घायल कर दिया।

## करंट से गेस्ट हाउस मालिक की मौत

**चकरनगर, इटावा।** कस्बा चकरनगर में शुक्रवार शाम करीब पांच बजे एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। जय गुरुदेव गेस्ट हाउस के 58 वर्षीय मालिक चन्द्रप्रकाश यादव की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे कस्बे में मातम छा गया। चन्द्रप्रकाश यादव अपने घर पर माता के जबारे के लिए लगाए गए जेनरेटर को चालू कर सप्लाई जोड़ रहे थे। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आकर वे गंभीर रूप से घायल गए। परिजनों ने उन्हें तुरंत निजी वाहन से जिला अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में इकदिल के पास उन्होने दम तोड़ दिया। घटना की खबर लगते ही स्वजन में कोहराम मच गया और पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक चन्द्रप्रकाश मूल रूप से मितरौल गांव के निवासी थे, जो काफी समय पहले कस्बा में आ गए थे। यह चकरनगर क्षेत्र पंचायत सदस्य गांधी यादव के पिता थे। उनका सामाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान माना जाता था। उनकी असमय मौत की सूचना मिलते ही रिश्तेदारों, मित्रों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों की भीड़ उनके आवास पर उमड़ पड़ी।

### सूचना

सूचित हो कि मेरे सर्विस बुक में मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश आंचल (Aanchal) दर्ज हो गया है जबकि मेरी पुत्री का सही नाम आंचल यादव (Anchal Yadav) है। मेरे सर्विस बुक में उसका सही नाम ही दर्ज किया जाये। **जय प्रकाश यादव पुत्र बुद्धु यादव नि.- ग्राम व पोस्ट- लबकनी, थाना- गौरीबाजार, जनपद-देवरिया।**

### सूचना

सूचित हो कि मेरे सर्विस बुक में मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश राज कमल (Raj Kamal) दर्ज हो गया है जबकि मेरे पुत्र का सही नाम राज कमल यादव (Raj Kamal Yadav) है। मेरे सर्विस बुक में उसका सही नाम ही दर्ज किया जाये। **जय प्रकाश यादव पुत्र बुद्धु यादव नि.- ग्राम व पोस्ट- लबकनी, थाना- गौरीबाजार, जनपद-देवरिया।**

### सूचना

सूचित हो कि मेरे सर्विस बुक में मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश कुमारी पल्लक (Kumari Pallak) दर्ज हो गया है जबकि मेरी पुत्री का सही नाम पलक यादव (Palak Yadav) है। मेरे सर्विस बुक में उसका सही नाम ही दर्ज किया जाये। **जय प्रकाश यादव पुत्र बुद्धु यादव नि.- ग्राम व पोस्ट- लबकनी, थाना- गौरीबाजार, जनपद-देवरिया।**

### सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र कृष्ण कुमार शुक्ला को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **अशोक कुमार शुक्ला पुत्र स्व. सुरेश चन्द्र शुक्ला नि.- साई बाबा मंदिर के पीछे, हाजीपुर तहसील व जिला सीतापुर।**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम ANJANEY SINGH है, जोकि सही है। मेरे पुत्र के विद्यालय के रिकॉर्डस में ANJANEY PRATAP SINGH अंकित हो गया है, जो कि गलत है। मेरे पुत्र का नाम सही नाम ANJANEY SINGH है, जोकि सही है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **रेखा सिंह पत्नी मंजीत सिंह निवासी- 438 शंकरपुरम, करौंदिया जनपद-सुलतानपुर।**

# मनरेगा गड़बड़ी: फर्जी फोटो अपलोड कर लाखों का भुगतान

**गुलाम गौस/पिपरौली, गोरखपुर।** पिपरौली ब्लॉक के दो ग्राम पंचायतों, कंदराई और खोरिया भीटी में मनरेगा कार्यों में धांधली का बड़ा मामला सामने आया है। फर्जी फोटो अपलोड कर लाखों रुपये का भुगतान किया गया है। बावजूद इसके जिम्मेदार आंखे मूंद कर मौन सहमति देना समझ से परे है। बता दें, 20 अगस्त को ग्राम पंचायत कंदराई में हुए कार्य जिसका वर्क कोड 3154003034/LD/958486255824333290 के लिए अमरनाथ के खेत से गंगादीन के खेत तक मिट्टी कार्य तथा वर्क कोड 3154003034/छठ /958486255824933305 में कंदराई से नदी तक मिट्टी कार्य, दोनों कार्यों पर मिलते जुलते श्रमिकों का फर्जी फोटो अपलोड किए गए थे, इसके बावजूद भी ब्लॉक के जिम्मेदारों ने भुगतान कर दिया। वहीं ग्राम पंचायत खोरिया भीटी में 12 व 18 अगस्त को वर्क कोड 3154003027/LD/958486255824905005 में ट्यूबल के आगे से बसंतपुर तक मिट्टी कार्य पर एक ही फोटो अपलोड कर बड़ा फर्जीवाड़ा हुआ लेकिन ब्लॉक जिम्मेदार आंख मूंद कर भुगतान कर दिए।

इस घोटाले ने बीडीओ और एपीओ की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कैसे फर्जी फोटो अपलोड होने के बावजूद भुगतान किया गया? क्या इसमें कोई मिलीभगत है? या फिर जिम्मेदारों की लापरवाही का परिणाम है? इस घोटाले से मनरेगा की साख पर बट्टा लग सकता है। मनरेगा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करना और विकास कार्यों को बढ़ावा देना है। लेकिन इस तरह के घोटाले से योजना की विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं। नाम न छापने के शर्त पर कुछ ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस मामले में जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए। बता दे कि विगत दिनों पिपरौली ब्लॉक में हो रहे मनरेगा कार्यों में फर्जीवाड़ा को लेकर समाचार पत्रों ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। लेकिन जिम्मेदार कार्यवाही के नाम पर दो गांव का मस्टर रोल शून्य कर मामले को लीपापोती करने में जुट गए। बाकि दो पंचायतों में फर्जी फोटो अपलोड कर भुगतान किया गया जिसको कार्यवाही से बाहर रखा गया ताकि साहब अपनी शाख बचा सकें। अगर समय रहते उच्चाधिकारियों द्वारा सख्त कदम नहीं उठाए गए तो इस बहुद्देशीय योजना से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास होना मुश्किल हो जाएगा। इस संदर्भ में मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी ने कहा कि फर्जी फोटो अपलोड की जांच कराई जाएगी, भुगतान जिसके स्तर पर किया गया है सबके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## त्योहार को लेकर पैदल गशत किया

**बकेवर, इटावा।** नवरात्रि दशहरा दीपावली पर्व के चलते थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ क्षेत्र पैदल गश्त किया। उन्होंने पैदल गश्त के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी लोगों से कहा कि पुलिस उनके साथ है। परेशानी होने पर सूचना दें, समस्या का समाधान किया जाएगा। थानाध्यक्ष विपिन मलिक ने थाना भरेह प्रभारी जगदीश भाटी, लवेदी प्रीति सेंगर सहित दर्जन पुलिस कर्मियों के साथ पैदल गश्त किया। उन्होंने थाना क्षेत्र के लखना बकेवर अहेरीपुर आदि मे पैदल गशत किया।

# लड़की से की बदसलूकी, उलाहना देने पर मारपीट कर किया घायल

**सरहरी, गोरखपुर।** चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा बंजरहा निवासी एक महिला द्वारा लिखित तहरीर देकर चिलुआताल पुलिस को बताया कि मेरी बेटी बंधे की तरफ नित्य कर्म हेतु जा रही थी रास्ते में गाँव के दो युवको ने मेरी लड़की से अस्लील हरकत की जिसका उलाहना देने पर घर पर चढ़ मार पीट कर घायल कर दिये पुलिस तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओ में मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है

किशोरी की माँ शीला देबी पत्नी अनिरुद्ध निवासी बंजरहां ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बतायी कि 25 / 9 / 25 को देर शाम लगभग आठ बजे मेरी बेटी नित्य कर्म हेतु बंधे की तरफ जा रही थी जिससे गाँव के ही रहने वाले अभिषेक व पवन मेरी बेटी को अपशब्द भाषा का प्रयोग कर बदतमीजी करने लगे मेरी बेटी किसी तरह से भाग कर घर पहुच आप बीती बताई तो मैने दोनो युवको के घर जा कर उलाहना दी जिससे नाराज होकर उमाशंकर , शान्ती , रंजना एवं कलूटी लाठी डंडा लेकर मेरे दरवाजे पर चढ़ घर में घुस कर मुझे व मेरे पांचो बेटियो को मारपीट कर घायल कर दिये मारपीट के दौरान ही मेरा मंगलसूत्र एवं एक कान की बाली भी कही गुम हो गयी हम लोगो के शोर मचाने पर जान से मारने की घमकी देते हुये चले गये।

## कोचिंग के लिए निकला छात्र लापता केज दर्ज

**सरहरी, गोरखपुर।** चिलुआताल थाना अन्तर्गत फर्टिलाइजर चौकी क्षेत्र का रहने वाला छात्र घर से कोचिंग के लिए निकला, लेकिन वह ना तो कोचिंग पहुंचा और ना ही घर वापस लौटा। काफी-खोजबीन के बाद भी पता नही चलने पर परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर बेटे को ढूंढने में मदद की गुहार लगाई है। गुम छात्र की माँ अनुग्रह रोबिन्सन पत्नी अमित रोबिन्सन निवासी एहर 419 राप्तीनगर फेज फोर स्पोर्ट कालेज के पीछे की निवासिनी द्वारा चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया गया कि दिनांक 26 सितंबर को मेरा बेटा अपर्ण रोबिन्सन नित्य प्रति की भाँति अपरांह लगभग तीन बजे के आस पास घर से निकला शाम को समय से घर न पहुंचने पर परिवार के लोग परेशान होकर कोचिंग पता किये तो पता चला कि उक्त छात्र आज कोचिंग नही आया था परिजन सम्भावित ठिकानो पर खोजबीन किये मगर कुछ पता न चलने पर पुलिस को लिखित तहरीर देकर घटना से अवगत कराया पुलिस केस दर्ज कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

# केंद्र सरकार के निर्णय की सराहना की



**उदी, इटावा।** उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इकाई बढ़पुरा की कस्वा उदी मोड़ पर हुई एक आवश्यक बैठक में इकाई के बढ़पुरा अध्यक्ष एवं महामंत्री का सर्व सम्मति से चयन की घोषणा की गयी। कस्वा उदी मोड़ चकरनगर रोड़ पर आयोजित बैठक में जीएसटी के सम्बंध में केंद्र सरकार द्वारा लिए गए निर्णय की जहां सराहना की गई तो इसी के बाद उक्त बढ़पुरा इकाई के रिक्त चले आ रहे अध्यक्ष व महामंत्री पैड के लिए सर्व सम्मति से चयन प्रक्रिया को भी पूरा किया गया। पूर्व में चयनित अध्यक्ष अलकेश भदौरिया एवं महामंत्री शिवशंकर गुप्ता के पद छोड़ने से उक्त पद रिक्त चले आ रहे थे। इकाई के प्रदेश उपाअध्यक्ष एमपी सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष संतोष चैहान, हरिगोपाल शुक्ला, रमेश यादव, सुनीता कुशवाह, लक्ष्मी कुशवाह, आदि बरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में विमलेंद्र भदौरिया को अध्यक्ष एवं रविन्द्र प्रजापति को बढ़पुरा इकाई का महामंत्री नियुक्त किया गया।उपरोक्त नव नियुक्त पदाधिकारियो को जिला अध्यक्ष द्वारा प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए तो इसी के साथ समस्त पदाधिकारियो द्वारा बधाई दी गयी। कहा गया रिक्त पदों के पूर्ण होने से बढ़पुरा इकाई को मजबूती प्रदान होगी।

## पिता को ईंटों से प्रहार कर घायल कर दिया सैफई में इलाज के दौरान मौत हो गयी

इटावा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक हफ्ता पूर्व मुहल्ला गाड़ीपुरा में एक युवक ने शराब के नशे में पिता की ईटों से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था आनन फानन में उसके अन्य पुत्र व परिजन जिला अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने हालज नाजुक देख सैफई रिफर कर दिया था आज शनिवार को दोपहर ढाई बजे लगभग पिता की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। मुहल्ला गाड़ीपुरा प्रशान्त ने अपने पिता राम सिंह पर ईंटों से हमला बोल दिया जिसमें लहूलुहान हो गये गंभीर हालत में जिला अस्पताल के बाद सैफई भेजा गया जहां वह इलाज के दौरान मर गये। मृतक के चार पुत्र थे निशान्त, प्रशांत, रिषीकान्त, शशीकान्त आदि दूसरे नंबर के पुत्र ने हमला बोल घायल कर दिया।

## वरिष्ठ लिपिक का शव 29 घंटे बाद बरामद,ईओ चेयरमैन सहित पांच के खिलाफ मामला दर्ज

**इटावा।** नगर पालिका लिपिक राजीव यादव ने शुक्रवार को सुबह 5 बजे यमुना नदी में छलांग लगा दी थी शुक्रवार को दिन भर देर शाम तक एसडीआरएफ की टीमें यमुना नदी में राजीव के शव को ढूंढती रही लेकिन शव नहीं मिला शनिवार को 11 बजे करीब थाना बढ़पुरा के ग्राम जरहौली में राजीव का शव मिल गया। राजीव के शव का पंचनामा भरके शमशान घाट से पोस्टमार्टम हाउस ले जाया गया पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों ने हजारों की संख्या में शव का अंतिम संस्कार शमशान घाट कर किया। थाने में मृतक के पुत्र सिद्धार्थ अर्जुन यादव पुत्र राजीव यादव निवासी कृष्णापुरम सराय दयानत थाना सिविल लाइन ने धारा 108 बीएनएस व 352 तथा 351 (2) के तहत अधिशाषी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, चेयरमैन ज्योति गुप्ता, पूर्व चेयरमैन सन्टू गुप्ता, चेयरमैन पेशकार अतर सिंह सेंगर व बाबू रिटायर्ड सुनील वर्मा के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाना, अपमानित कर लोकशान्ति भंग करना आदि का मामला दर्ज किया गया।

## डीएम ने नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का शुभारंभ किया

**इटावा।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन मिशन शक्ति के विशेष अभियान के कियान्वयन के सम्बन्ध में दिशा निर्देश निर्गत किये गये है। उक्त कार्ययोजना में प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 11 बजे नुक्कड नाटक कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी के द्वारा फीता काटकर किया गया उक्त नुक्कड नाटक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से राजकीय बालिका इंटर कालेज में आयोजित किया गया। उक्त कार्यकम में आम जन मानस एंव विद्यालय की अध्यापक एंव बालिकाओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। नुक्कड नाटक के माध्यम से बालिकाओं को मिशन शक्ति एंव बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना एंव सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता प्रदान की गई कार्यक्रम में विनय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी एंव अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारियों के साथ-साथ अक्षय कुमार वर्मा, सोहन गुप्ता, अजित कुमार दुबे व अन्य कार्मिकों ने प्रतिभाग किया।

## एमजीयूजी परिवार ने जताया प्रो. यूपी सिंह के निधन पर शोक

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो प्रो. यूपी सिंह के निधन पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) से जुड़े सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने शोक व्यक्त किया है। एमजीयूजी के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय में आहुत एक श्रद्धांजलि सभा में नर्सिंग की प्रिंसिपल डॉ. डीएस अजीथा व डॉ. रोहित श्रीवास्तव ने कहा कि प्रो. सिंह से मिला मार्गदर्शन वैचारिक पूंजी के रूप में संरक्षित रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्य और योगदान सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे और आने वाली पीढ़ियां उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करती रहेंगी। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य एवं जीवन विज्ञान संकाय में भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

# एमपी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष पूर्व कुलपति प्रो. यूपी सिंह का निधन

जिला संवाददाता (vol)

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. उदय प्रताप सिंह (यूपी सिंह) का शनिवार सुबह निधन हो गया। 92 वर्षीय प्रो. सिंह पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। अध्यापन कार्य में आने के बाद से ही उनका पूरा जीवन गोरक्षपीठ और महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद को समर्पित रहा। उनके निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक प्रकट किया है। मुख्यमंत्री रविवार को प्रो. सिंह के अंतिम संस्कार के समय गोरखपुर के राजघाट पर मौजूद रहेंगे। प्रो. सिंह अपने पीछे दो पुत्रों दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. वीके सिंह और यूपी कॉलेज के आचार्य प्रो. राजीव कृष्ण सिंह का परिवार छोड़ गए हैं।

मूल रूप से गाजीपुर जिले के निवासी प्रो. यूपी सिंह का जन्म 1 सितंबर 1933 को हुआ था। वह उन विरले लोगों में शामिल रहे जिन्हें गोरक्षपीठ के लगातार तीन पीठाधीश्वरों के सानिध्य में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। गणित विषय के विद्वान रहे स्वर्गीय सिंह की बतौर शिक्षक पहली नियुक्ति गोरक्षपीठ के तत्कालीन पीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज ने एमपी शिक्षा परिषद के महाराणा प्रताप महाविद्यालय में की थी। गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए महंत जी ने यह महाविद्यालय दान में दे दिया तब यूपी सिंह विवि । में गणित के शिक्षक हो गए। इस विश्वविद्यालय में वह आचार्य और गणित विभाग के अध्यक्ष के रूप में ख्यातिलब्ध रहे। अपनी शैक्षिक सेवा यात्रा में उन्होंने बाद में पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के कुलपति के रूप में भी सेवाएं दीं। महंत दिग्विजयनाथ जी के स्मृतिशेष होने के बाद प्रो. यूपी सिंह ने गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के मार्गदर्शन में एमपी शिक्षा परिषद की सेवा की। उनकी सेवा साधना का यह अनुष्ठान वर्तमान गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में आजीवन जारी रहा। प्रो. यूपी सिंह को विद्वता, कर्मठता के साथ उनके सांगठनिक कौशल के लिए भी याद किया जाएगा। वह डॉ. भोलेन्द्र सिंह के बाद वर्ष 2018 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष बनाए गए और अंतिम सांस लेने तक इस पद पर बने रहे। शिक्षा परिषद द्वारा 2021 में जब महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर की स्थापना की गई तो उन्हें इसका प्रति कुलाधिपति बनाया गया। प्रो. यूपी सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक और विद्या भारती में भी विविध पद दायित्वों का सकुशल निवर्हन किया। प्रो. यूपी सिंह के निधन पर महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं में शोक की लहर है। उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा, ह्यप्रो. यूपी सिंह के साथ महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का एक युग पूर्ण हुआ। उन्होंने मुझे और मेरे जैसे बहुतों को देश और समाज के लिए जीना सिखाया है। श्रीगोरक्षपीठ के प्रति असीमित श्रद्धा और समर्पण की शिक्षा दी है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के लिए जीना सिखाया है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद में कार्य करते हुए जब भी कोई निराश होगा, मार्ग धुंधला होगा, पग डगमगाने लगेंगें तब प्रो. यूपी सिंह का जीवन प्रकाश स्तम्भ की तरह हमारा मार्ग प्रशस्त करेगा। प्रो. यूपी सिंह का अंतिम संस्कार रविवार (28 सितंबर) को पावन राप्ती नदी के राजघाट पर दिन में 12 बजे से होगा। इस अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी प्रो. सिंह को अंतिम विदाई देने के लिए उपस्थित रहेंगे। इस बीच प्रो. सिंह के निधन की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

> ● अध्यापन कार्य में आने के बाद से ही उनका पूरा जीवन गोरक्षपीठ और महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद को समर्पित रहा

# शहीद भगत सिंह को याद किया गया




**इटावा।** शहीदे आजम भगत सिंह के जन्मदिवस पर जनवादी नवजवान सभा डीवाईएफआई द्वारा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शहीद भगतसिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रृद्धांजली देते हुए शहीद भगत सिंह के विचारों पर चलने का संकल्प लिया गया। मुकुट सिंह महामंत्री किसान सभा ने संगोष्ठी में कहा कि शहीद भगत सिंह के विचार और सपना शोषणमुक्त अर्थात समाजवादी समाज की स्थापना का था। आज के संदर्भ में जीवन और जीविका पर हो रहे हमलों को रोकने, संविधान और जनतंत्र को बचाने और ह्लसबको शिक्षा, सबको कामह्ल की लडाई महत्वपूर्ण है, कारपोरेटपरस्त-साम्प्रदायक गठजोड की नीतियों के खिलाफ नवजवानो सहित अन्य मेहनतकशों को एकजुट करना ही शहीद भगत सिंह को सच्ची श्रृद्वांजली होगी। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रियरतन ने तथा संचालन डीवाईएफआई के जिलामंत्री मोनू यादव ने किया। संगोष्ठी को किसान नेता विश्राम सिंह यादव डा. शौकीन सिंह यादव ओपी सिंह, मनोज राठौर, महेन्द्र सिहं भदौरिया, संदीप आदि ने भी सम्बोधित किया।

## बच्चों को एफआईआर आदि की जानकारी दी गयी

**इटावा।** मिशन शक्ति के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय शांति कॉलोनी नगर क्षेत्र की छात्राओं ने थाना सिविल लाइन का भ्रमण किया जिसमें सीओ. सिटी अभय नारायण राय, थाना प्रभारी सुरेश चन्द्र एवं मिशन शक्ति प्रभारी पिंकी द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे एफआईआर कैसे लिखवाई जाती है, विभिन्न प्रकार के हैल्प लाइन नम्बर, टोल फ्री नंबर की जानकारी, दुर्घटना के समय बच्चियां अपने आपको कैसे बचाएं, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, साथ ही साथ एक छात्रा के जीवन में शिक्षा के महत्व विषय में विस्तृत जानकारी दी और बालिकाओं को पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया तथा फलाहार कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी

## होशियारी में ही समझदारी का परिचय दें

**ऊसराहार, इटावा।** सावधान रहे सायवर क्रायम से बचने के लिए होशियारी मे ही समझदारी का परिचय दे धैर्य न खोए डिजटल अरेस्ट करने वाला आपको ठगने की कोशिश कर सकता है। शुक्रवार को ऊसराहार मे कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एंव बहादुरपुर पचार मे पढने वाली छात्राओं ने उपजिलाधिकारी ताखा श्वेता मिश्रा एंव थानाध्यक्ष बलराम मिश्रा के नेत्रत्व मे रैली निकाली मिशन शक्ति फेज पांच मे छात्राओं को जागरूक करते हुए थानाध्यक्ष बलराम मिश्रा ने कहा इस समय मोवायल पर सायवर क्रायम की चपेट मे बहुत लोग आ रहे हैं इसके लिए सावधान रहना होगा महिला शक्ति को अनजान नंवरो आने बाले उन कालो से डरने की जरूरत नहीं है जिसमे उन्हे डराया और धमकाया जाता है काल करने वाले की सूचना तत्काल शासन की हेल्पलाइन पर दे यदि कोई आपसे एटीएम कार्ड को एक्टिव करने के नाम पर मोवायल की ओटीपी मांगे तो समझ लीजिए यह एक फ्राड काल है उसकी शिकायत तत्काल 1930 पर फोन मिलाकर दर्ज कराए उपजिलाधिकारी श्वेता मिश्रा ने कहा महिला शक्ति अपने को कभी कमजोर न समझे उसकी मदद के लिए प्रशासन दिन रात साथ खडा है यदि कोई उत्पीडन करने की कोशिश करे तो तत्काल प्रशासन को सूचना दे छात्राओं को महिला पुलिस कर्मियों ने जागरूक करते हुए उनको वीमैन पावर लाइन 1090 महिला हेल्पलाइन नंबर181 व माननीय मुख्य मंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 एंव पुलिस सहायता नंबर 112 चाइल्डलाइन हेल्प लाइन नंबर 1098 व स्वास्थ्य सेवा एंव एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर102,108तथा 1930 साइबर हेल्प लाइन नंबर तथा साइबर क्राइम से बचने के उपाय तथा किसी भी व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत पिन के बारे में जानकारी ना देने की बात बताई रैली के दौरान कस्बा मे बेबजह घूम रहे लोगो को हिदायत दी इससे पहले छात्राओं ने रैली के दौरान 1090 नंवर का लोगो दफ्ती पर लगाकर नारा दिया बाल मजदूरी एक पाप है. हम बच्चो के लिए अभिशाप है जैसे तमाम नारे लागकर आम लोगो को जागरूक किया।

## आई लव मोहम्मद विवाद के बाद पुलिस सतर्क, सीओ ने किया फ्लैग मार्च



**जसवंतनगर, इटावा।** बरेली और आगरा में आई लव मोहम्मद को लेकर हुए विवाद और रैली के बाद जसवंतनगर पुलिस पूरी तरह से सतर्क हो गई है। शनिवार को सीओ आयुषी सिंह के नेतृत्व में नगर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। सीओ आयुषी सिंह ने पुलिस टीम के साथ संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की और मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च निकालकर हालात का जायजा लिया। फ्लैग मार्च में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी तरह की अफवाह या विवाद को फैलने नहीं दिया जाएगा और शांति-व्यवस्था हर हाल में बनाए रखी जाएगी।सीओ ने कहा कि नगर वासियों को अफवाहों पर ध्यान न देकर पूरी तरह से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने चैकी प्रभारियों और बीट पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क निगरानी रखें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम या थाने को दें।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की कि वे आपसी भाईचारे और सौहार्द का माहौल बनाए रखें।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस की सक्रियता देख नगरवासियों ने भी राहत की सांस ली और कहा कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों से माहौल शांतिपूर्ण बना रहेगा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार और उपनिरीक्षक जितेंद्र चौधरी, उमेश पटेल, शुभम वर्मा के अलावा महिला पुरूष कांस्टेबल मौजूद रहे।

## उपकरण वितरण शिविर का आयोजन

**इटावा।** जिला दिव्यान्गजन सशक्तिकरण अधिकारी, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश सरकार के सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत 27 सितम्बर को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजनान्तर्गत कृत्रिम उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 10 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 15 ब्रेल किट, 3 एमआर किट, 1 वॉकर, 7 स्मार्ट केन, वितरण सांसद लोकसभा क्षेत्र जितेन्द्र दोहरे व अभिषेक यादव अंशुल जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधि गोपाल यादव, आशीष राजपूत, अखिलेश वर्मा ग्राम प्रधान अहेरीपुर की उपस्थिति में वितरित किये गये। शिविर में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि दिव्यांगजन असीम प्रतिभा के धनी होते हैं इन्हें समाज और सरकार के सम्बल की आवश्यकता होती है।

# जयकारों से गूंज उठा धरमौली मोहल्ला

**पिपरौली,गोरखपुर।** कस्बा पिपरौली बाजार के धरमौली मोहल्ले में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के सौजन्य से स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा स्थल पर संगीतमय जागरण का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु देर रात तक माता रानी के भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा और जय माता दी के जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मोहल्ले में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई है। स्थापना के बाद से ही प्रतिदिन रात्रि में जागरण का आयोजन किया जा रहा है, जहां श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचकर माता रानी के चरणों में मत्था टेक रहे हैं। इसी क्रम में विशेष संगीतमय जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों और भजन मंडलियों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान माता रानी के जयकारों और भजनों से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। भक्तों ने भक्ति संगीत की धुन पर नृत्य भी किया। जागरण में उपस्थित हर उम्र के लोगों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ देर रात तक माता रानी की आराधना की। इस अवसर पर चंद्र भूषण पांडेय, सुरजीत सिंह, हरिओम मिश्रा, गणेश, अमित सिंह, विनय गौंड, अनुज प्रजापति, विशाल गौंड, संजय प्रजापति सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद रहे। समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई और श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद व जलपान की भी व्यवस्था की गई।

## दो लुटेरे गिरफ्तार

**जसवंतनगर, इटावा।** पुलिस ने लूट की फिराक में घूम रहे दो बदमाशों को सुबह 3 बजे के करीब कचैरा रोड नहर पुल के समीप से गिरफ्तार किया है। पुलिस के उनके कब्जे से आधा दर्जन एंड्राइड मोबाइल सहित असलहा बरामद किए हैं पुलिस को उनके कब्जे से एक महिला से लूटा गया मोबाइल भी मिला है। पुलिस गश्त पर थी तभी कचोरा रोड नहर पुल के समीप दो युवक एक बाइक पर घूम रहे थे पुलिस को देखकर उन्होंने बाइक को दौड़ाने का प्रयास किया। पुलिस को संदेह हुआ तो पुलिस ने बाइक रुकवा कर उनकी तलाशी ली जिसमें उनके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, दो कारतूस, एक चाकू, 6 एंड्राइड मोबाइल, एक लोहे की रॉड, एक हथोड़ा एक छैनी सहित बिना नंबर की एक बाइक बरामद की है। पूछताछ में गिरफ्तार किए गए युवकों ने बताया कि इनमें से एक मोबाइल कुछ दिन पूर्व एक महिला से लूटा गया था।

## पुरानी रंजिश में मनबढ़ो ने लाइब्रेरी का शीशा गेट और बाइक किया क्षतिग्रस्त

**सरहरी, गोरखपुर।** चिलुआताल थाना क्षेत्र ग्राम सभा सिक्टौर बाजार के महुआतर में संचालित एक लाइब्रेरी में लगा शीशे का मुख्य गेट एवं लाइब्रेरी के नीचे खड़ी बाइक को पत्थर बाजी कर छति कर देने के पश्चात संचालक द्वारा घटना सूचना पुलिस को दे दी हैस्थानिय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिक्टौर बाजार के महुआतर चौराहे पर संचालित टारगेट लाइब्रेरी के शीशा का मुख्य गेट एवं लाइब्रेरी के नीचे खड़ी बाइक को मनबढ़ो ने ठेला पत्थर चला कर छतिग्रस्त कर फरार हो गये घटना शुक्रवार की शाम लगभग छः बजे के आसपास की है संचालक की सूचना पर पहुंची चिलुआताल पुलिस घटना स्थल का निरीक्षण कर संचालक से लिखित तहरीर देने की बात कर घटना में संलिप्त आरोपितो तक पहुंचने के लिये चौराहे पर लगे सीसी टीबी फुटेज खगालने का प्रयास कर रही है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-नीलामी सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई-नीलामी (E-Auction) किया जाना है।

आक्शन कैटलाग नम्बर: BSBWVM22025

| वाटर वेण्डिंग मशीन के आवंटन का विवरण | अवधि | ई-नीलामी की तिथि | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| सलेमपुर स्टेशन के PF No.-01 | 05 वर्ष | 10-10-2025 | 11:00 से 11:30 बजे तक |
| मैरवा स्टेशन के PF No.-01 | 05 वर्ष | 10-10-2025 | 11:00 से 11:40 बजे तक |
| दुरौधा स्टेशन के PF No.-01 | 05 वर्ष | 10-10-2025 | 11:00 से 11:50 बजे तक |
| बेल्थरा रोड स्टेशन के PF No.-01 | 05 वर्ष | 10-10-2025 | 11:00 से 12:00 बजे तक |

नोट: ◆ ई-नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर ऑनलाईन होगी। ◆ ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिये इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर रू. 10,000/- (Non Refundable) ऑनलाईन जमा कर एक बार पंजीकरण (One Time Registration) कराना आवश्यक है। साथ ही उसके पास SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। EMD कांट्रेक्ट की वार्षिक कीमत का 10% (अर्नेस्ट मनी दस प्रतिशत) होगी जिसका भुगतान/कटौती आनलाइन उसी खाते से होगी। ◆ ई-नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (*www.ireps.gov.in*) के *E-Auction leasing Section* मे उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य-146
सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

## रविवार को भी खुले रहेंगे पंजीकरण कार्यालय

लखीमपुर खीरी। नवरात्र के चलते रविवार को विलेख पंजीकरण की भारी भीड़ की संभावना के चलते जिलाधिकारी खीरी ने रविवार, 28 सितंबर को भी सभी उप निबन्धक कार्यालय सामान्य कार्य दिवस की भांति खुला रखने का निर्देश दिया है। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि इस दौरान अधिक से अधिक लोग बैनामा पंजीकरण कराने कार्यालय पहुंचेंगे। इसलिए सभी उप निबन्धक अपने-अपने क्षेत्रों में बार एसोसिएशन, दस्तावेज लेखक संघ और आम नागरिकों को समय पर सूचित करेंगे और व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने कहा कि इस आदेश का पालन तत्काल प्रभाव से अनिवार्य होगा, ताकि नवरात्र के अवसर पर आम जनता अपने विलेखों का पंजीकरण सुचारू रूप से कर सके।

## फरार आरोपी गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत छात्रा के साथ हुई छेड़खानी के आरोपी को मेडिकल कराने लेकर जा रहे पुलिस कर्मियों को धक्का देकर आरोपी शुक्रवार को फरार हो गया। अगले दिन शनिवार को नवागत सदर कोतवाल राजेश कुमार सिंह मुठभेड़ दिखाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अ0सं0 790/2025 धारा 75(2)/351(2) बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट का आरोपी रिजवान अली पुत्र मोहर्रम अली निवासी ग्राम सहरूआ थाना को0 सदर जनपद खीरी जो जिला अस्पताल ओएल ले जाते समय फरार हो गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना खीरी पर मु0अ0सं0 689/25 धारा 262 बी एन एस पंजीकृत था। जिसको रात्रि में थाना कोतवाली सदर पुलिस एवं सर्विलांस व स्वाट टीम द्वारा सेवढा से लखपेडा गंज को जाने वाले खडन्जा मार्ग पर बनी छोटी मजार के पास से पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 देशी तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुये हैं। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 0794/2025 धारा 109(1)/351(3)/352 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम रिजवान अली पुत्र मोहर्रम अली निवासी ग्राम सहरूआ थाना को0 सदर लखीमपुर बताया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह कोतवाली सदर, उ0नि0 दिनेश कुमार पाण्डेय चौकी इंचार्ज रामापुर, उ0नि0 जयप्रकाश यादव स्वाट टीम प्रभारी, सहित आदि शामिल रहे।

## मकान कब्जा करने का आरोप

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के मोहल्ला शंकरपुर छावनी में एक अधेड़ ने इलाज कराने चले जाने पर मौका पाकर सगे भाई पर जबरन मकान में सामान रखकर कब्जा करने का आरोप लगाया हैं। मामले की शिकायत पुलिस के आला अधिकारियों से की है। शंकरपुर छावनी निवासी रामकिशन के अनुसार वह विवाहित है गंभीर बीमारी का इलाज कराने बाहर चला गया जिससे मौका पाकर सगे भाई ने उसके मकान मेंअपना सामान रखकर कब्जा जमा लिया इलाज से लौटने पर सामान हटाने की बात पर आजकल कहकर टरकाने लगा है। पीड़ित ने मामले की शिकायत कई बार समाधान दिवस में दर्ज कराई है निस्तारण न होने पर क्षुब्द होकर पुलिस के उच्च अधिकारियों समेत मुख्यमंत्री के दरबार में शिकायत दर्ज कराई है। एसडीम मामला जानकारी में नहीं है जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।

# स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता और गति लाएं : डीएम

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और गति देने के लिए शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई।

डीएम ने समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य महकमे को फील्ड में सक्रिय किया जाए और स्वास्थ्य में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाए, ताकि सेवाओं का असर अंतिम छोर तक पहुंच सके। बैठक का संचालन सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने किया। ल्बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि सभी अधीक्षक लीडरशिप रोल लेते हुए अपने-अपने ब्लॉक में स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए डेली मॉनिटरिंग करें। मरीज व उनके तीमारदारों से चिकित्सक बेहतर व्यवहार करें। मरीजों को दिया जाने वाला भोजन की गुणवत्ता एमओआईसी स्वयं चेक करें। सीएचसी व पीएचसी की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाए। निर्देश दिए कि सभी पोर्टल्स पर फीडिंग को अपडेट रखा जाए, वही आपरेटर का समयबद्ध भुगतान भी सुनिश्चित कराया जाए। सभी एमओआईसी सुनिश्चित कराए कि सभी चिकित्सालियों से संस्थागत प्रसव की रिपोर्टिंग प्रॉपर हो। सभी आशा संगीनियों का नियमित, समयबद्ध भुगतान हो इसे सुनिश्चित कराए।साथ ही डीएम ने निर्देश दिए कि सभी पोर्टल्स पर डेटा अपडेट रहें, ऑपरेटरों का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाए और एमओआईसी संस्थागत प्रसव की रिपोर्टिंग ठीक से करें। आशा-संगिनियों का नियमित भुगतान भी समयबद्ध हो। इनकी रही मौजूदगी बैठक में सीएमएस डॉ आरके कोली, डॉ अमित कुमार गुप्ता, एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ सहित डीपीएम अनिल यादव, डीपीओ भारत प्रसाद, सभी एमओआईसी, सीडीपीओ मौजूद रहे।

## पब्लिक इंटर कॉलेज में एक दिन की प्रधानाचार्या बनी करीना सिंह

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) पब्लिक इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति-05 महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत एक अनोखी पहल देखने को मिली। कक्षा 12 की छात्रा करीना सिंह निवासी रेहरिया ने विद्यालय का एक दिन का प्रधानाचार्या नियुक्त किया गया। एक दिन की प्रधानाचार्या बनते ही करीना सिंह ने जिस आत्मविश्वास और जिम्मेदारी का परिचय दिया, वह सराहनीय रहा।



उन्होंने सबसे पहले विद्यालय के सभी अध्यापकों से संवाद किया और अनुशासन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुशासन समिति की बैठक बुलाकर सभी सदस्यों को नियमों के कड़ाई से अनुपालन के निर्देश दिए। करीना ने विद्यालय की दोनों महिला शिक्षिकाओं से वार्ता की और छात्राओं की सुरक्षा व अनुशासन को लेकर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी छात्रा को किसी प्रकार की समस्या होती है, तो वह तुरंत अपने कक्षा अध्यापक के माध्यम से प्रधानाचार्या को सूचित करे। विद्यालय के प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने करीना सिंह को एक दिन की प्रधानाचार्या बनने पर शुभकामनाएं दीं और प्रधानाचार्य के उत्तरदायित्व के विषय में उन्हें जानकारी दी।

## सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

शाहजहाँपुर। सांसद अरुण कुमार सागर ने फीता काटकर व गुब्बारे उड़ाकर सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की शुरूआत हुई। इस



अवसर पर उन्होंने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना, प्रतिभाओं को निखारना तथा खेल भावना को प्रोत्साहित करना है। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं व युवा खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष के सी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, नगर निगम की मेयर अर्चना वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## महिला सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता पर कार्यक्रम आयोजित



शाहजहाँपुर। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत 26 सितम्बर को अटल ऑडिटोरियम में महिला सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट महिला अधिकारियों ने महिला अधिकार, आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आत्मनिर्भरता पर मार्गदर्शन दिया। महिला रिक्रूट आरक्षियों को 1090, 181, 112 और 1930 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई तथा आत्मरक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम से महिला आरक्षियों में आत्मविश्वास और सशक्तिकरण की भावना को मजबूती मिली।

## सीसी रोड का उद्घाटन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) 15वें वित्त आयोग से पश्चिमी दीक्षिताना में बनी सीसी रोड का उद्घाटन आचार्य लवकुश शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजन के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर वार्ड के वरिष्ठजन सुधा दीक्षित और राम आसरे मिश्रा मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, सभासद रियाजुद्दीन एवं सुफियान खान मौजूद रहे। उद्घाटन अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर विशंभर दयाल दीक्षित, डॉ. आदर्श दीक्षित, विनीत मोहन मिश्रा, संजीव शुक्ला, वीरपाल वर्मा, अजय शुक्ला, करुणेश शुक्ला, चंद्रशेखर दीक्षित, प्रदीप दीक्षित, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, नगर पालिका के लेखाकार मोहित अवस्थी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## शहर में धूमधाम से निकली श्रीराम बारात

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) नगर के मेला मैदान में चल रही श्रीरामलीला महोत्सव के पाँचवें दिन प्रभु श्रीराम की बारात धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। बारात की शोभा देखते ही बन रही थी। झांकियों में राधा-कृष्ण, हनुमानजी, दुगार्जी, चंद्रदेव, राम-लक्ष्मण, भरत-शत्रुघ्न, गुरु विश्वामित्र, ऋषि वशिष्ठ और राजा दशरथ के स्वरूपों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।



मेला मैदान से प्रारंभ हुई यह बारात नगर की प्रमुख सड़कों से होते हुए मां मंगला देवी मंदिर पहुँची, जहाँ समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। भगवान स्वरूप बने पात्रों ने मां मंगला देवी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। बारात विकास चैराहे, पुरानी मिल बाईपास, मोहम्मदी रोड, सदर चैराहा, लखीमपुर रोड, नानक चैकी और सिनेमा रोड से होते हुए तिकुनिया चैराहे तक पहुँची। यहाँ श्रीपरशुरामपुरी और चंदौसी से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सड़कों के दोनों ओर कतारबद्ध खड़े महिला-पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग इस ऐतिहासिक झांकी यात्रा के साक्षी बने। जनकपुरी (मिल रोड स्थित सब्जी मंडी) में पारस प्रसाद मिश्र, हरिओम भसीन, बालकृष्ण गुप्ता बल्लू, संजय अवस्थी, गौरव मिश्रा व उनकी टीम ने तिलक, माला व नजर भेंट कर भगवान श्रीराम का स्वागत किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक/विधायक अमन गिरी, पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, शिव मंदिर कमेटी अध्यक्ष जनार्दन गिरी, समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी मोंटी, महामंत्री पंकज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और नगरवासी मौजूद थे।

## गुरूनानक डिग्री कॉलेज में चला जागरूकता अभियान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) श्री गुरु नानक कन्या महाविद्यालय में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एचआईवी/एड्स जागरूकता अभियान के तहत एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सोनम सक्सेना ने छात्राओं को एड्स रोग के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि इस बीमारी से बचाव ही इसका सबसे बड़ा इलाज है। उन्होंने छात्राओं को सुरक्षित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजू भोगल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जानकारी और सतर्कता ही प्रसन्न और स्वस्थ जीवन की कुंजी है।इस अवसर पर डॉ. सीमा पाठक, डॉ. हिमांशु शुक्ला, शालिनी मिश्र, धनेन्द्र कुमार वर्मा, अनुपम सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ मौजूद था।

# सपनों को पंख दो, हार का नाम तक मत लो : मनीषा धार्वे

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। शनिवार का दिन लखीमपुर खीरी की छात्राओं के लिए यादगार बन गया। मिशन शक्ति 5.0 के तहत सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट और जोश से गूंज उठा।



जिला प्रशासन द्वारा आयोजित ह्लटॉक शो विथ आइडियलह्व में प्रशिक्षु आईएएस सुश्री मनीषा धार्वे ने अपने संघर्षों और सफलता के किस्से सुनाकर न सिर्फ प्रेरित किया बल्कि छात्राओं को बड़ा सपना देखने का हौसला भी दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती और माँ दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे ने जीजीआईसी प्रधानाचार्य डॉ. शालिनी दुबे व उपप्रधानाचार्य डॉ. सीमा मिश्रा के साथ दीप जलाया। पूरे सभागार में भक्ति, उत्साह और उत्सुकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। मनीषा धार्वे ने छात्राओं को जीवन का मंत्र देते हुए कहा कि कंप्यूटर तकनीक आज की सबसे बड़ी ताकत है। हर लड़की को इसका ज्ञान होना चाहिए और इसका प्रयोग सकारात्मक दिशा में करना चाहिए। जिंदगी में कभी समझौता मत करो और हार मानने का तो सवाल ही नहीं उठता। निरंतर मेहनत और धैर्य ही सपनों को साकार करने की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने अपने सिविल सेवा के संघर्ष को याद करते हुए बताया कि असफलताएं रास्ता रोक सकती हैं, मगर आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास हर बाधा को पार करा देते हैं।

### करियर और चुनौतियों पर खुला संवाद

छात्राओं ने करियर, प्रतियोगी परीक्षाओं और निजी जीवन की चुनौतियों पर बेबाक सवाल पूछे। मनीषा ने हर प्रश्न को धैर्य और मुस्कान के साथ सुना और विस्तृत जवाब दिए तैयारी की रणनीति से लेकर असफलताओं को अवसर में बदलने तक। उनका सहज और स्पष्ट अंदाज छात्राओं के दिलों को छू गया।

### बेटियों में भरा आत्मविश्वास गूंजी तालियां

पूरे टॉक शो के दौरान छात्राओं की आंखों में चमक और दिलों में उत्साह झलक रहा था। हर जवाब के बाद सभागार तालियों से गूंज उठता। कई छात्राओं ने कहा कि मनीषा धार्वे की बातें उनके भीतर नए सपनों की लौ जलाकर गई हैं।

## गैंगस्टर एक्ट का वांछित फुरकान कुरैशी मुठभेड़ में गिरफ्तार



शाहजहाँपुर। थाना निगोही पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित व शातिर गोकश फुरकान कुरैशी को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी, उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। अभियुक्त के कब्जे से तमंचा, कारतूस व मोबाइल बरामद हुए। उसके खिलाफ गौवध निवारण, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्यवाही शुरू कर दी है।

# एडीएम ने बेटियों को समर्पित कार्यक्रम में किया पौधरोपण



शाहजहांपुर। युवक मंगल दल चौढेरा द्वारा बेटियों को समर्पित वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने ग्राम पंचायत चौढेरा में पहुंच कर पंचायत की जमीन पर महुआ का वृक्ष रोपित किया। कार्यक्रम के पूर्व उन्होंने युवक मंगल दल को ढेरों बधाइयां प्रेषित की तथा युवक मंगल दल द्वारा जनपद में आई बाढ़ एवं अन्य दैवीय आपदाओं में उनके द्वारा दिए गए योगदान पर मंगल दल को प्रोत्साहित किया। उन्होंने आने वाले समय में युवक मंगल दल का भविष्य उज्जवल बताया। मिशन शक्ति 5 के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए उन्होंने बेटियों को समर्पित वृक्षारोपण मुहिम की जमकर सराहना की और कहा कि शाम होते ही महिलाएं असुरक्षित महसूस करने लगती थी वह कामकाज से बाहर नहीं निकल पाती थी लेकिन अब महिलाएं पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं।

बालिकाओं को पूर्व में कक्षा 10 या 12 करने के बाद ही शिक्षा पर परिजनों द्वारा लगाम लगा दी जाती थी मुख्य कारण उनकी सुरक्षा को लेकर था लेकिन अब युवतियां और महिलाएं घरों से बाहर निकल रही है। व्यापार से लेकर नौकरी तक में अपना योगदान दे रही हैं। पहले महिलाएं वोट डालने नहीं जाती थी लेकिन अब महिलाएं चुनाव में भागीदारी करती हैं उन्होंने मिशन शक्ति को काबिले तारीफ कार्यक्रम बताया। पूर्व में परिवार में बेटे को प्राथमिकता मिलती थी लेकिन बेटियां सिर्फ बेटियां ना होकर परिवार को एक दूसरे परिवार से जोड़ती हैं जहां पुत्र रूप में दामाद की प्राप्ति होती है। उत्तर प्रदेश बदल रहा है। प्रदेश में भारी संख्या में युवक मंगल दल कार्य कर रहे हैं शासन भी अब युवक मंगल दल के भविष्य पर विचार कर रहा है। बाढ़ आपदा प्रकोप जैसी दैवीय आपदा के दौरान युवक मंगल दल ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शासन प्रशासन का भरपूर सहयोग किया यह काबिले तारीफ है। उन्होंने ग्राम वासियों से आवाहन किया कि जब भी आप लोगों के घरों में बेटियां पैदा हो तो एक वृक्ष अवश्य लगाए। वृक्ष छाया, फल के साथ आपको आर्थिक रूप से मजबूत भी बनाता है। कार्यक्रम के दौरान युवक मंगल दल अध्यक्ष इंद्रजीत लोधी ने ग्राम पंचायत में एक खेल मैदान बनाए जाने का अनुरोध अपर जिला अधिकारी से किया जिस पर अपर जिलाधिकारी ने शीघ्र ही खेल मैदान बनाए जाने का आश्वासन दिया एवं कागजात देखकर जगह का चिन्हीकरण करा कर खेल मैदान बनाए जाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान युवक मंगल दल अध्यक्ष इंद्रजीत लोधी, उपाध्यक्ष किशन वर्मा, प्रधान गीता देवी, पंचायत सहायक नेहा कुशवाहा, आपदा विशेषज्ञ अभिषेक श्रीवास्तव, सहायक निदेशक कृषि पी के सिंह , प्रभारी युवा कल्याण अधिकारी सतेंद्र कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शुभम सिंह, अनुराग कुमार, आशीष कुमार, अतुल, विपिन कुमार, प्रिंस, साहिल, परविंदर, धीरेंद्र, शानू वर्मा, कुनाल वर्मा, महिला मंगल दल से चांदनी वर्मा, नेहा कश्यप, आंशिका, ने आगनवाड़ी विनीत देवी, पी आर डी जवान वेदप्रकाश, लेखपाल, शशिकपूर, क्यूमली आदि मौजूद रहे।

## 5 से 31 तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान

शाहजहाँपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी विभाग स्वास्थ्य विभाग को अपना माइक्रो प्लान उपलब्ध कराएँ, मलेरिया प्रभावित गांवों पर विशेष ध्यान रखा जाए और आशा-एएनएम द्वारा घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जाए। अभियान 05 से 31 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर बुखार रोगियों की पहचान, एम्बुलेंस से अस्पताल रेफर व मच्छरजनित रोगों से बचाव हेतु जागरूक करेंगी। मॉनीटरिंग डब्ल्यूएचओ व यूनिसेफ सहित अन्य संस्थाएँ करेंगी।


# कार्यालय जिला पंचायत देवरिया

पत्रांकः - 357/जि0पं0/देवरिया

दिनांक- 22 सितम्बर, 2025

## अल्पकालिक ई-निविदा सूचना

समस्त जिला पंचायतो व राज्य सरकार के सिंचाई विभाग/लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदार जो वर्ष 2025-26 के लिये पंजीकृत है, को सूचित किया जाता है कि मा. अध्यक्ष महोदय की स्वीकृति के क्रम में शासकीय अनुदान से गढ्ढामुक्त कार्यों की ई-निविदा दिनांक 26.09.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे से दिनांक- 04.10.2025 को अपरान्ह 1:00 बजे तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित ई-निविदा दिनांक- 04.10.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे से समिति के समक्ष खोला जायेगा। स्कैन कापी की मूल प्रतिया निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय में जमा कर इकरारनामा एवं अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में निर्माण नियमावली के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। निविदा सम्बन्धी अन्य शर्तों एवं अभिलेखो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अभियन्त्रण अनुभाग से की जा सकती है। ई-टेण्डरिंग के सम्बंध में शासन से यदि कोई निर्णय लिये जाते है तो तद्निर्णय सर्वमान्य होगा। शेष नियम ई-टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध है।

| S. No. | Tender Published Date and Time | Tender Sale Start Date and Time | Tender Sale End Date and Time | Tender Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 26-09-2025 03.00 PM | 26-09-2025 03.00 PM | 04-10-2025 01.00 PM | 04-10-2025 03.00 PM |

(जयविन्द कुमार सिंह)
अभियन्ता
जला पंचायत, देवरिया

(अर्जुन सिंह)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, देवरिया

(गिरीश चन्द्र तिवारी)
अध्यक्ष
जिला पंचायत, देवरिया

# टैंकर की टक्कर में मासूम समेत दो की मौत

मीरजापुर। जिले में मिर्जापुर-सोनभद्र मुख्य मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक मासूम सहित महिला की मौत हो गई है।

हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया था। बता दें कि ईलाज के लिए मंडलीय अस्पताल आ रहे एक ही परिवार के दो लोगों की मौत और एक व्यक्ति के घायल घायल होने की खबर है। एक बाईक पर ईलाज के लिए अस्पताल जा रहे पति पत्नी और बेटी को डीजल भरे टैंकर ने सामने से टक्कर मार दी। परिणामस्वरूप टैंकर की टक्कर से मासूम बच्ची और महिला की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा पिता घायल होना बताया गया है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चक्का जाम कर दिया। स्थानीय लोगों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। वहीं पीड़ित परिवार का आरोप रहा है कि पुलिस ने अभद्रता की कटरा थाना प्रभारी पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। उधर दुर्घटना की सूचना पर मौके पर एसपी सिटी नितेश सिंह पहुंच लोगों को समझाने बुझाने में लगे हुए थे। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने कार्यवाही का आश्वासन देकर लोगों को किसी तरह से शांत कराया है। अपर पुलिस अधीक्षक के मुताबिक 27 सितंबर 2025 को थाना कोतवाली कटरा अन्तर्गत पुलिस चौकी बरौधा कचार के पास पेट्रोल से भरे टैंकर द्वारा बाइक सवार को सामने से धक्का मार दिया गया? । हादसे में लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बहुती बसईता गांव निवासी नीरा देवी 35 वर्ष पत्नी विनोद, परी 2 वर्ष पुत्री विनोद की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक चला रहे विनोद घायल हो गए। सभी बाइक पर सवार होकर मंडलीय अस्पताल उपचार के लिए आ रहे थे कि तभी सड़क हादसे के शिकार हो गए। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी नगर मय थाना फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर परिवारीजनों को समझाया बुझाया गया तथा मृतका तथा उसके बच्चे के शव को पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी भिजवाया गया। परिवारीजन से तहरीर प्राप्त कर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

● **हादसे के बाद सड़क जाम, पुलिस ने किया रुट डायवर्जन**

डीजल भरें टैंकर की टक्कर से हुए हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया था। मामला बिगड़ता देख पुलिस ने रुट डायवर्जन कर वाहनों का आवागमन सुनिश्चित कराया है। सड़क जाम के चलते सोनभद्र-मिजार्पुर मार्ग पर यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित रहा है। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तुरंत टैंकर को रोका और चालक को पकड़ लिया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। परिवार के सदस्यों ने शव को देखते ही विलाप शुरू कर दिया।

आक्रोश में आकर उन्होंने सड़क को अवरुद्ध कर दिया, जिससे मुहकुंचवा से कटरा मार्ग पर लंबा जाम लग गया। जाम के कारण दर्जनों वाहन फंस गए, जिसमें एम्बुलेंस और अन्य जरूरी सेवाएं भी प्रभावित हुईं। मृतक महिला के परिवार वालों ने आरोप लगाया कि टैंकर चालक नशे में धुत था और ओवरलोडेड वाहन चला रहा था। उन्होंने मांग की कि चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए और सड़क पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। चक्का जाम के दौरान सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठा हो गए थे और नारेबाजी करने लगे। पुलिस बल को भारी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर पहुंचे कटरा एवं देहात कोतवाली प्रभारी ने आश्वासन दिया कि दोषी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। लगभग दो घंटे के हंगामे के बाद जाम खुला। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली है और रास्ते को डायवर्जन कर दिया गया, जिससे यातायात को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया गया। कटरा कोतवाली क्षेत्र के कुछ हिस्सों में भी ट्रैफिक कंट्रोल के निर्देश जारी किए गए। मृतक महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रशासन ने परिवार को 5 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है, लेकिन परिवार अभी भी संतुष्ट नहीं है।

## संक्षेप

### हादसें में बाइक सवार युवक की मौत

आजमगढ़। सरायमीर थाना क्षेत्र के संजरपुर बाजार के पास शुक्रवार की रात सड़क के किनारे खड़े बेतरकीब डीसीएम में बाइक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बाइक बैठा दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के ईश्वरपुर गांव निवासी 22 वषीर्या सुनील कुमार पुत्र स्व. राममिलन के बहन का दोंगा है। वह शुक्रवार को गांव के 26 वर्षीय सुनील पुत्र रामाश्रय के साथ खरीदारी करने के लिए सरायमीर बाजार गया था। दोनो रात करीब नौ बजे बाइक से घर लौट रहे थे। सरायमीर थाना क्षेत्र के संजरपुर बाजार के पास पहुंचे, इस दौरान सामने से आ रहे वाहन की तेज रोशनी पड़ने से बाइक अनियंत्रित हो गई। सड़क के किनारे बेतरकीब खड़े डीसीएम से बाइक टकरा गई। जिससे दोनो युवक घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग पहुंचे, घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने एंबुलेंस से दोनो को मंडलीय अस्पताल भेजा। मंडलीय अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने सुनील पुत्र स्व. राममिलन को मृत घोषित कर दिया। दूसरे सुनील पुत्र रामाश्रय की हालत गंभीर देख रफर कर दिया। घायल का शहर के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। हालत गंभीर बनी हुई है।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

जौनपुर । चंदवक क्षेत्र के बीरी बारी सारेपुर गांव में एक महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना तब हुई जब उसका पति कपड़े की फेरी लगाने घर से बाहर गया था। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। परिजनों ने बताया कि महिला आर्थिक तंगी से परेशान थी। उसने एक समूह से ऋण लिया था और उसकी किस्त चुकाने का समय नजदीक आ रहा था, जिसके कारण वह तनाव में थी। मृतका के पति बिकल निषाद के अनुसार, दोपहर में खाना खाने के बाद वह घर से निकलकर पास के पूजा पंडाल में चले गए थे। इसी दौरान उनकी पत्नी वंदना ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर तक वंदना के बाहर न आने पर उनकी बड़ी बेटी ने खिड़की से झांककर देखा। उसने पाया कि वंदना साड़ी के सहारे पंखे से फंदा लगाकर लटकी हुई थी। बेटी ने तुरंत शोर मचाकर अपने पिता को घटना की जानकारी दी ।बिकल निषाद ने तुरंत घर आकर दरवाजा तोड़ा और कमरे में प्रवेश किया। उन्होंने वंदना को फंदे से नीचे उतारा, लेकिन तब उसकी मौत हो चुकी थी ।वंदना के जेठ संतोष कुमार निषाद ने बताया कि वंदना ने उत्कर्ष माइक्रो बैंक से 60 हजार रुपए का समूह ऋण लिया था, जिसके गारंटर वे स्वयं थे ।थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने जानकारी दी कि मायके पक्ष से अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी और मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### बदलापुर में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

बदलापुर ( जौनपुर ) नगर पंचायत में बन रहे डिजिटल लाइब्रेरी, पार्क, सीसी रोड निर्माण कार्य का शुक्रवार की देर शाम चेयरमैन प्रतिनिधि वैभव सिंह व अधिशासी अधिकारी आस्था पाठक ने विकास कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। वार्ड नं 2 घाटमपुर में सीसी रोड सड़क निर्माण, वार्ड नं 8 भलुआही में डिजिटल लाइब्रेरी, वार्ड नं 15 सरोखनपुर में मिडिल स्कूल में पार्क निर्माण, वार्ड नं 9 सरोखनपुर, वार्ड नं 12 ऊदपुर गेल्हवा में बन रहे इंटर लॉकिंग सड़क का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य सही मिलने पर पर संतोष व्यक्त किया। और ठेकेदार को सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर लेखा लिपिक, प्रवेश सिंह, निलेश मोर्य, पप्पू तिवारी, विजय मौर्य, विजय अस्थाना, पवन उपाध्याय आदि लोग उपस्थित थे।

### शिवेंद्र प्रताप सिंह बने पत्रकार सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष

जौनपुर। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की जौनपुर इकाई में नई नियुक्ति की गई है। पत्रकार, राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा ने शिवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ काजू पुत्र श्री प्रेम जीत सिंह को जिला उपाध्यक्ष जौनपुर इकाई नियुक्त किया गया है। जिला प्रभारी संजय कुमार सिंह ने विश्वास जताया कि श्री शिवेंद्र प्रताप सिंह काजू पूरे जिले में संगठन के उत्थान के लिए सक्रियता एवं निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

## तेज आंधी और बारिश से कई खंभे गिरे

जौनपुर । बीती रात आई तेज आंधी और बारिश के कारण नगर क्षेत्र में कई स्थानों पर बिजली के खंभे टेढ़े हो गए या गिर गए। सूचना मिलने पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने देर रात तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने दुगार्पूजा और मार्गों पर संभावित भीड़भाड़ को देखते हुए विद्युत विभाग को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए ।जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को सख्त निर्देश दिए कि पूरी टीम रात में कार्य करते हुए सभी जर्जर खंभों को अतिशीघ्र बदलवाए। इसका मुख्य उद्देश्य विद्युत व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित रखना और त्योहारों के दौरान आमजन को बिजली संबंधी समस्याओं का सामना न करने देना है। विद्युत अधिकारियों से कहा कि आमजनमानस को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ ही उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना जिला प्रशासन का दायित्व है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में विद्युत विभाग की लापरवाही से कोई दुर्घटना होती है, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए आगामी त्योहारों के मद्देनजर अभियान चलाकर सभी टेढ़े और जर्जर खंभों को चिन्हित कर अतिशीघ्र बदलने की कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ठ सहित विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और अन्य लोग उपस्थित रहे।

## छेड़खानी के आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में पैर में लगी गोली

आजमगढ़। रौनापार थाना की पुलिस से जोकहरा गांव के रामजानकी मंदिर पुलिया के पास शनिवार की भोर में हुई मुठभेड़ में पुलिस की पैर में गोली लगने से छेड़खानी का आरोपी घायल हो गया। पुलिस ने घेरा बंदी कर उसके पकड़ लिया। शुक्रवार को बकरी चरा रही किशोरी के साथ आरोपी ने छोड़खानी की थी। रौनापार थानाध्यक्ष मन्तोष सिंह किशोरी से छेड़खानी के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र में दबिश दे रहे थे। इस दौरान सूचाना मिली की वह क्षेत्र के जोकहरा गांव से आ रहा है। पुलिस ने जोकहरा गांव रामजानकी मंदिर पुलिया के पास घेरा बंदी कर दी। पुलिस को देखते ही आरोपी ने पुलिस फायरिंक कर भागने लगा। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बाएं पैर में गोली लगने से आरोपी छोटू निवासी रेलवे स्टेशन आजमगढ़ थाना सिधारी को पकड़ लिया। उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुआ। उसे मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को बकरी चरार रही किशोरी से छेड़खानी की थी। विरोध करने पर चेहरा, सीना और पीठ पर दांत से काट लिया था। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया था। किशोरी के चाचा की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। एसएसपी डॉ. अनिल कुमार ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की थी। एसपी ग्रामीण चिरागजैन ने बताया कि मुठभेड़ में घायल आरोपी के विरूद्ध पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। फिल्ड यूनिट साक्ष्य संकलन कर रही है।

## मां दुर्गा को अपशब्द लिखने पर एफआईआर

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ के आदेशानुसार सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक लेख लिखने एवं अश्लील चित्र प्रकाशित करने पर जौनपुर के साइबर थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई ।यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के सदस्य चंद्र मणि पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक से की थी विजय कुमार नामक यूजर द्वारा फेसबुक पर लिखे आलेख एवं प्रकाशित चित्र पर आपत्ति दर्ज कराई है। यूजर ने माता दुर्गा की एक अश्लील फोटो पोस्ट की है इसके अलावा उसने एक आलेख लिखा है,जिसमें उसने माता जी के विषय में एक झूठी और तथ्य हीन कहानी लिखते हुए अनावश्यक रूप से बार बार अपशब्दों का प्रयोग किया है। इसके साथ साथ समाज के दो वर्गों के खिलाफ भी अपशब्दों का प्रयोग करते हुए उनको आपस में लड़ाने के लिए प्रयास किया गया है। इस समय चल रहे नवरात्र के शुभ पर्व पर समाज में अशांति पैदा करने के उद्देश्य से यह किया गया है। समाज में विद्रोह पैदा करके देश की एकता और अखंडता को खुली चुनौती दी गई है। अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बी एन एस की धारा 173, 196, 197, 298, 299, 302, 67 मुकदमा दर्ज करके पुलिस छानबीन कर रही है।

## संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत

लालगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के बघई निवासी मोनू की 22 वषीर्या पत्नी खुशबू की शुक्रवार को देर शाम साड़ी के फंदे में पंखे के सहारे लटकने से संदिग्ध स्थिति में हुई मौत। देर रात मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और शनिवार को शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर रात मायके वालों ने थाने में तहरीर दिया है। परिजनों ने बताया कि घर का पूरा परिवार गड़बड़ा धाम शीतला माता के दर्शन पूजन के लिए गए थे। घर में मोनू की पत्नी खुशबू और मोनू के 80 वर्षीय दादा थे। शाम छः बजे के बाद गड़बड़ा से वापस आने पर मोनू व परिवार के लोगों ने देखा की खुशबू अपने कमरे को अन्दर से किवाड़ बंद कर लिया था। खिड़की से देखा की खुशबू पंखे में साड़ी के सहारे फंदे पर लटकी थी। परिजन आनन फानन में पुलिस को सूचना दिया, मौके पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में किवाड़ तोड़ कर शव को नीचे उतारा गया। मोनू ने इसकी सूचना अपने ससुराल विंध्याचल थाना के महुआरी गांव में दिया। देर रात खुशबू के मायके से दर्जनों की संख्या में पहुंचे लोगों ने खुशबू को मृत देख कर काफी उत्पात मचाया। स्थानीय लोगों ने तिलांव चौकी पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मायके पक्ष के लोगों को समझ बुझा कर शांत किया। देर रात मायके पक्ष द्वारा पति मोनू सहित ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर रात में पीएम के लिए शव मोर्चरी भेज दिया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। मोनू पत्नी के साथ पूना में रहता था तीन दिन पहले वह खुशबू के साथ बघई स्थित घर आया था, खुशबू को अभी कोई संतान नहीं है। ? प्रभारी निरीक्षक अभय सिंह ने बताया की महिला की फांसी लगाने से मौत हुई है। मायके पक्ष द्वारा ससुराल पक्ष के खिलाफ तहरीर दिया है। पीएम रिपोर्ट के बाद अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

## लैंगिक समानता पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। मिशन शक्ति का व्यापक प्रचार प्रसार व महिलाओं से संबंधित विविध योजना कन्या सुमनला योजना, बाल सेवा योजना, सामूहिक विवाह योजना सभी टोल फ्री नंबर जैसे 181, 1090, बच्चों का संबंध 1098 सभी का बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन प्रति व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। जिससे श जनमानस को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सकें। इसी क्रम में विकास भवन के सभागार में नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम किया गया। जिसमें स्वर्गीय कांशीराम बालिका इंटर कालेज, जीडी बिनानी डिग्री कालेज, आर्य कन्या बालिका इंटर कालेज की छात्राओं छात्राओं के द्वारा लैंगिक समानता पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज में महिलाओं एवं बालिकओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की समस्त योजनाओं वन स्टाप सेंटर योजना, बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, दत्तक ग्रहण इकाई, एचईडब्लू बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, 1098, 181, 1090, 112, 1930, 1076 आदि समस्त हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह के बारे में जागरूक करते हुए बताया गया कि लड़की की सादी 18 और लड़के की सादी 21 साल होनी चाहिए तभी यह विवाह मान्य होगा। अगर उनके आसपास ऐसी घटना होती है तो वह इसकी सूचना उपरोक्त हेल्पलाइन नंबर को दे सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन परियोजना निदेशक व जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वन स्टाफ सेंटर हब फार एंपावरमेंट वूमेन, जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारी उपस्थित रहे। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला महिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिनके अंतर्गत बच्चों महिलाओं और वृद्ध जनों की आवश्यकताओं के अनुसार जांच एवं मुख्य रूप से बच्चों में खून एनिमनिया, एलबी तथा एचआईबी का जांच किया गया। मिशन अभियान 5.0 के तहत ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निर्गत कार्ययोजना के अनुसार जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति 5.0 के सोशल मीडिया कैम्पेन व स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत रेलवे स्टेशन पर जन जागरूकता के माध्यम से महिला कल्याण विभाग व चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के द्वारा, जनसंख्या अनुपात, जन्म व मृत्यु दर, लिंगानुपात, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, साक्षरता दर तथा महिलाओं और बच्चों के प्रति होने वाले हिंसा कैसे रोका जा सकता है विस्तृत में जानकारी देते हुए टोल फ्री नंबर 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 1098 चाइल्डलाइन नंबर, 101 अग्निशसन सेवा नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 108 एंबुलेंस सेवा, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, का प्रयोग करके कैसे खुद को बचाव एवं दूसरों का मदद कर सकते हैं, जिससे एक अच्छे समाज का विकास होगा। महिलाओं और बच्चों के हितार्थ योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। इसी क्रम में जनपद के प्रत्येक तहसील में नुक्कड़ नाटक के जरिए जेंडर इक्वलिटी थीम के अंतर्गत कार्यक्रम करवाया गया।

## एग्रीजंक्शन लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र ( आरसेटी ) सिद्दीकपुर में शनिवार को प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना ( एग्रीजंक्शन ) के चयनित 19 लाभार्थियों को 13 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद प्रमाण-पत्र वितरित किया गया।

उप परियोजना निदेशक आत्मा डा0 रमेश चन्द्र यादव ने प्रशिक्षित लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित करके बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार बेरोजगार कृषि स्नातकों को स्वावलंबी बनाने के लिए एग्रीजंक्शन योजना चला रही है जिससे एक ही छत के नीचे किसानों को सभी कृषि निवेश उपलब्ध होने के साथ साथ उचित परामर्श भी मिलेगा जिससे किसानों की आमदनी बढ़ने के साथ कृषि स्नातकों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने ने लाभार्थियों को योजनान्तर्गत प्राप्त होने वाले अनुदान एवं ऋण के विषय मे विस्तार से जानकारी दिया। अन्त में आभार ज्ञापन संस्थान के निदेशक उपेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ संकाय अभिषेक दूबे, जगदीश गौड़ सहित प्रशिक्षित 19 लाभार्थी मौजूद रहे।

## सहकारिता विभाग ने चलाया सदस्यता अभियान

लालगंज, मीरजापुर । बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड एम पैक्स पगार लहंगपुर में शनिवार को सहकारिता विभाग द्वारा सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने बताया कि यह अभियान 12 सितंबर से 12 अक्टूबर तक चलेगा। सदस्यता अभियान के लिए कुल 226 रुपए शुल्क देने होंगे इसमें 200 शेयर ?21 सदस्यता और 5 कृषक पंजिका शुल्क शामिल है। किसानों को पासबुक की तरह कृषक पंजिका दी जाएगी। इसमें खाद लेने पर दर्ज किया जाएगा । कार्यक्रम में अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक सहकारिता लखनऊ नोडल सदस्यता अभियान विंध्याचल मंडल देवमणि मिश्रा ने बताया कि खाद वितरण में पंजीकृत सदस्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। मौजूद किसानों को इस योजना की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि छानवे विधायक रिंकी कोल ने सदस्यता ग्रहण किये किसानों को कृषक पंजिका देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बालेंदु मणि त्रिपाठी ने छानवे विधायक से किसानों की समस्याओं को देखते हुए मांग किया कि समिति पर आने जाने के लिए कच्चा रास्ता को इंटरलॉकिंग करवाया जाए तथा सहकारिता विभाग के अधिकारियों से कहा की पगार साधन सहकारी समिति की बिल्डिंग 1984 में बनाई गई है बरसात होने पर छत से पानी टपक कर खाद बीज खराब हो जाता है। इस पर संयुक्त आयुक्त ने बिल्डिंग मरम्मत का आश्वासन दिया। इस मौके पर डॉक्टर जगदीश सिंह पटेल अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लिमिटेड, एआर अमित कुमार पांडे, जयशंकर तिवारी, योगेंद्र पाल सिंह, सुशील दुबे के अलावा भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## अनिवार्य टीईटी प्रकरण पर संगठन पहुंचा सुप्रीमकोर्ट

जौनपुर। एक सितंबर के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के पश्चात देश के सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा ( टीईटी ) अनिवार्य किये जाने को लेकर शिक्षक आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन केंद्र सरकार की चुप्पी से शिक्षक काफी निराश एवं उद्वेलित हैं।

इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने पुनर्विचार याचिका दाखिल किया। याचिका दाखिल करते समय वहां उपस्थित उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के जिलाध्यक्ष व प्रांतीय संयुक्त महामंत्री अमित सिंह ने बताया कि संघ के संरक्षक भाजपा के एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह की अगुआई में राष्ट्रीय कार्यकारिणी व प्रांतीय कार्यकारिणी ने टेट अनिवार्यता मुद्दे पर विधिक व विधायी दोनों स्तर से वृहद तैयारी की रही है, जिसके संदर्भ में पुनर्विचार याचिका व रिट राष्ट्रीय संगठन द्वारा दायर की गई ।अब शिक्षकों के राष्ट्रीय स्तर के संगठन अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सनद रहे कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सरंक्षक गोरखपुर क्षेत्र से एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह के यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर शिक्षकों के पक्ष में रिव्यू दाखिल करने के अनुरोध को मुख्यमंत्री ने स्वीकार करते हुए इस मामले में प्रदेश सरकार ने पहले ही पुनर्विचार याचिका दाखिल की थी। अब अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ ( एआईपीटीएफ ) ने स्प्रीम कोर्ट में देश के शिक्षकों की तरफसे रिव्यू याचिका दायर कर दी है।

## कुलपति ने साइकिल यात्रा को किया रवाना



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय, में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को विकसित भारत विषय पर भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया ।रैली विश्वविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर गोद लिए गए गांव जासोपुर और देवकली तक पहुंची।

इस दौरान छात्र-छात्राओं ने गांव के लोगों को शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय विकास के प्रति जागरूक किया। देवकली और जासोपुर के प्राथमिक विद्यालयों में भी विद्यार्थियों ने बच्चों को प्रेरित किया ।कुलपति ने कहा कि ह्यविकसित भारत 2047 का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब शिक्षा, पर्यावरण और सामुदायिक विकास को साथ लेकर आगे बढ़ा जाए। यह रैली युवाओं को देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए सक्रिय भागीदारी की प्रेरणा देगी ।ह्यकार्यक्रम का संचालन और समन्वय के साथ विद्यार्थियों को संबोधित भी प्रो. राकेश कुमार यादव एवं डॉ. अनुराग मिश्र ने किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. राहुल कुमार राय, डॉ. रजित राम सोनकर, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. मनोज पांडेय सहित अनेक प्राध्यापक एवं अधिकारी उपस्थित रहे। यह साइकिल रैली ह्यविकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने और युवा पीढ़ी में राष्ट्र निर्माण की भावना जगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुई।

## तहसीलदार ने चौपाल लगाकर महिलाओं को किया जागरूक

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। मिशन शक्ति फेज पांच के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन बढ़ाने के लिए शनिवार को ड्रमंडगंज पुलिस ने तहसीलदार लालगंज दीक्षा पांडेय की अध्यक्षता में महेशपुर गांव स्थित पंचायत भवन में चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया। थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय ने महिलाओ को कानून, हेल्पलाइन नंबर और महिला सशक्तिकरण से संबंधित जानकारी दी। थानाध्यक्ष ने महिलाओं की सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम की जानकारी दी। तहसीलदार लालगंज दीक्षा पांडेय ने महिलाओं को उनके अधिकरों के प्रति जागरूक करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। ने महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। तहसीलदार ने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण के लिए तत्पर है। घरेलू हिंसा तथा किसी भी जगह उत्पीड़न होने पर हेल्पलाइन सेवाओं और स्थानीय पुलिस से सहयोग लेने की तहसीलदार ने महिलाओं से अपील की ।इस दौरान एसआई राम विशाल, बैजनाथ बिंद आदि मौजूद रहे।

# पीएम स्वनिधि की योजना फिर से हुई शुरू

## पथ विक्रेताओं को अब मिलेगा पंद्रह से पचास हजार तक का लोन



जिला संवाददाता

मीरजापुर। भारत सरकार की पीएम स्वनिधि योजना फिर से प्रारंभ हो गई है। सत्रह सितंबर से दो अक्टूबर तक चलने वाले इस लोक कल्याण मेला के अंतर्गत नगर निकायों में पथ विक्रेताओं की लोन प्रक्रिया ऑनलाइन की जाएगी,जिसके बाद बैंको द्वारा कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद पथ विक्रेताओं के खाते में लोन का पैसा डाला जायेगा।

बता दें इस बार पथ विक्रेताओं को मिलने वाला पहला लोन दस हजार से बढ़ाकर पंद्रह हजार कर दिया गया है। जिसके लिये पालिका कार्यालय में एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार लिंक नंबर, आधार कार्ड और बैंक पास की फोटोकॉपी और यूपीआईडी लाना होगा ।आवेदन के दौरान आवेदक के मोबाईल पर ओटीपी भी जायेगी जिसके के लिये मोबाइल भी लाना आवश्यक होगा ।पथ विक्रेताओं के पहला लोन चूकता कर लेने पर मिलने वाले बीस हजार लोन की राशि को भी सरकार द्वारा पच्चीस हजार कर दिया गया है। दोनों राशि जमा करने के बाद पथ विक्रेताओं को पचास हजार लोन किया जायेगा ।पिछले कई साल से चली आ रही इस योजना से मीरजापुर नगर पालिका परिषद द्वारा लगभग छः हजार से ऊपर पथ विक्रेताओं को योजना का लाभ दिलवाया गया था। नगर पालिका क्षेत्र में कार्य करने वाले रेहड़ी-पटरी दुकानदारों के साथ,फेरी करने वालो, सैलून, सिलाई-कढाई करने वाली महिलाओं, माला-फूल बेचने सहित तमाम लोगों को नगर पालिका कार्यालय में लोन प्रक्रिया का ऑनलाइन किया था। भारत सरकार द्वारा छोटे लोन देकर रेहड़ी-पटरी दुकानदारों आर्थिक सहयोग किया जा रहा है,जिससे अपने उद्योग धंधों को बढ़ा सके।

## जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य के लिए मीरजापुर जनपद को मिला प्रथम स्थान

मीरजापुर। जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य के लिए देश में उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जनपद को प्रथम स्थान मिला है। बता दें कि जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार के द्वारा जनपद में वर्षा जल संरक्षण के लिए उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए जनपद को उत्तर भारत जाने में पहला स्थान प्राप्त हुआ हैं। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद में चलाए गए कैच द रेन अभियान चलाया गया, जिसके तहत मनरेगा योजनान्तर्गत कई महत्वपूर्ण कार्य के साथ ही तालाबों की खुदाई, सिल्ट सफाई, खेत तालाब निर्माण, रेन वाटर हारवेस्टिंग, बंधी निर्माण, नाला, छोटी नदियों की सिल्ट सफाई एवं सोख पिट निर्माण आदि कार्यो में सक्रिय भागीदारी करते हुए जनपद में गिरते हुए भू-गर्भ जल स्तर को रोकने एवं जल स्तर को बढ़ाने की दिशा में उत्कृष्ठ कार्य किया गया। जनपद में यह अभियान जल स्त्रोतो के महत्व को समझते हुए प्रारम्भ किया गया था। जनपद के सबसे अधिक क्रिटकल ब्लाक कोन ब्लाक में एक वर्ष में एक मीटर भू गर्भ जल स्तर विभिन्न कार्यो के तहत करते हुए बढ़ाया गया। विकास खण्ड सिटी में 16.76 किलोमीटर लम्बी लोंदही नदी की सिल्ट सफाई कर उसकी दशा में सुधार लाना, लोवर खजुरी, चकडैम, हाफ में बैंडिंग तालाब आदि निर्माण व जीर्णोद्धार भी कराया गया। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने बताया कि जल संरक्षण की दिशा में बेहतर कार्य करने के लिए जनपद को देश भर में 05 जोन में से उत्तर भारत जोन में जनपद मीरजापुर को प्रथम स्थान मिला हैं पुरस्कार में दो करोड़ रुपए भी मिलेगा जिससे जनपद में और विकास कार्य कराए जा सकेंगे।

## डाला-मोटरसाइकिल में भिड़ंत, एक का पैर कटा

पहला ( सीतापुर ) । थाना रामपुरकलां अंतर्गत बिसवां-सिधौली मार्ग पर एक रोटावेटर लड़े डाला ने मोटरसाइकिल सवार को साइड से टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार का एक पैर कट गया। जिसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी अनुसार जिला लखीमपुर खीरी के मथुरापुर थाना फूल बेहद निवासी 32 वर्षीय लक्ष्मीराम पुत्र द्वारिका प्रसाद अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी तथा तीन वर्षीय दिव्यांशु पुत्र लक्ष्मीनारायण अपनी बाइक से सिधौली की तरफ से बिसवां किसी काम से जा रहे थे कि थाना रामपुर कलां अंतर्गत रेडिको खेतान फैक्ट्री के निकट रोटावेटर लदे डाला ने साइड से टक्कर मार दी। जिससे लक्ष्मीराम का पैर कट गया।

## अश्लील वीडियो बनाने में तीन नामजद

जौनपुर। बरसठी थाना क्षेत्र के मनिकापुर गांव में एक विवाहिता के साथ अश्लील हरकत कर उसका वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। भदोही जिले के सुरियावां थाना क्षेत्र की एक विवाहिता अपने रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने बरसठी क्षेत्र के एक गांव में आई थी। आरोप है कि उसी दौरान गांव का युवक मुकेश अश्लील हरकत करते हुए उसका वीडियो और फोटो बना लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने लगभग एक वर्ष तक ब्लैकमेल कर बातचीत जारी रखी और बाद में सोशल मीडिया पर वीडियो और फोटो वायरल कर दिया। विवाहिता ने जब इस घटना की जानकारी अपने पति को दी तो वह पूछताछ के लिए आरोपी के पास पहुंचे। आरोपी मुकेश के साथ उसका भाई विकास और पिता अशोक ने पति को जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपी मुकेश, उसका भाई विकास और पिता अशोक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही हैं।

संक्षेप

## गरबा डांडिया महोत्सव का आयोजन

**देवरिया।** शहर के न्यू कॉलोनी स्थित एस एन मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गरबा डांडिया महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के निदेशक विपिन कुमार शर्मा व प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। गरबा डांडिया कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र व छात्राओं ने अपने अपने ढंग से गरबा डांडिया नृत्य की प्रस्तुति दी। स्कूल के बच्चों ने डांडिया नृत्य करके सबका मन मोह लिया। उपस्थित लोग बच्चों के डांडिया नृत्य कार्यक्रम देख कर भाव विभोर हो गए। स्कूल के सभी क्लास के बच्चों ने अलगअलग ग्रुप में भी गरबा डांडिया नृत्य किया और फिर सामूहिक रूप से भी डांडिया गरबा नृत्य करकेकार्यक्रम में समा बांध दिया। बच्चों के अभिभावकों ने भी सामूहिक रूप से गरबा डांडिया की प्रस्तुति दी। स्कूल के सभी स्टाफ भी गरबा डांडिया कार्यक्रम में भाग लिया और सभी ने सामूहिक रूप से अपनी प्रस्तुति दी।

# आधुनिक उपकरण आपूर्ति कार्य कक्ष का मण्डलायुक्त ने किया शुभारंभ

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा एचडीएफसी सीएसआर पहल ह्यपरिवर्तनह्ण के अंतर्गत स्थानीय सीएचसी के मातृत्व वार्ड का नवीनीकरण और आधुनिक उपकरण आपूर्ति कार्य कक्ष सफलता पूर्वक पूर्ण

**● मातृत्व एवं शिशु सेवाओं को और सशक्त बनाने का है उद्देश्य**

किया गया। जिसका शुभारंभ शनिवार को मंडलायुक्त गोरखपुर अनिल ढींगरा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक गोरखपुर एस. चिनप्पा द्वारा सयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस परियोजना के उद्देश्य के बारे मंडलायुक्त सर को विस्तारपूर्वक बताते हुए सीएचसी पर तैनात महिला चिकित्साधिकारी डॉ नेहा पाठक ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त



बनाना तथा स्थानीय मरीजों को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि यह पहल स्वास्थ्य ढांचे को नई दिशा प्रदान करेगी। महिला चिकित्साधिकारी डॉ अनामिका ने बताया कि यह पहल स्थानीय क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिये बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने एवं चिकित्सा सुविधाओं को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। सीएचसी अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत अस्पताल में कराये गये कार्यों में दीवार पेंटिंग, टाइल्स, पैनलिंग, विद्युत व्यवस्था सहित व्यापक नवीनीकरण शामिल है। इसके अतिरिक्त डिलीवरी टेबल, सीटीजी मशीन, मल्टीपारा मॉनिटर, रेडिएंट बेबी वॉर्मर, फोटोटेरेपी मशीन, स्ट्रेचर, व्हीलचेयर और वॉटर कूलर जैसे आधुनिक उपकरण भी उपलब्ध कराये गये हैं। कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण विकास ट्रस्ट एवं एचडीएफसी सीएसआर पहल ह्यपरिवर्तनह्ण के अंतर्गत किया गया इस दौरान जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ चंद्रप्रकाश, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र, उपजिलाधिकारी संतराज सिंह बघेल, पुलिस क्षेत्राधिकारी कुंदन सिंह, डॉ शौनक श्रीवास्तव, डॉ गौतम जी गौरव, डॉ जलज गुप्ता, डॉ आशुतोष पांडेय, डॉ निधिप्रदा मल्ल, डॉ पल्लवी मिश्रा, एसटीएलएस आशुतोष कुमार मिश्र, चीफ फार्मासिस्ट संजय राय, वशीर अहमद, अभिषेक पांडेय, एल टी विजयकृष्ण द्विवेदी, विनोद वर्मा, शाहिद अंसारी, रत्नेश यादव, राकेश पांडेय, अनिता यादव, प्रतिमा मौर्या, पूनम राय, श्रेयांश ऊर्जा से रवि पाण्डेय, प्रकाश उपस्थित रहे।

## किसान सम्मान निधि के लिए करायें पंजीकरण

**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (ह्यपीएम-किसानह्ण) की 21वीं किस्त और कृषि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए अब फार्मर रजिस्ट्री (किसान पंजीकरण) अनिवार्य कर दिया गया है। यह कदम सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और बिना किसी रुकावट के पात्र किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से उठाया गया है। विशेष पंजीकरण अभियानकिसानों की सुविधा के लिए, जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह पंजीकरण कैंप 29 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित किए जाएंगे। ये कैंप जिले के प्रत्येक ब्लॉक और तहसील कार्यालयों में लगाए जाएंगे और इनका समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। किसानों को आधार कार्ड, मोबाइल फोन, अपनी खतौनजिलाधिकारी ने इस पहल के महत्व पर जोर देते हुए सभी किसानों से अपील की है।

## ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगी सांसद खेल स्पर्धाः शशांक मणि

**देवरिया।** सांसद खेल स्पर्धा 2025 के लिए खिलाड़ी छात्रों के पंजीकरण कैम्प का आयोजन महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज और राजकीय इंटर कालेज देवरिया में किया गया। पंजीकरण कैम्प में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों ने ऑनलाइन पंजीकरण के बारे में छात्रों को बताया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा से ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा की खेल से शरीर और मन स्वस्थ होता है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया मूवमेंट और खेलो भारत का नारा देकर देश के युवाओं को खेलो से जुड़कर स्वस्थ भारत और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील किया है। जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, प्रतियोगिता संयोजक पवन कुमार मिश्र ने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से युवा खिलाड़ी आवेदन कर सकते है, उन्होंने कहा कि देवरिया विधानसभा के लगभग 100 विद्यालयों के छात्र सांसद खेल स्पर्धा के विभिन्न खेलो में भाग लेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधानाचार्य रामकिंकर मिश्र, जितेंद्र कुमार प्रजापति, लोकेश गोयल, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नीरज कुमार मिश्र, मार्कण्डेय तिवारी, राकेश शुक्ला, विजेंद्र चौहान, राधेश्याम शुक्ला, अजय पाण्डेय, अरुण कुमार मिश्र, कृष्णा यादव उपस्थित रहे।

## करंट से युवक की मौत

**बरहज, देवरिया।** बरहज थाना क्षेत्र के ग्राम खोरी हरिजन बस्ती में शुक्रवार की रात करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान लालबहादुर प्रसाद 35 वर्ष पुत्र मलई के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार लालबहादुर रात करीब 12 बजे पत्नी कविता और बच्चों के साथ छत पर सो रहे थे। इसी दौरान वह लघुशंका करने के लिए छत के किनारे पहुंचे। छत से सटा हुआ 250 केवी का बिजली का तार अचानक उनके संपर्क में आ गया। करंट की चपेट में आने से लालबहादुर की मौके पर ही मौत हो गई मृतक के दो बेटी एक बेटी डेढ़ वर्ष और छह माह का बेटा है। परिजनों का कहना है कि कई बार विद्युत विभाग से नंगा तार हटाने और केबल लाइन डालने की शिकायत की गई। कार्रवाई नहीं हुई। सरकार की ओर से नंगे तार को केबल में परिवर्तित करने का अभियान चलाया जा रहा है। घटना की सूचना पर बरहज तहसीलदार और थाना अध्यक्ष मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

# आबादी की जमीन को 25.75 करोड़ में एग्रीमेंट कराने का आरोप

**कुशीनगर।** जिले के बसहिया उर्फ कप्तानगंज में आबादी की जमीन को भू माफियाओं द्वारा 25 करोड़ 75 लाख रुपए में एग्रीमेंट कराने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इसकी शिकायत कप्तानगंज निवासी सामाजिक कार्यकर्ता रामनरेश अग्रहरी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर

**● सामाजिक कार्यकर्ता रामनरेश अग्रहरी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सरकारी जमीन को मुक्त कराने की मांग किया**

**● अब बंजर की जमीन पर भू माफियाओं की नजर**

आबादी की जमीन पर किए गए अवैध रूप से कब्जा मुक्त कराने की मांग किया है। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र भेजकर सामाजिक कार्यकर्ता रामनरेश अग्रहरी ने अवगत कराया है कि मौजा बसहिया उर्फ कप्तानगंज स्थित आराजी नंबर 779 ख जो आबादी की जमीन है। इसपर भू माफियाओं द्वारा 25 करोड़ 75 लाख 90 हजार रुपए में एग्रीमेंट कराया गया है। इसकी जानकारी जिलाधिकारी कुशीनगर से भी की गई थी लेकिन जिलाधिकारी द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसके अलावा आराजी नंबर 1293क व 780ग बंजर कुल की जमीन लगभग 20 एकड़ है, जिसपर भू माफियाओं की नजर पड़ी है। इतना ही नहीं आबादी की जमीन पर लोन भी लेने का मामला भी सामने आया है। मुख्यमंत्री से अपील करते हुए शिकायतकर्ता ने उक्त जमीन को भू माफियाओं के चंगुल से मुक्त कराने की मांग किया है। पत्र में शिकायतकर्ता ने यह भी लिखा है कि इस शिकायत पर मुझे भू माफियाओं द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर उप जिलाधिकारी कप्तानगंज विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि इस तरह का मामला मेरे संज्ञान में नहीं है, जबकि जिलाधिकारी कुशीनगर से वार्ता हुई तो उन्होंने कहा मीटिंग में है।

## टेट अनिवार्यता कानून के खिलाफ शिक्षक लामबंद

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबंध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ टेट अनिवार्यता के खिलाफ अपना संघर्ष जारी रखेगा। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय सुशील कुमार पांडे के नेतृत्व में पूरे देश में टेट अनिवार्यता के काले कानून के खिलाफ शिक्षक लामबंद है, जिले से लेकर प्रदेश, पूरे देश में शिक्षक ऐसे कानून को वापस लेने के लिए विभिन्न तरीकों से आंदोलन का संचालन कर रहे हैं, आंदोलन के इस चरण में आज छठे दिन भी शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया।

# फाजिलनगर के अभिमन्यु पांडेय जापान में सम्मानित

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** साहित्यकार एवं अग्रहार संस्था के अध्यक्ष अवकाश प्राप्त सार्जेंट अभिमन्यु पाण्डेय 'मन्नू' को जापान के टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ सोशल वेलफेयर में आयोजित एशिया पैसेफिक स्कूल साइकोलॉजी एसोसिएशन के आठवें अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में सम्मानित किया गया। उन्होंने स्कूल मनोविज्ञान में डिजिटल उपकरणों और तकनीक का एकीकरण 21वीं सदी के विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य समर्थन में नवाचार विषय पर शोध प्रस्तुति दी।




सम्मान समारोह में उन्हें प्रो. पंच रामलिंगम, प्रो. एल.एम. लोपेज, प्रो. जिरो सकाई, प्रो. पी. प्रकाश बाबू, प्रो. वी. कनागासिंगम, डा. ए. बहीराथन और प्रो. मिचिको इसिकावा ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। श्री पाण्डेय ने अपनी 14 काव्य संग्रहों में से 8 संग्रह हिन्दी पुस्तकालय हेतु प्रो. मिचिको इसिकावा को भेंट किए। कार्यक्रम में जर्मनी के मावाई सो थंगाराजाह, फलिस्तीन के प्रो. वाइल एम.एफ. अबूहसन, एवं एसडीएस एकेडमी के डॉ. टी. संथानम भी उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस ऑन तमिल कल्चर के 51वें समारोह में भी उन्हें अंगवस्त्र और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

श्री मन्नू के इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान से क्षेत्र में हर्ष की लहर है। श्री मन्नू को इस उपलब्धि पर डा.उमाकांत राय, डा.आद्या प्रसाद द्विवेदी, डा.रामदरश राय, डा.इंद्रजीत मिश्र, डा सुधाकर तिवारी, डा.प्रेमचंद्र सिंह, जितेंद्र पांडेय जौहर, सत्यप्रकाश शुक्ला बाबा, सुभाष पांडेय संगीत, आकाश महेशपुरी, अवध किशोर अवधू, हृदया नन्द शर्मा, आरके भट्ट बावरा, ओमप्रकाश द्विवेदी ओम, भूपेंद्र राय गंवार, मनंजय तिवारी निर्मल, मोहन पांडेय भ्रमर, श्यामनारायण गुप्ता, हरेंद्र पांडेय आदर्श, संतोष गुप्ता संगम, बनारसी दास खरवार, मंगल प्रसाद आदि साहित्यिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## इंजीनियर सलोनी तिवारी का हुआ लेफ्टिनेंट पद पर चयन




**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम नोनापार की बेटी इंजीनियर सलोनी तिवारी का चयन भारतीय सेना में कम्प्यूटर साइंस ब्रांच मे आल इण्डिया रैंक प्रथम के साथ लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ है। सलोनी तिवारी के परिवारिक पृष्ठभूमि के अनुसार उनके पिता सुनील तिवारी सेना मे सुबेदार मेजर दादा श्रीराम तिवारी कैप्टन माता संगीता तिवारी सफल गृहक्षी भाई पुष्पराज तिवारी गोरखपुर विश्वविद्यालय मे शिक्षा ग्रहण कर रहा है। सलोनी तिवारी की प्रारम्भिक शिक्षा केन्द्रीय विद्यालय देवरिया दसवीं की शिक्षा केन्द्रीय विद्यालय अलहीलाल हिमांचल प्रदेश बारहवीं की शिक्षा केन्द्रीय विद्यालय बिकानेर राजस्थान बी टेक की शिक्षा कम्प्यूटर साइंसकी शिक्षा वनस्थली विद्यापीठ जयपुर से हुई थी। इनकी इस सफलता पर गाँव व क्षेत्र मे खुशी का माहौल है। इसकी उपलब्धि परबिहारी तिवारी गुडडू तिवारी अधिवक्ता श्रवण तिवारी सोनू तिवारी नन्हे तिवारी मंटू तिवारी प्रबन्धक गंगेश्वरनाथ तिवारी सिध्दु तिवारी टिंकू तिवारी चन्द्रभूषण तिवारी पंडित तिवारी ने बधाई देते हुए शुभकामना व्यक्त किया है।

## भक्ति गीतों से गुंज उठा पंडाल, मंत्र मुग्ध हुए श्रोता

**बरहज, देवरिया।** नगर पंचायत में सिद्धि विनायक दुर्गा पुजा सेवा समिति द्वारा नवरात्री के पावन त्यौहार पर 9 देवियों की प्रतिमा स्थापित कर भक्ति भाव से पूजा अर्चना की जाती है। नवरात्री के प्रथम दिन से ही नव देवियों की विधि विधान से पूजा होती है। शुक्रवार की देर रात तक जागरण कार्यक्रम हुआ जिसमे भजन गायकों ने दुर्गा के भक्ति भजनों से श्रद्धालुओं को सराबोर कर दिया गया। जागरण कार्यक्रम मे गायक कलाकार शुभम तिवारी एवं गायिका रबीना ने अपनी भक्ति मय गीतों से शमा बांध दिया। शुभम तिवारी ने गणपति गजानन की आरती एवं या देवी सर्व भूतेशु सर्व मंगल मांगले एवं मईहर क भवानी बा, शारदा मयरिया हमरी न गीतो पर श्रद्धालु झूम उठे। रबीना द्वारा गाये भक्ति गीत मन भावे सैया चुनरिया गोटेदार गीत गा कर भक्तो को झूमने पर मजबूर कर दिया। अध्यक्ष ब्रह्मानंद मद्धेशिया, ई. राहुल गुप्ता, अक्षय गुप्ता, मोनू वर्मा, सत्यम जायसवाल, बृजमोहन मद्धेशिया, अंकुर श्रीवास्तव, अखिलेश गुप्ता, डॉं बंगाली, सूरज वर्मा, बालकेश्वर, रंजीत वर्मा, संजय वर्मा, परशुराम वर्मा, पंकज गौड, धीरज मद्धेशिया आदि मौजूद रहे।

## समाजवाद के सजग प्रहरी थे किशन पटनायक : चंद्रभूषण सिंह यादव

**देवरिया।** डा लोहिया के साथ खड़े हो देश में समाजवाद की परिकल्पना को मूर्त रूप देने हेतु परास्नातक कर शिक्षक की नौकरी करते हुए उड़ीसा के कालाहांडी में भुखमरी से हुई मौतों पर प्रदेश सरकार के खिलाफ जनहित याचिका दाखिल करने वाले महान समाजवादी पुरोधा किशन पटनायक ने तीसरी लोकसभा में संबलपुर से प्रजा सोशलिस्ट पार्टी से चुनाव जीत डा लोहिया के समाजवादी मूल्यों को देश की संसद के पटल पर मजबूती से रखा था, उक्त उद्गार समाजवादी पुरोधा किशन पटनायक के स्मृति दिवस पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि सही मायने में कहा जाए तो किशन पटनायक समाजवाद के सजग प्रहरी थे।

सपा के नेता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी रीति -नीति को जन -जन तक पहुंचाने हेतु किशन पटनायक ने जहां राजनीति में अपनी सक्रियता बरकरार रखी वही उन्होंने जनजागरुकता हेतु ₹सामयिक वार्ता₹ मासिक पत्रिका निकाला।

किशन पटनायक ने ₹भारत शूद्रों का होगा₹,₹विकल्पहीन नहीं है दुनिया₹,₹किसान आंदोलन दशा और दिशा₹,₹भारतीय राजनीति पर एक दृष्टि₹ सहित उड़िया मे भी कई किताबों को लिखने का कार्य किया जो उनके सामाजिक न्याय समर्थक वैचारिकी को उद्घाटित करता है। हम आज किशन पटनायक को उनके स्मृति दिवस पर श्रद्धावनत हो नमन करते हैं। उक्त अवसर पर उपस्थित सुरेश नारायण सिंह, व्यास यादव, संजय यादव, अभिषेक गुड्डू गोंड, अयोध्या वर्मा, नाजिर अंसारी, बेलभद्र गोंड, नगीना यादव, संतोष मद्धेशिया, उत्तिम यादव, शंकर यादव, रामा भारती, सुभाष प्रसाद, अंबेडकर प्रसाद, उमाकांत प्रसाद, अख्तर अंसारी, मुस्तकीम, नारायण प्रसाद, नरेश प्रसाद, मद्धेशिया आदि प्रमुख सपाईयों ने किशन पटनायक के चित्र पर शीश नवाते हुए उन्हें नमन किया।

# एस एस बी एल इंटर कॉलेज में जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

**देवरिया।** आज नगर स्थित सेवा समिति बनवारी लाल इण्टरमीडिएट कॉलेज के क्रीडांगन में जनपदीय विद्यालयीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें जिले की सभी तहसील स्तरीय कबड्डी टीमों के मध्य कबड्डी खेली गयी। इस प्रतियोगिता में सीनियर जूनियर और सब जूनियर वर्ग के अन्तर्गत बालक -बालिकाओं की अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक श्री शिवनरायण सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिता के आरम्भ में खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन वक्तव्य में उन्होंने कहा, कि क्रीडा मैदान की गतिविधियों के अभाव में शिक्षा और व्यक्तित्व विकास के लक्ष्य के पूर्णता की कल्पना ही नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, कि उत्तर प्रदेश सरकार की मशां के अनुरूप माध्यमिक विद्यालयों में खेल



गतिविधियों को बढ़ावा देने का हर प्रयास देवरिया जनपद में किया जा रहा है। उन्होंने कहा, कि कबड्डी एक खेल ही नहीं है, बल्कि हमारे गांव के सामूहिक जीवन का प्रतिबिंब भी है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राजकीय इण्टर कॉलेज देवरिया के प्रधानाचार्य श्री राम किंकर मिश्र ने कहा, कि पढ़ाई के साथ खेल किशोर और युवाओं के व्यक्तित्व का आधार है। खेल में सर्वोच्चता विकसित होने का सूचक है। जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता के संयोजक एस एस बी एल इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ अजय मणि त्रिपाठी ने कहा, कि सामूहिक खेल का उद्देश्य सामाजिक मेल है। कबड्डी ही वह खेल है, जिसने हमारे ग्रामीण युवा शक्ति की सक्रियता और सौष्ठव कोजीवंत बनाये रखने में सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। खेल गतिविधियां सकारात्मक विचारो की वाहक हैं। प्रतियोगिता में सीनियर बालक वर्ग में विजेता देवरिया ग्रामीण तथा उपविजेता सलेमपुर तहसील रहाजूनियर बालक वर्ग 17 वर्षीय में देवरिया सदर तहसील तथा उपविजेता देवरिया ग्रामीण तहसील रहासब जूनियर बालक वर्ग 14 वर्षीय विजेता देवरिया ग्रामीण उपविजेता सलेमपुर तहसील रहासीनियर बालिका वर्ग में विजेता देवरिया ग्रामीण तथा उपविजेता भाटपार रानी तहसील रहा जूनियर बालिका वर्ग में विजेता देवरिया ग्रामीण उपविजेता सलेमपुर तहसील की टीम रही। बालिकाओं के सब जूनियर आयु वर्ग (14 वर्ष)में विजेता भाटपार रानी तथा उपविजेता देवरिया ग्रामीण तहसील की टीम रही।

प्रतियोगिता में विजयी टीमों को सारस्वत अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक श्री नीलेश पाण्डेय ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, कि खेलों के माध्यम से हर परिस्थिति में जो संघर्ष करने की प्रेरणा मिलती है, वही वास्तविक अर्थ में सबसे बड़ा पुरस्कार है। खेल भावना का तात्पर्य ही है प्रतिस्पर्धी के साथ भी सैद्धांतिक और नियम युक्त व्यवहार जो इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से जीवन में सहज उतर जाता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजेश मिश्र ने किया। खेल गतिविधियों का प्रबंधन क्रीड़ा प्रभारी श्री संजयानन्द पाण्डेय द्वारा किया गया।

## समय रहते उड़ते ड्रोनों का पर्दाफाश व कार्रवाई करे जिला प्रशासन : रमाशंकर राजभर



**देवरिया।** समाजवादी पार्टी के सांसद रमाशंकर राजभर ने जनपद में रात्रि 8 बजे के बाद उड़ने वाले ड्रोनों की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है और जिला प्रशासन से तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। सांसद ने बताया कि कल रात जनपद के गौरीबाजार, रुद्रपुर, एकौना थाना क्षेत्रों के करीब दो दर्जन से अधिक गाँवों में रात 8 बजे के बाद ड्रोनों के उड़ने की सूचना मिली। कई ग्रामीणों ने इन ड्रोनों की तस्वीरें भी खींची हैं। सांसद जी ने कहा कि उनके निवास स्थान पर भी ड्रोन से तस्वीर खींची गई, जिससे महिलाओं, बच्चों और ग्रामीणों में भय व दहशत का माहौल है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि आखिर ये लोग कौन हैं, जो इतने बड़े पैमाने पर इस प्रकार की गतिविधियाँ कर रहे हैं? एक साथ इतने गाँवों में ड्रोन उड़ाना किसी एक व्यक्ति का कार्य नहीं हो सकता। इसका पदार्फाश होना अनिवार्य है। सांसद जी ने कहा कि यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो इस तरह की घटनाएँ अफवाहों और अप्रिय घटनाओं को जन्म दे सकती हैं, जैसा कि पहले ₹मुंहनोचवा₹ जैसी अफवाहों से हुआ था। सांसद जी ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से अविलंब ड्रोन उड़ाने की घटनाओं पर रोक लगाने तथा दोषियों का पदार्फाश करने की माँग की है।

# मिशन शक्ति 5.0 के प्रभावी क्रियान्वयन संबंधी बैठक




**कुशीनगर।** ह्लमिशन शक्ति अभियान के पाँचवें चरण के अंतर्गत जनपद स्तर पर मंडलायुक्त अनिल ढींगरा एवं डीआईजी के साथ जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने इस अवसर पर कहा कि मिशन शक्ति अंतर्गत जिस विभाग द्वारा जो भी कार्यवाही की जा रही है, उसे सोशल मीडिया या प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाय, धरातल पर इस योजना अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है परंतु आमजन को भी मालूम होना चाहिए कि क्या हो रहा है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि महिला कल्याण से संबंधित जो भी कार्यवही हो उसे जिलाधिकारी के संज्ञान में लाते हुए पोर्टल पर पर भी अपडेट किया जय। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि छेड़खानी संबंधित मामलों को सभी थानों में दिखावा लिए जाएं यदि कोई मामला है तो उसपर कड़ी कार्यवाही किया जाए। उन्होंने अभियोजन के सहयोग से पास्को एक्ट के तहत चिन्हित अपराधियों को सजा दिलाए जाने के निर्देश दीए। उन्होंने सभी संबंधित को त्यौहार के दृष्टिगत एक्टिव मोड में रहते हुए जागरूक रहने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनपद में कोई मंदिर/मस्जिद का मामला संज्ञान में आता है तो डीएम, एसपी को संज्ञान में लाकर ही किसी प्रकार की कार्यवाही करें। डीआईजी डा एस चन्नप्पा ने कहा कि नवरात्रि में हजारों की संख्या में मूर्ति स्थापित की जाती है, जिसमें महिलाओं का आवागमन अधिक रहता है ऐसे मार्गों को एक बार अवश्य देखले, मूर्ति विसर्जन स्थल का भी निरीक्षण समय रहते कर लिए जाने एवं व्यवस्थाओं की जानकारी सहित अन्य कोई मामला संज्ञान में आता है तो तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए निस्तारण करा लिया जाय। सभी थानों द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाहियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने मिशन शक्ति कार्यक्रम पर जोर देते हुए गाइड लाइन अनुसार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने सहित अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही किए जाने का निर्देश सभी संबंधित को दिए। डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने इस अवसर पर कहा कि मिशन शक्ति 5.0 अंतर्गत कार्ययोजना अनुसार सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर सभी कार्यवाहियां की जा रही है, प्रभारी मंत्री द्वारा बाइक रैली का हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया तत्पश्चात प्रत्येक दिन कार्यक्रम के माध्यम से प्रचार प्रसार एवं विभिन्न कार्यक्रमों कंपाइल करते हुए पोर्टल पर अपडेट भी किया जा रहा है, इसी क्रम में सामूहिक विवाह कार्यक्रम भी कराए जा रहे हैं, बाल विवाह हेतु जागरूकता, रेडियो/टीवी/सोशल मीडिया के माध्यम से, इसी क्रम में हक की बात, ग्राम न्यायालय, बाल श्रम मिशन कार्यक्रम, स्वा0 केंद्रों के माध्यम से अन्य प्लान, भी कराए जाने हैं, उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन छोटे बड़े कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि उक्त मिशन का सफलता पूर्ण सभी कार्यक्रम संपन्न करा लिए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा सभी थानों में महिलाओं संबंधित अलग टेबल लगाए गए हैं तथा योजनाओं का प्रचार प्रसार पंपलेट के माध्यम से किया जाता है, इस अवसर पर सक्सेज स्टोरी के संबंध में सभी महिला पुलिस कर्मियों से पुछ ताछ भी की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार राय, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त सीओ, सहित मिशन शक्ति के सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने वोट चोरी हस्ताक्षर अभियान चलाया




**देवरिया।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय आह्वान पर शनिवार को शहर के सुभाष चौक पर जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस जनों की उपस्थिति में वोट चोरी हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें हजारों लोगों ने हस्ताक्षर कर कांग्रेस को अपना समर्थन दिया। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि मतदाता सूची में हेरफेर और मताधिकार से वंचित करने की प्रथा को समाप्त करने की मांग करते है। लोकतंत्र हर वोट की शक्ति पर टिका है। आज यह नींव ही खतरे में है। अलग-अलग विधानसभाओं में मतदाता सूचियों में लाखों प्रविष्ठियां अधूरी है, जिसमें सही तस्वीरें नही है। कई प्रविष्ठियां डुप्लीकेट पाई जाती है और लाखों नाम सूचियों से गायब है। समुदायों को चुन चुन कर निशाना बनाया जा रहा है और धोखाधड़ी की प्रथाओं का इस्तेमाल असली मतदाताओं को दबाने के लिए किया जा रहा है। यह और कुछ नही बल्कि लोगों की आवाज की चोरी है। भारत के हर योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए। इस हस्ताक्षर अभियान के तहत भारत चुनाव आयोग से कांग्रेस जनों की यह पांच मांग है। मशीन रीडेबल मतदाता सूची को फोटो सहित सार्वजनिक जांच के लिए उपलब्ध कराना। हर चुनाव से पहले विलोपन और जोड़ की सूचियों को तस्वीरों सहित सार्वजनिक करें।

## 130 उपकरण वितरित



**देवरिया।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शनिवार को जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, देवरिया द्वारा विकास भवन परिसर में दिव्यांगजन उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी देवरिया के जिला अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल 130 उपकरणों का वितरण किया गया, जिनमें ट्राईसाइकिल, लेप्रोसी किट, एम.आर. किट तथा बैसाखियाँ शामिल थीं। उपकरण प्राप्त कर दिव्यांगजनों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुश्री प्रियंका चौधरी सहित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मां पीतांबरा फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन

**अयोध्या।** शनिवार को मां पीतांबरा फिलिंग स्टेशन सोहावल बड़ा गांव (पेट्रोल पंप) का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने फीता काटकर पेट्रोल पंप का शुभारंभ किया और कहा कि इस प्रकार के प्रतिष्ठान रोजगार सृजन और क्षेत्रीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंत्री ने पार्टी नेता एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय ह्यखुन्नूह्ण को शुभकामनाएं देते हुए उनके व्यवसाय की निरंतर उन्नति की कामना की।

संक्षेप

## घर से खेत जाने को निकली वृद्धा लापता

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम काछिनखेडा मजरे टीकरकला निवासी शिवचरन ने कोतवाली में सूचना देते हुए बताया कि दिन गुरूवार को लगभग सुबह 10 बजे उसकी माता मानादेवी पत्नी चन्दी खेत जाने को कहकर निकली थी। जब वह खाना लेकर खेत पर पहुँचा तो माता वहाँ नही थी जिसके बाद उसने नाते रिश्तेदारों के यहाँ काफी खोजबीन की लेकिन कही जानकारी न हो सकी। कोतवाली पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेते हुऐ खोजबीन शुरू कर दी।

## 12 वीं की छात्रा सानिया को बनाया प्रिंसिपल

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति 05कार्यक्रम के तहत शनिवार को क्षेत्र के ऊगू कस्बे में स्थित सी पी टी एन इण्टर कालेज में कक्षा 12की एक छात्रा को एक दिन का प्रिंसिपल बनाया गया। विद्यालय की कक्षा 12की छात्रा सानिया को प्रिंसिपल बनाया गया। प्रिंसिपल के रूप में कार्य करते हुए उसने शिक्षकों से नियमित कक्षाओं में जाने और छात्र छात्राओं को अनुशासन में रखने की बात कही। साथ कर्मचारियों से अपने अपने दायित्वों को सही ढंग से करने के निर्देश दिए तथा विद्यालय में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का सभी को सुझाव भी दिया। एक दिन की प्रिंसिपल बनने के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि उसे यह समझ में आया कि महिलाएं यदि प्रयास करें तो सभी क्षेत्रों में अपने कार्यों से समाज को नई ऊंचाई तक पहुंचा सकती हैं।

## सार्वजनिक रामलीला का शुभारंभ

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के कस्बा ऊगू मे शारदीय नवरात्र पंचमी से प्रति वर्ष की भांति श्री सार्वजनिक रामलीला का मंचन का शुभारंभ हुआ। जिसमें विश्वामित्र आगमन से सुबाहु ताडका बध की लीला का मंचन कराया गया। जिसमें क्षेत्र व नगर के सैकडों लोगों ने आनंद लिया। इस मौके पर कमेटी के सभी सदस्य व पताधिकारी महामंत्री अवधेश दीक्षित पूर्व नगर अध्यक्ष अनुज दीक्षित आदर्श दीक्षित सूर्य प्रकाश पांडेय प्रकाश चंद्र दीक्षित कृष्ण कुमार द्विवेदी सुनील शास्त्री शिवमंगल द्विवेदी रमाशंकर तिवारी अजय द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## ट्रक ने ऑटो में मारी टक्टर, दो की मौत

बिसवां नगर (सीतापुर)। सकरन थाना क्षेत्र के भिठमनी सलेमपुर के पास एक ट्रक ने सवारी ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दो लोगों की जान चली गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। यह हादसा उस समय हुआ जब अकबरपुर से ऑटो में सवार होकर यात्री बिसवां की ओर आ रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में 14 वर्षीय राहुल, पुत्र रामचन्द्र और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। इसके अलावा इस हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों में गुड़िया, पत्नी रामचन्द्र 40 वर्ष और रामचन्द्र, पुत्र केदारी 50 वर्ष पल्लवी पत्नी अंकित 21 वर्ष शामिल हैं। जो मोहल्ला मोहम्मदी टोला लहरपुर के निवासी हैं। घायलों को आनन-फानन में बिसवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौके पर पुलिस पहुंच गई है और ट्रक चालक और ट्रक को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने शवों को अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

## ग्राम न्यायालय में 11 वादों का हुआ निस्तारण

उन्नाव। ब्लाक बीघापुर सचल न्यायालय लगाकर लोगों की समस्या सुनी गयी और 11 बादों का निस्तारण किया गया। न्यायाधिकारी कनिष्क राठौर ने लोगों को बताया कि सचल ग्राम न्यायालय चलता फिरता न्यायालय है। जो ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके दरवाजे पर न्याय प्रदान करने के लिये स्थापित किया गया है। यह अधिनियम 2008 में पारित किया गया था और 2009 में लागू हुआ। जिसका उद्देश्य ग्रामीण आबादी को त्वरित न्याय प्रदान करना है। न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय कनिष्क राठौर को ए.डी.ओ. पंचायत ने पुष्प भेंट कर स्वागत किया। आयोजन में पेशकार अमान हुसैन, आशुलिपिक विद्यान्त शुक्रा, अहलमद शौरभ कुमार, अर्दली वीरेन्द्र कुमार, कार्यालय वाहक सचिन, आनन्द, एडवोकेट विकास यादव, एडवोकेट अमरनाथ बाजपेई आदि उपस्थित रहे।

# बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर हंगामा, सौंपा ज्ञापन



हरगांव (सीतापुर)। बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर आदर्श नगर पंचायत हरगांव के वार्ड जोशी टोला व सरांयपित्थू के जागरूक निवासियों ने जोरदार हंगामा करते हुए विरोध प्रदर्शन पर नगर पंचायत हरगांव के कार्यालय पर पहुंचकर नगर पंचायत के अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा बढ़ाए गए हाउस टैक्स के विरोध में शोर शराबे के साथ नगर पंचायत हरगांव के अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी को जागरूक नागरिकों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जो हाउस टैक्स आया है वह पिछले टैक्स की तुलना में कई गुना अधिक है। पिछला टैक्स 38 रुपये आता था तो वहीं इस बार टैक्स 3800 रुपए हो गया है।

ज्ञापन सौंपने वाले लोगों ने कहा कि बेरोजगारी चरम सीमा पर है और एयर कंडीशनर में बैठे लोगों को बेरोजगारी का ध्यान नहीं है और ऐसे अधिकारी जमीनी हकीकत से दूर रहकर बैठे-बैठे टैक्स बढ़ा रहे हैं। उन्हें यह भी अंदेशा नहीं है कि बेरोजगारी मंहगाई का आम जन मानस कितना बोझ पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने आए लोगों ने कहा कि किसी का मकान रोड के किनारे है। किसी का मकान गली के अंदर है। किसी का मकान छोटा है तो किसी का बड़ा है। किसी के यहां तो पानी की टंकी भी नहीं लगी है और फिर भी उसका हाउस टैक्स 3800 रुपये आया है। सोचने वाली बात यह है जिनकी कमाई का जरिया केवल भीख मांगना है। वह कहां से इतने रूपयों का गृहकर अदा करेगा। इसमें सुधार होने की परम आवश्यकता है। नगर पंचायत को दिए हुए ज्ञापन में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे जोशी समाज ने मांग की है कि पिछले टैक्स की तुलना में पांच से दस प्रतिशत की तो वृद्धि उचित है। इससे अधिक बढ़ाये गए गृहकर को जनहित में कम करने की नितांत आवश्यकता है। इससे नगर की जनता को राहत मिलेगी। बढ़े हुए गृहकर से लोगों की कमर टूट रही है। इस बार इतना ज्यादा टैक्स बढ़कर आया है कि लोगों को देना कठिन हो रहा है। लोगों का साफ कहना है कि इतना हम अधिक टैक्स नहीं दे पाएंगे। कमाई जरिया कोई है नहीं। हम कहां से यह टैक्स अदा करेंगे। उच्च अधिकारियों को नगर में भ्रमण करना चाहिए और देखना चाहिए, कि जनता को क्या सुविधाएं मिल रही हैं क्या नहीं मिल रही हैं। एयर कंडीशनर रूम में बैठे-बैठे कर निर्धारण कर देना जनहित के विरुद्ध है। लोगों ने कहा कि हम लोग सरकार से मांग करते हैं कि जमीनी स्तर पर भ्रमण कर वास्तविकता ध्यान में रखते हुए हाउस टैक्स कम किया जाए,व गृहकर का निर्धारण आय आधारित किया जाए। ज्ञापन लेते समय आदर्श नगर पंचायत हरगांव के अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्र, व नगर पंचायत के अध्यक्ष गफ्फार खां ने आश्वासन दिया है कि वार्ड में कैंप लगाए जाएंगे। जिस किसी का मकान जिस स्थिति में गली में या रोड पर होगा। उसी हिसाब से हाउस टैक्स निर्धारित किया जाएगा। इसके अलावा मौजूद लोगों ने कहा हर घर जल मिशन के अंतर्गत लगाई गई टंकियों में से कई टोटी टूटी हुई हैं। पानी की बबार्दी ना हो इसलिए पड़ोस के लोग झिल्ली पन्नी अथवा कपड़े से बांधकर पानी रोकने का प्रयास करते हैं। सार्वजनिक स्थान पर लगी पानी की टंकी के पास में कितनी काई लगी हुई है कि वहां पर कोई भी व्यक्ति पानी पीने अथवा भरने के लिए जाता है तो वह फिसल कर चोटिल हो जाता है कई बूढ़े बच्चे हो चुके हैं। पानी की बबार्दी रोकने के लिए लोगों ने टूटी हुई टोटियों के स्थान पर नई टोंटियां लगवाने की मांग की है।

## सीओ ने चौपाल में सुनी समस्या

पाटन उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत शनिवार को ग्राम पाटन के उच्च प्राथमिक विद्यालय में चैपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी (सीओ) मधुपनाथ मिश्र ने की। उनके साथ उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक रेखा दुबे, महिला कांस्टेबल रूपा, हेड कांस्टेबल रोहित चंदेल, कांस्टेबल मुनेश कुमार और कांस्टेबल संतोष राज मौजूद रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं व महिलाओं से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान किसी ने भी शिकायत प्रकट नहीं की। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने महिलाओं और बच्चों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओंकृजैसे नारी सुरक्षा व नारी सम्मान, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बीसी सखी योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजनाकृके बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा प्रतिभागियों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों से भी अवगत कराया गया। इनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, वीमेन पावर लाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 व एंबुलेंस सेवा 108 शामिल हैं।

# दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन



जिला संवाददाता(vol)

नवाबगंज, उन्नाव। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नवाबगंज में दो दिवसीय तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लस्करी और जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस खेलकूद प्रतियोगिताओं का संयोजन डॉ अनूप सिंह प्रधानाचार्य श्याम लाल इंटर कॉलेज नवाबगंज के द्वारा किया जा रहा है।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बच्चों को इन खेलकूद प्रतियोगिता की महत्ता के बारे में बताया और उन्होंने बताया इन खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से ही बच्चों का शारीरिक विकास होता है और नेतृत्व की भावना उत्पन्न होती है। खेलो के द्वारा ही हम अपने शरीर और दिमाग दोनों को तंदुरुस्त रख सकते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लस्करी ने अपने उद्बोधन भाषण में बच्चों को तथा विद्यालय को इन प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए बहुत-बहुत बधाई दी और बताया कि हम इन खेलों के द्वारा ही अपने शरीर को तो स्वस्थ रखते ही हैं तथा राज्य स्तरीय और नेशनल खेलों की तैयारी करते है और भविष्य में खेलो के द्वारा अच्छी नौकरी भी पाते हैं। खेलो में प्रतिभाग करते हुए अपने भविष्य को भी सुरक्षित रख सकते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला खेल सचिव नवीन सिन्हा, राजकीय इंटर कॉलेज उन्नाव के प्रधानाचार्य परमात्मा शरण, श्यामलाल इंटर कॉलेज के प्रबंधक मनोज गुप्ता, उप प्रबंधक विजय प्रताप सिंह, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या माधुरी लता, राजकीय हाई स्कूल सोहरामऊ की प्रधानाचार्या मीनाक्षी गंगवार, राजकीय इंटर कॉलेज चमरौली की प्रधानाचार्या और अमन दीक्षित, रेशू तिवारी, अनुज सिंह, अजीमुद्दीन आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता को बेहतरीन रूप से संचालित करने तथा फील्ड तैयार करने में श्यामलाल इंटर कॉलेज के एनसीसी प्रभारी कैप्टन संतोष कुमार तिवारी, परीक्षा प्रभारी स्काउट प्रभारी संदीप कुमार मिश्र, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता प्रेम प्रकाश, आलोक गौतम, शमीमुर्रहमान, विजय नारायण सुरेश कुमार, दीपक तिवारी, मनोज कुमार अवस्थी, नेशनल कोच अंकित कुमार, कराटे कोच लक्ष्मी प्रजापति का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगी छात्रों की सूची बनाने, समय से रिजल्ट बना कर प्रमाण पत्र वितरित करने में लेखा विभाग की टीम के सदस्य धीरज सिंह, शुभम द्विवेदी, हिमांशु सिंह, कुलदीप वर्मा, आलोक गौतम का विशेष योगदान रहा।

## सहकार से समृद्धि एम-पैक्स सदस्यता महाअभियान चलाया



सफीपुर, उन्नाव। समृद्धि एम-पैक्स सदस्यता महाअभियान की बैठक में मुख्य अतिथि विधायक बंबालाल दिवाकर, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरूण सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत ने बृहद स्तर पर चर्चा कर साधन सहकारी समितियों के सभापति/उप सभापति, प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं उपस्थित लोगो से अधिक से अधिक किसानों को सदस्य बनाने की अपील की। ब्लॉक सभागार में आयोजित सहकार से समृद्धि एम-पैक्स सदस्यता महाअभियान की बैठक के मुख्य अतिथि विधायक बम्बालाल दिवाकर ने कहा कि जनपद में सबसे अधिक सदस्य बनाने का कीर्तिमान स्थापित कर प्रदेश में अपने उन्नाव जनपद का नाम रोशन करे। और कहा किसानों को आने वाले समय में खाद,बीज की समस्या न हो अपनी समिति पर उन्हें आसानी से खाद मिल सके।

जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा किसान सम्मान निधि प्राप्त कर रहे किसानों की इस महा अभियान में भी अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाए। इस दौरान विधायक एवं अध्यक्ष ने ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास अधिकारियो को सदस्यता अभियान की किट सौंपी। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी, (पंचायत) छोटेलाल, भाजपा कार्यकर्ता अनूप सिंह चंदेल, राजू सिंह चौहान, आशीष कनौजिया, सचिव के0के0 तिवारी, उत्तम अवस्थी, आशीष मिश्रा आदि समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## गला रेतकर युवक की हत्या

रेउसा (सीतापुर)। विकासखण्ड रेउसा इलाके के बैजवारी ग्रामसभा के मजरे जुग्गापुरवा व राजपुर ग्रामसभा के मध्य स्थित नाले के पानी में एक शव उल्टा उतराता हुआ आज सुबह ग्रामीणों द्वारा देखा गया। जिसके बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल कायम हो गया। वंश को पानी से बाहर निकालने पर गर्दन चाकू से अधकटी गर्दन पर कई गहरे जख्म पाए गये। मौके पर उपस्थित भीड़ से शव की पहचान रूपलाल पुत्र बद्दल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम लोधनपुरवा मजरे रण्डा कोंडर के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार मृतक व्यक्ति एक दिन पहले अपने गांव में था। जिसके परिवार में पत्नी व बच्चों का बुरा हाल हो रहा।

घटना शुक्रवार की रात के किसी पहर की होना बताया जाता है। घटना मृतक के गांव से दो किलोमीटर दूर जंगलों के मध्य घटी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थानगांव पुलिस को घटनास्थल से एक अदद चाकू, टार्च, भगवा, तौलिया, नीला, टी शर्ट मौके से बरामद जबकि मृतक व्यक्ति काला लोवर पहन रखा था। घटना मृतक के गांव से दो किलोमीटर दूर दक्षिण की तरफ राजपुर व बैजवारी के जुग्गा पुरवा गांव के मध्य पानी भरे नाले में पेट के बल उल्टा पड़ा देखा गया। मौके से टार्च चाकू भगवा तौलिया और नीला टी शर्ट बरामद हुआ। नाले से कुछ कदमों की दूरी पर खून का व उसी जगह से घसीटकर पानी तक ले जाने के निसान भी देखें गये। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेदप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया घटना हत्या जैसी प्रतीत हो रही है। थानाध्यक्ष थानगांव विमल गौतम के द्वारा शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने पर कारण स्पष्ट हो जाएंगे।

## घटी जीएसटी मिला उपहारःअचिन मेहरोत्रा



सीतापुर। केंद्र सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी की दरों में हाल ही में किए गए प्रभावशाली बदलाव को लेकर नगर में उत्साह का माहौल दिखा। इसी क्रम में नि. वर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने बाजार में व्यापक भ्रमण किया और सभी व्यापारी भाइयों से भेंटकर केंद्र सरकार के इस कदम पर विस्तृत वार्ता की।

इस अवसर पर नि. वर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने जीएसटी दरों में कटौती को घटी जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार के नारे के साथ सराहा। उन्होंने जोर देकर कहा कि जीएसटी में यह कटौती आम जनता को सीधा लाभ पहुंचाएगी। जिससे आवश्यक वस्तुएं और सेवाएं अधिक किफायती हो जाएगी। श्री मेहरोत्रा ने व्यापारी बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा यह कटौती न केवल उपभोक्ताओं को राहत देगी बल्कि व्यापारियों पर कर का बोझ भी कम करेगी और हमारे बाजारों में रौनक बढ़ेगी। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी और जनहित कार्य नीतियों का स्पष्ट प्रमाण है। इस कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राहुल जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, जिला मंत्री जया सिंह, नगर अध्यक्ष राजन गुप्ता, देवेंद्र मिश्रा, शशांक शेखर, आदित्य सिंह, शानू जयसवाल, उत्तम पाण्डेय, सुबोध मिश्रा सहित कई प्रमुख व्यापारी बंधु एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में जीएसटी दरों में हुई कटौती का स्वागत किया और इसके लिए केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

# चोरों ने लाखों की चोरी को दिया अंजाम



जिला संवाददाता

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के ग्राम कोरारी कला निवासी सुनील कुमार सिंह पुत्र स्व. रामऔतार सिंह के घर में बीती 24/25 सितंबर की रात लाखों रुपये के सामान की चोरी हो गई। पीड़ित परिवार जब सुबह उठा तो घर का ताला टूटा हुआ पाया और कमरों में रखा कीमती सामान व नकदी गायब थी। सुनील कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना तुरंत 112 नंबर पुलिस व थाना माखी पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिसकर्मी पहुंचे और आवश्यक कार्यवाही की बात कही।

हालांकि पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने में ढिलाई बरती और उसके द्वारा दी गई चोरी हुए सामान की सूची को नजरअंदाज किया। पीड़ित के अनुसार चोरों ने सोने-चांदी के गहनों सहित बड़ी मात्रा में नकदी पर हाथ साफ किया। चोरी गए सामान में 30 ग्राम सोने का हार, 12 ग्राम सोने का झाला, 3 सोने की चूड़ियां, 13 ग्राम सोने की अंगूठी, 20 ग्राम सोने की बाली, 6 जोड़ी कान के बुंदे, 9 ग्राम सोने की चेन, 12 ग्राम सोने की माला, 2 अंगूठियां, 4 सोने की लगनियां, 500 ग्राम चांदी के बर्तन, 4 किलो चांदी की पायल व बिछुआ, 7 जोड़ी तोड़ियां, चांदी की करधनी, 2 किलो चांदी का पेटी वजनी सामान, 40 ग्राम सोने का सेट, नकद 1.20 से 2 लाख रुपये शामिल हैं। कुल मिलाकर लगभग 10 से 20 लाख रुपये की चोरी हुई बताई जा रही है। पीड़ित परिवार का कहना है कि यदि पुलिस ने समय रहते तत्परता दिखाई होती तो संभव है कि चोरी गए सामान की बरामदगी हो जाती। उन्होंने पुलिस अधीक्षक उन्नाव से गुहार लगाई है कि उनके घर हुई चोरी की गंभीरता को देखते हुए मामले में कड़ी कार्रवाई की जाए और चोरों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। गांव में इस वारदात के बाद लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से आमजनमानस भयभीत है और पुलिस गश्त बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। इधर पीडित पक्ष की तरफ से शनिवार को एसपी को शिकायतीपत्र देकर मामले में खुलासे की मांग की है। सीओ सफीपुर सोनम सिंह ने बताया कि घटना की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है। कुछ संदिग्ध मोबाइल नंबरों की जांच चल रही है। बहुत जल्द अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे और चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

## पुलिस के नेतृत्व में हरगांव में भी चला महिला सशक्तीकरण अभियान



हरगांव (सीतापुर)। पुलिस मुखिया के निर्देश पर जिले में चलाये जा रहे मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से से थाना हरगांव पर कार्य क्रम आयोजित किया गया। महिला अपराधों पर रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप क्षेत्राधिकारी सदर नेहा त्रिपाठी ने हरगांव पुलिस के साथ मिशन शक्ति अभियान को गति प्रदान की। इसमें टीम प्रभारी सुरेश यादव, प्रभारी निरीक्षक अपराध व उपनिरीक्षक राम पलट राव, मुख्य आरक्षी नीरज तिवारी, शिवकुमार, भगवानदीन, महिला आरक्षी शशि प्रभा, पूजा सिंह, आरक्षी रवि कुमार, योगेश कुमार सभी हल्का चौकी प्रभारी थाना क्षेत्र हरगांव द्वारा महिला सम्बन्धी अपराधों से सम्बन्धित कुल अभियुक्तों गिरफ्तार कर धारा 170/126 व 135 बीएनएस में जेल भेजने की कार्यवाही की गई। महिलाओं पर छीटा कशी कसने के अपराध में धारा 296 बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किये गये। क्षेत्राधिकारी सदर नेहा त्रिपाठी के नेतृत्व में कस्बा हरगांव के संवेदनशील स्थानों पर डंडा हेलमेट बॉडी प्रोटेक्टर एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ फ्लैग मार्च व पैदल गश्त की गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा तीर्थ मंदिर पर महिलाओं को एकत्रित कर मिशन शक्ति कार्य क्रम के अन्तर्गत 1090, 1098, 1076, 112, 1930 साइबर अपराध आदि हेल्पलाइन के संबंध नंबरों की जानकारी दी गई व जागरूक किया। उन्होंने मिशन शक्ति से सम्बन्धित पंपलेट भी वितरित किया पूर्व में महिला सम्बन्धित अपराधों में संलिप्त रहे। बीस अभियुक्तों को 129 डीएस की कार्यवाही भी की जा रही है। मिशन शक्ति टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार पांडेय मय पुलिस बल के कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।

## कक्षा 11 की छात्रा रोहिणी बनी प्रधानाचार्य

सीतापुर। मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत जनपद सीतापुर में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या के आदेश के क्रम में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा महिला जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने बताया कि जेंडर इक्वलिटी लैंगिक समानता थीम के अंतर्गत जनपद की प्रत्येक तहसील में नुक्कड़ नाटक के द्वारा प्रचार प्रसार करवाया गया। म्युनिसिपल इंटर कॉलेज सीतापुर में कक्षा 11 की छात्रा रोहिणी देवी ने प्रधानाचार्य के रूप में साथ ही विभिन्न क्लास की छात्राओं ने अपनी-अपनी कक्षा में कक्षापक के दायित्व का निर्वहन किया। राजकीय इंटर कॉलेज लहरपुर में 12जी क्लास की बालिका को एक दिन की प्रधानाचार्य बनाया गया। इसके साथ ही एलिया सीएचसी में स्वस्थ नारी साधिका परिवार विधायक महोली शशांक त्रिवेदी द्वारा मनाया गया। कस्तूरबा गांधी ऐलिया में खंड विकास अधिकारी एलिया द्वारा योजनाओं के बारे में बताया गया। ब्लॉक परसेंडी में कस्तूरबा गांधी की बालिका को एक दिन की खंड विकास अधिकारी की कमान सौंपी गई। इसी क्रम में जनपद के प्रत्येक तहसील में नुक्कड़ नाटक के जरिए जेंडर इक्वलिटी थीम के अंतर्गत कार्यक्रम करवाया गया। जिसको काफी सारी संख्या नुक्कड़ नाटक को देखने के लिए वहां पर भीड़ एकत्रित हुई और उन्होंने नाटक के जरिए जो हमारे समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव है। उसे खत्म करने के लिए शपथ ली। मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सक्षम और जागरूक बनाना है तथा उन्हें विभिन्न योजनाओं के बारे में बताना है साथ में विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में भी बताया गया। यह प्रोग्राम महिला कल्याण विभाग द्वारा कराया गया। जिसमें की संबंधित तहसीलों में एसडीएम एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण में उपस्थित रहे।

## बदमाशों ने ग्रहस्वामी को गोली मारकर किया घायल

परसेण्डी (सीतापुर)। तालगांव कोतवाली क्षेत्र में बदमाशों ने शुक्रवार देर रात दो अलग-अलग गांवों में चोरी की वारदात को अंजाम देकर सनसनी फैला दी। चोरी का विरोध करने पर एक गृहस्वामी को गोली लगने से घायल हो गया। जिसे तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों की संख्या तीन से चार बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बदमाशों ने सबसे पहले क्षेत्र के ग्राम समैसा को निशाना बनाया। बीती रात यहां इंसान अली के घर पर धावा बोलकर चोरों ने घर के अंदर से लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी कर ली और फरार हो गए। इस चोरी के बाद बदमाशों का हौसला और बढ़ गया और वे पास के गांव फत्तेपुर पहुंचे। फत्तेपुर में उन्होंने कासिम अली के घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देना चाहा। इसी बीच घर के मालिक कासिम अली की आँख खुल गई। कासिम ने आहट पाकर विरोध जताया तो अपराधियों ने उन पर तमंचे से फायर किया। गोली के छर्रे कासिम के पैर में लगे जिससे वह घायल हो गए। परिजनों ने तुरंत उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज जारी है। वारदात की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक दीपक राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ की जिन्होंने बताया कि वारदात के समय बदमाशों की संख्या तीन से चार थी। प्रभारी निरीक्षक दीपक राय ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने दावा किया कि पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजेगी। इलाके में लगातार चोरी की इन वारदातों से ग्रामीणों में भय का माहौल है।

## हर घर तुलसी हर घर गिलोय के माध्यम से आयुर्वेद अपनाने का संदेश



उन्नाव। गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी, सशक्त भारत अभियान को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। साथ ही आयुर्वेद विभाग, द्वारा दशम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अंतर्गत जिले के सभी 49 आयुर्वेदिक चिकित्सालयों द्वारा प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में 27 सितम्बर को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, नवाबगंज में एक बड़े स्तर पर निःशुल्क चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर तथा योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जनपद उन्नाव के क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी वैद्य नीरज सोनी एवं प्रधानाचार्य माधुरी लता द्वारा दीप प्रज्ज्वन एवं धनवंतरी पूजन करके किया गया। शिविर में विद्यालय की की छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आयुर्वेदिक औषधियां के साथ-साथ योगोपचार, दिनचर्या, रितुचर्या आदि जानकारी दी गई। साथ ही विभाग की अन्य उपयोगी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर हर घर तुलसी- हर घर गिलोय अभियान के तहत विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों, समस्त कर्मचारियों एवं छात्राओं को तुलसी एवं गिलोय के पौधों के वितरण किया गया। डॉ0 मोनिषा यादव एवं डॉ0 श्यामू यादव द्वारा किशोरियों एवं शिक्षिकाओं को महिलाओं में होने वाले रोगों एवं पोषण की कमी से होने वाली बीमारियों और उसके बचाव हेतु जागरूक किया तथा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के अंतर्गत पोषण के बारे जानकारी दी गई। साथ ही मिलेट्स (मोटे अनाज) की जानकारी दी गई। मोटापे से बचाव के लिए खाद्य तेलों के प्रयोग में 10 प्रतिशत कटौती करने के प्रधानमंत्री के सुझाव के बारे में सभी को जानकारी दी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने आयुर्वेद विभाग, उन्नाव का इस कार्यक्रम हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक आद्या सिंह एवं अभिषेक मिश्रा द्वारा योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर वैद्य नीरज सोनी, माधुरी लता डॉ0 मोनिषा यादव, डॉ0 श्यामू यादव, अशोक द्विवेदी, विमल द्विवेदी समस्त शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रही।

## दर्शकों ने सीता स्वयंवर, धनुष भंग व परशुराम लक्ष्मण संवाद का मार्मिक मंचन देखा



उन्नाव। शहर के आवास विकास कॉलोनी में श्री राघव सनातन सेवा संस्थान के तत्वाधान में जनपद उन्नाव के सबसे बड़े मंच पर चल रही भव्य श्री रामलीला महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को सीता स्वयंवर, धनुष भंग व परशुराम लक्ष्मण संवाद का जीवंत मार्मिक मंचन श्री धाम वृंदावन के कलाकारों द्वारा किया गया। जिसे सुन दर्शक भाव विभोर हो गए। धनुषभंग की लीला के मंचन में सीता स्वयंवर के समय दूर दूर से आए बड़े बड़े सूरमा राजा जब शिव जी का विशाल धनुष नहीं तोड़ पाए तो राजा जनक क्रोध में आकर विलाप करने लगते है ,प्रभु श्री राम विश्वामित्र की आज्ञा पाकर धनुष भंग कर देते है। जिसके बाद सीता ने राम के गले में वरमाला डाली तो मौजूद दर्शकों ने भी पुष्प वर्षा की। वही दूसरी ओर शिव धनुष टूटने पर भगवान परशुराम ने सीता स्वयंवर सभा में आकर क्रोध प्रकट करते हुए धनुष तोड़ने वाले को पूछा तो प्रभु श्री राम ने उत्तर दिया कि धनुष तोड़ने वाला आपका कोई दास ही होगा। परशुराम और लक्ष्मण के मध्य मार्मिक संवाद हुआ। जिसे सुनकर दर्शक भाव विभोर हो गए। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष कु. आर .एस .चैहान, महामंत्री जी .एस. भदौरिया, कोषाध्यक्ष आशीष शुक्ला, निम्मी अरोरा, नीतू त्रिवेदी, के जी अग्रवाल, प्रथम श्रीवास्तव, अम्बरीश त्रिपाठी, अरविंद श्रीवास्तव आदि संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## हत्या के दोषी दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में दो सगे भाइयों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी है और उन पर 50,000-50,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जिला शासकीय अधिवक्ता योगेश शर्मा ने शनिवार को बताया कि जेठवारा थानाक्षेत्र के चमरूपुर पठान के निवासी अवरूननिशा ने पुलिस से शिकायत की थी कि कि 10 अगस्त, 2023 को उसके पास फोन आया कि उसकी बेटी का ससुराल के लोगों से विवाद हो गया है जिसके बाद उसका बेटा शरीफ उर्फ मिस्टर और पोता सोहेल बेटी के ससुराल पहुंचे। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी बेटी के ससुराल में पहले से घात लगाए बैठे मोहम्मद शकील, उसके भाई मोहम्मद नईम और अन्य लोगों ने शरीफ पर कुल्हाड़ी, फरसा और लोहे की राड से हमला कर दिया। अवरूननिशा की तहरीर के मुताबिक, इस हमले में शरीफ गंभीर रूप से घायल हो गया और सीएचसी (मानधाता) ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर मोहम्मद शकील, मोहम्मद नईम और हाजरा बानो के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। शर्मा ने बताया कि जिला सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने शुक्रवार को हत्या के मुकदमे की सुनवाई करते हुए साक्ष्य के आधार पर मोहम्मद शकील और मोहम्मद नईम को दोषी करार दिया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने अभियुक्तों पर 50,000-50,000 रुपये अर्थदंड भी लगाया।

## बढ़ाया शिक्षा की ओर हाथ, बच्चों को बांटी किताब

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संरक्षण में गोद लिए गए गांव बल्ली का पूरा, देवकली में प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों हेतु शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, किताबें आदि वितरित की गईं। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे पर प्रसन्नता झलक उठी और उन्होंने अपने शिक्षकों के साथ यह खुशी साझा की।समन्वयक प्रो. राकेश कुमार यादव ने कहा कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, ह्लहमारा प्रयास है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर मिलें।ह्वमुख्य अतिथि छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. पी.के. यादव ने शिक्षा की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि ह्लशिक्षा ही समाज को प्रगति और समृद्धि की राह दिखाती है। विशिष्ट अतिथि डॉ. राज बहादुर यादव ने इस पहल को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का यह प्रयास ग्रामीण बच्चों को नई ऊर्जा और दिशा देगा। अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका श्रीमती मिथिलेश शर्मा ने की। इस अवसर पर सहायक अध्यापिका श्रीमती अर्चना यादव, श्रीमती रिंका यादव, श्रीमती गौरी मिश्रा, श्रीमती रेखा मिश्रा सहित जितेंद्र कुमार यादव, दयानाथ, अनीता यादव आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# मेरा गांव, मेरा अभिमान कार्यक्रम का आयोजन



जिला संवाददाता(vol)

बीजपुर/सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंद सीएसआर की पहल एक दिन समाज के लिए मेरा गाँव, मेरा अभिमान कार्यक्रम शनिवार को कंपोजिट विद्यालय, नेमना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनिल श्रीवास्तव कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख रिहंद और शिखा श्रीवास्तव अध्यक्षा वर्तिका महिला मंडल समिति ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर कंपोजिट विद्यालय नेमना के छात्रों को 210 स्टडी टेबल और हाइजीन किट वितरित की गई। कार्यक्रम में छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दीं, जिसने कार्यक्रम को और आनंदमय बना दिया।

एनटीपीसी रिहंद सीएसआर द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट(एमएमयू)के चिकित्सकों ने बच्चों को स्वच्छता और हाइजीन के महत्व के प्रति जागरूक किया। मुख्य अतिथि अनिल श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में बच्चों को संबोधित करते हुये कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है।अतः आप सभी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। इसके अतिरिक्त उन्होने बच्चों को स्वस्थ रहने के टिप्स देते हुये शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधक (अनुरक्षण-एडीएम), मुख्य चिकित्साधिकारी, मानव संसाधन प्रमुख, एनटीपीसी रिहंद के अन्य अधिकारीगणों के साथ-साथ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि-नेमना, कंपोजिट विद्यालय नेमना की प्रधानाचार्य, शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।यह कार्यक्रम एनटीपीसी रिहंद की समाज सेवा में निरंतर योगदान और शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## कक्षा 8 की छात्रा अशरा एक दिन की बनी कोतवाल

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की 95 छात्राओं ने किया कोतवाली का भ्रमण

धौरहरा खीरी। शासन द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम मिशन शक्ति फेज 5 के तहत शनिवार को कस्तूरबा गांधी विद्यालय से 95 सदस्यीय छात्राओं के एक दल ने कोतवाली परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने कक्षा 8 मे अध्यनरत अशरा को एक दिन के लिए कोतवाली प्रभारी का दायित्व सौंपा गया।

प्राप्त विवरण के अनुसार शनिवार को धौरहरा कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान? कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से 95 सदस्यीय छात्राओं का एक दल ने कोतवाली परिसर का भ्रमण करते हुए पुलिस के द्वारा किए जा रहे कामकाज के बारे में मुख्य महिला आरक्षी माधुरी ने विस्तार से जानकारी साझा की। छात्राओं को



एसडीएम सी ओ ने महिला संबंधी अधिकार व योजनाओं व जारी सरकारी नंबरों के बारे में जानकारी दी।इस दौरान एसडीएम शशीकांत मणि व क्षेत्राधिकारी शमसेर बहादुर सिंह व कोतवाल शिवाजी दुबे ने एक दिन के लिए विद्यालय में कक्षा 8 की छात्रा अशरा निवासी खगियापुर को एक दिन के लिए प्रभारी निरीक्षक का दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं को पुलिस विभाग के अधिकारियों ने चाकलेट देकर रवाना किया।

## बीडीसी सदस्य की गोलीमारकर हत्या

मेरठ। जिले में किठौर थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार सुबह कथित तौर पर क्षेत्र विकास समिति (बीडीसी) के एक सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिजीत कुमार ने बताया कि आज सुबह भडौली गांव में प्रमोद कुमार भड़ाना (33) को गोली मार दी गई और इसकी खबर मिलते ही पुलिस ने भड़ाना को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस वारदात के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। हमलावर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीम गठित की गई हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस अपराध के संबंध में गांव के ही रॉबिन नामक युवक को नामजद किया गया है। भड़ाना के परिजनों के अनुसार, यह घटना तब हुई जब प्रमोद सुबह खेत में चारा लेने गए थे। भड़ाना भारतीय जनता पार्टी से जुड़े बताए गए हैं।

## पहेली प्रतियोगिता आयोजित

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल के राजभाषा अनुभाग द्वारा राजभाषा पखवाड़ा 2025 की श्रृंखला में दिनांक 26 सितम्बर 2025 को कर्मचारियों हेतु वर्ग पहेली




प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया और उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों में हिंदी के प्रति रुचि को बढ़ानाए शब्दावली ज्ञान का विकास करना तथा रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था। वर्ग पहेली जैसे रोचक और ज्ञानवर्धक खेलों के माध्यम से न केवल मनोरंजन हुआ बल्कि प्रतिभागियों को हिंदी भाषा की गहराई और समृद्धि से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर सहायक राजभाषा अधिकारी कल्याण सिंह एवं उनकी पूरी टीम उपस्थित रही। आयोजन को सफल बनाने में राजभाषा अनुभाग की टीम का योगदान उल्लेखनीय रहा। टीम ने प्रतियोगिता के संचालन में उत्कृष्ट सहयोग प्रदान किया।

## डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



सोनभद्र। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खण्ड स्नातक/शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत अर्हता तिथि 01 नवम्बर, 2025 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के क्म छवअव पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बन्ध में पदनामित ई0आर0ओ0 एवं पदाभिहित/अपर पदाभिहित अधिकारियों के प्रशिक्षण के साथ ही मान्यता राजनैतिक दलों के साथ बैठक की, बताया कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी खण्ड स्नातक/शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य का कार्यकाल 07 दिसम्बर,2026 तक है, विधिक प्राविधान के अनुसार जिस वर्ष खण्ड स्नातक/शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचन होना है, निर्वाचक नामावली निर्वाचन वर्ष के पूर्ववर्ती वर्ष में तैयारी करायी जाती है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 27(6) यह विनिर्दिष्ट करती है कि अर्हता की तारीख उस वर्ष के नवम्बर के पहले दिन की तारीख होगी, जिसमें निर्वाचक नामावली की तैयारी या पुनरीक्षण कार्य किया जायेगा। वाराणसी खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों को भागवार तैयार करायी जाती है, परन्तु मतदेय स्थलों का प्रस्ताव आयोग के अनुमोदनार्थ निर्वाचन की घोषणा के पश्चात प्रेषित किया जाता है। यह परम्परा रही है कि गत निर्वाचन में जहां मतदेय स्थल स्थापित किया गया होता है, उन्हीं मतदेय स्थलों का चयन वर्तमान पुनरीक्षण के दौरान भी कर लिया जाता है, परन्तु गत 06 वर्षों में जनसंख्या व अन्य आधारभूत सुविधाओं में वृद्धि के कारण कतिपय मतदेय स्थलों में परिवर्तन की आवश्यक होता है अथवा नये मतदेय स्थल बनाये जाने की आवश्यकता होती है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, तहसीलदारगण, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला मंत्री भाजपा सुनील सिंह, जिलाध्यक्ष सपा राम निहोर यादव, जिला अध्यक्ष युवामंच अपना दल अंशु तिवारी, जिलाध्यक्ष बसपा बी0 सागर, जिलाध्यक्ष आ0आ0पा0 रमेश कुमार गौतम, जिला प्रभारी बसपा डॉ0 ओम प्रकाश मौर्य, जिला प्रभारी कांग्रेस आशीष कुमार सिंह, जिला मंत्री सी0पी0आई0 नन्दलाल मौर्य, पदनामित ई0आर0ओ0 एवं पदाभिहित/ अपर पदाभिहित अधिकारीगण, निर्वाचन कार्यालय के वरिष्ठ सहायक राजकुमार व सुनील कुमार श्रीवास्तव सहित सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## पांच नामजद ठेकेदारों व 10-12 अज्ञात लोगों के विरुद्ध दर्ज होगी एफआईआर

सोनभद्र। ओबरा तापीय परियोजना से काम खत्म होने पर अपना सामान ट्रकों से लेकर जाते समय ट्रक चालकों के साथ मारपीट करने के साथ ही सामान क्षतिग्रस्त करने और जान मारने की धमकी दिए जाने के मामले में पांच नामजद ठेकेदारों व 10-12 अन्य लोगों के विरुद्ध कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज होगी। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी राहुल की अदालत ने ओबरा थानाध्यक्ष को एफआईआर दर्ज कर विधि अनुरूप विवेचना करने अथवा करवाए जाने का आदेश दिया है। यह आदेश वीरा वेंकटा ज्ञानेश्वर पुत्र मुथैला रॉय निवासी लक्ष्मी नरसिम्हा नगर, जिला ईस्ट गोदारी, आंध्रप्रदेश हालपता साइट इंचार्ज इंडवेल कंट्रक्शन प्रा. लि. स्थित ओबरा थर्मल पावर प्लांट सी ओबरा, सोनभद्र द्वारा अधिवक्ता पवन कुमार मिश्र के जरिए कोर्ट मे दाखिल धारा 173(4) बीएनएसएस के प्रार्थना पर हुआ है।

दिए प्रार्थना पत्र में साइट इंचार्ज ने अवगत कराया है कि उसने ओबरा थर्मल पावर प्लांट सी के निमार्ता दुशान पावर सिस्टम इंडिया प्रा. लि. में संविदा स्थापित कर कार्य किया है। अपना कार्य समाप्त होने पर इंडियन काउंसिल ऑफ अरबीट्रेशन 28 जुलाई 2025 के आदेश पर परियोजना से 30 जुलाई 2025 को गेट पास प्राप्त कर अपना सामान अपने ट्रकों से लेकर जा रहा है। अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बावजूद भी ठेकेदारों काशीनाथ प्रसाद, आरपी तिवारी, राजू पांडेय, महफूज अहमद व राजू यादव के साथ ही 10.12 अन्य लोग ट्रक चालकों को गेट से बाहर निकलते ही मारपीट कर, चाभी छीन लेना, हवा निकाल देना, सामान क्षतिग्रस्त कर देना तथा जान मारने की धमकी देना रोज की आदत बन गई है। इसकी शिकायत ओबरा थाने, 112 पुलिस के साथ ही एसपी सोनभद्र से की गई ,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने अधिवक्ता पवन कुमार मिश्र के तर्कों को सुनने एवं पत्रावली का अवलोकन करने के बाद संज्ञेय अपराध मानते हुए ओबरा थानाध्यक्ष को उपरोक्त मामले में सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विधि अनुरूप विवेचना करने अथवा करवाने का आदेश दिया है।

## भूमिपूजन में आयेंगे उत्तर जोन समन्वयक परमानंद द्विवेदी



लखीमपुर खीरी। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में जिले में 6 से 10 नवंबर 2025 की तिथियों में होने वाले विराट नारी उत्कर्ष समारोह की तैयारियों को लेकर शान्तिकुंज हरिद्वार की टीम ने लखीमपुर का दौरा किया। मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया सर्वे टीम में शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि केंद्रीय युवा प्रकोष्ठ सह समन्वयक आशीष सिंह, प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ प्रतिनिधि जयप्रकाश वर्मा, वाराणसी जोन समन्वयक मानसिंह, बहराइच उपजोन समन्वयक आर एस पाल, सियाराम जायसवाल, बस्ती के जगराम और सीतापुर के गंगासागर वर्मा शामिल रहे। दो दिवसीय दौरे के पहले दिन सर्वे टीम ने पीलीभीत-बस्ती मार्ग पर रामापुर तिराहे के पास स्थित प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल (पुराना भट्ठा मैदान) का सर्वे कर आयोजन के विभिन्न पहलुओं पर विचार किया। दूसरे दिन शांतिकुंज टीम ने गोला रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर कार्यकताओं और महिला मंडल की गोष्ठी कर आयोजन के निर्माण, आवास, भोजनालय, सुरक्षा, टेंट, साउंड आदि के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया। गायत्री शक्तिपीठ लखीमपुर के व्यवस्थापक उदय सिंह ने बताया विराट नारी उत्कर्ष समारोह हेतु भव्य भूमि पूजन समारोह शांतिकुंज प्रतिनिधि उत्तर जोन समन्वयक परमानंद द्विवेदी जी की उपस्थिति में 13 अक्टूबर सोमवार को किया जाएगा जिसमें कई जिलों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। प्रांतीय प्रतिनिधि जयप्रकाश वर्मा ने बताया आयोजन का मुख्य महिलाओं को देव परिवार निर्माण का प्रशिक्षण देना है जिसमें एक दिन गायत्री यज्ञ के साथ विविध संस्कारों का कार्यक्रम भी होगा। गोष्ठी में परबीता सिंह, सुगंधा शुक्ला, किरन अवस्थी, मधु तिवारी, यज्ञदेव वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, अजय वर्मा, सर्वेश वर्मा, राज किशोर वर्मा, मुरलीधर आदि मौजूद रहे।

## मेधावी छात्रा परिधि बनीं एक दिवस की थाना प्रभारी



शाहजहाँपुर। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना रामचन्द्र मिशन में अभिनव पहल करते हुए रेयान इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा परिधि को एक दिवस की थाना प्रभारी बनाया गया। उन्होंने थाना प्रभारी की कुर्सी संभालकर जनसुनवाई की और नागरिकों की शिकायतों पर कार्यवाही के निर्देश दिए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता व प्रशासनिक समझ विकसित करना रहा। पुलिस प्रशासन ने इसे बालिकाओं के सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरणादायी कदम बताया।

## रिपोर्ट दर्ज न होने पर कलेक्ट्रेट में कांग्रेसियों ने दिया धरना

लखीमपुर खीरी जिला कांग्रेस कार्यालय लखीमपुर में भाजपा के महिला संगठन से जुड़ी महिलाओं द्वारा 1 सितंबर को तोड़फोड़ व लूट करने के मामले में मुकदमा दर्ज न किए जाने से नाराज कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन एक सप्ताह से लगातार किया जा रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने को लेकर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल द्वारा शनिवार को सुबह 11:00 जिलाधिकारी कार्यालय पर डेरा डाल दिया। जिलाध्यक्ष के साथ सैकड़ो कार्यकताओं द्वारा प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। कांग्रेस के कार्यकताओं को देखकर जिला प्रशासन पुलिस से कलेक्ट्रेट को छावनी में तब्दील कर दिया। उच्च अधिकारियों के आदेश पर लगभग 2:30 बजे नवागत सदर कोतवाल राजेश कुमार सिंह अपने



बल के साथ मौके पर पहुंचे जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल से वार्ता की कि कोतवाल बोले में इस शहर में नया आया हूं मुझे लगभग एक माह का समय दे दीजिए मैं आपके प्रकरण को गंभीरता से देखता हूं फिर आगे की विधि करवाई करने का आश्वासन दिया। इस पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहमति न देते हुए उन्होंने अल्टीमेट दिया कि सोमवार के 2:00 तक एफआईआर दर्ज दर्ज कर कॉपी उपलब्ध कराई जाए इसके पश्चात आगे की कार्रवाई कांग्रेस कार्यकताओं के द्वारा तय की जाएगी। जिला अध्यक्ष ने कहा जब तक एफआईआर दर्ज नहीं होगी कांग्रेस कार्यकर्ता संघर्ष कर एफआईआर दर्ज कराएंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल, मोनिश अली नकवी,प्रेम कुमार वर्मा, सतीश अजमानी, रामपाल शाक्य प्रभारी जिला कार्यालय सचिव, नंद कुमार, महबूब खान, संतोष मौर्य, हरगोविंद वर्मा, राम शंकर, आफताब अंसारी, लतीफ आजम अंसारी, रियाज अहमद मोनू, पंकज दीक्षित सहित सैकड़ो लोग लोग मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों का जिला कारागार में शैक्षिक भ्रमण

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण शनिवार को जिला कारागार, जौनपुर में हुआ। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली, बंदियों के पुनर्वास कार्यक्रमों तथा कारागार व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं का अवलोकन किया। इस अध्ययन यात्रा का उद्देश्य छात्रों को दंड प्रक्रिया, अपराधशास्त्र एवं न्याय प्रणाली की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे विधि शिक्षा को केवल सैद्धांतिक स्तर तक सीमित न रखकर समाज की वास्तविक परिस्थितियों से भी जोड़ सकें।इस शैक्षिक भ्रमण का नेतृत्व जिला कारागार अधीक्षक पवन कुमार त्रिवेदी ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को कारागार की संरचना, सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की दिनचर्या एवं उनके लिए संचालित सुधारात्मक व पुनवार्सात्मक कार्यक्रमों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण और परामर्श सेवाओं के माध्यम से कैदियों को पुनः समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। विद्यार्थियों ने उनके मार्गदर्शन में जेल परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यशालाओं, पुस्तकालय, चिकित्सा व्यवस्था तथा बंदियों के पुनर्वास हेतु संचालित विविध गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। निदेशक प्रो. विनोद कुमार ने जिला अधीक्षक का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षक डॉ. वनिता सिंह, डॉ. इंद्रजीत सिंह, डॉ. राजन तिवारी, प्रगति सिंह तथा डॉ. शुभम सिंह की उपस्थिति रही।

# राष्ट्रीय कर्मयोगी सम्मान से सम्मानित हुए दिलीप दुबे



जिला संवाददाता(vol)

रेनुकूट/सोनभद्र। राष्ट्रीय सामाजिक संस्था निफा (नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स) के रजत जयंती समारोह का आयोजन प्रगति मैदान भारत मंडपम दिल्ली हुआ। यह रजत जयंती स्थापना समारोह २१ से २४ सितंबर २०२५ के बीच हुआ। इस समारोह में देश के सभी राज्यो, और जिलों से लगभग 1300 समाजसेवी को सम्मानित किया गया।

इसी समारोह में 10 लोगों को राष्ट्रीय कर्मयोगी सम्मान से सम्मानित किया गया जिसमें बेस्ट राज्य अध्यक्ष का सम्मान दिलीप कुमार दुबे को मुख्य अतिथि हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण के हाथों प्राप्त हुआ। दिलीप दुबे ने यह सम्मान पूरे उत्तर प्रदेश व सिल्वर जुबली समारोह में शामिल सभी साथियो समेत रेणुकूट वासियों को समर्पित किया। भारत मंडपम के मुख्य अतिथिभारतीय लेखक व प्रेरक वक्ता शिव खेड़ा, वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड के वाइस प्रेसिडेंट संजय पंजवानी, इंडो रशियन कल्चरल सोसायटी के प्रेसिडेंट मंगलम दुबे तथा करनाल केगोल्डन मोमेंट्स में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि हरविंदर कल्याण अध्यक्ष विधानसभा हरियाणा प्रदेश तथा राष्ट्रीय चेयरमैन प्रीतपाल पन्नू नेशनल प्रेसिडेंट अश्विनी शेट्टी,नेशनल सेक्रेटरी ब्रह्म स्वरूप एवं जापान तथा मोरिशस, इंग्लैंड से आए अतिथियों द्वारा पूरे देश के समाजसेवियों के साथ जनपद के दिलीप दुबे को समाज सेवा तथा रक्तदान सेवा के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सलेंस इंग्लैंड द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं राष्ट्रीय कर्मयोगी सम्मान के साथ स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन हिंडालको रेणुकूट व निफा उतर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार दुबे रेणुकूट ने किया तथा उतर प्रदेश के लगभग 200 डेलिगेशन का नेतृत्व भी किया। निफा जिलाध्यक्ष अमित चैबे, कोऑर्डिनेटर अफसार रजा ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए बताया कि सोनभद्र जिले से 5 समाजसेवी सम्मिलित हुए जिसमे दो को यंग कम्युनिटी चैंपियन अवार्ड से सम्मानित किया गया जो विकाश शर्मा मेल व स्नेहा सिंह रहे स्नेहा सिंह को स्टेट लेवल का अवार्ड मिला जिसमे दस हजार नगद राशि भी प्रदान किया। वही अमित चौबे को बेस्ट जिलाध्यक्ष का सम्मान दिया गया फाउंडर चेयरमैन प्रीतपाल सिंह पन्नू एवं टीम व निफा परिवार का आभार व्यक्त किया। इस उपलब्धि पर हिंडालको, डाई शॉप समेत पूरे नगरवासी व जिले में खुशी की लहर है। इस मौके पर हिण्डाल्को के अधिकारियों-हिमांशु श्रीवास्तव, शैलेन्द्र पांडेय,अमित शर्मा ने दिलीप दुबे व उनके परिवार को हार्दिक बधाइयाँ दी हैं।

## साड़ी सेंटर में लगी आग लाखों का माल राख



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) रविवार रात लगभग 1 बजे साड़ी सेंटर में भीषण आग लग गई।कुछ ही देर में लाखों का सामान जलकर राख हो गया।

बताते हैं कि शहर की बाईपास रोड पर केके वर्मा नाम से साड़ी सेंटर है। जिसमें शनिवार की रात अचानक आग लग गई। लपेट उठती देख आसपास के लोगों ने दुकान स्वामी को फोन से सूचना दी। जब तक दुकान स्वामी मौके पर पहुंचे आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। अग्निशमन दल को सूचना दी गई। अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंच घंटों मशक्कत करने के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया। तब तक सब कुछ राख हो चुका था। दुकान मालिक कमलेश कुमार वर्मा के मुताबिक यह शॉर्ट सर्किट नहीं बल्कि किसी की साजिश है। शटर के नीचे फंसे लोहे के तार से आग लगाई गई। उन्होंने बताया कि त्योहारों के लिए वह नया कनेक्शन लाए थे जिसकी कीमत लगभग 40 लख रुपए थी।वह भी आग की भेंट चढ़ गया।

घटना से पूरे व्यापारी चिंतित हो गए हैं। फायर ब्रिगेड ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे से व्यापारी वर्ग में गहरा आक्रोश है। व्यापारियों ने प्रशासन से साजिश का पदार्फाश कर दोषियों को पकड़ने की मांग की है।

## हृदय से जुड़े संकेत या दर्द नजरअंदाज न करें

जौनपुर। लायन्स क्लब द्वारा विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को हृदय रोगों से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए जागरुकता रैली अहियापुर से निकाली गई। रैली स्टेशन रोड होते हुए जिला चिकित्सालय तक गई। जिला चिकित्सालय में संगोष्ठी हुई, जिसमें चिकित्सकों ने हृदय रोगों के जोखिम व लक्षणों और इस घातक बीमारी से बचाव एवं उपचार के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। डॉ वी एस उपाध्याय ने कहा कि हार्ट अटैक होने पर कोरोनरी धमनी की नलियों में ब्लड क्लाट या लकवा की स्थिति में ब्रेन के नलियों में खून का थक्का जमा होने पर हमें अस्पताल पहुंच कर गोल्डन पिरियड दो से चार घंटे के बीच नस खुलवाने का लाभ लेना चाहिए। इस प्रक्रिया में ऐसे इंजेक्शन का प्रयोग होता है जो ब्लड क्लाट को खत्म कर देता है। थ्रंबोलाइसिस थक्का जमना कहते हैं। ऐसा करने से हार्ट अटैक या पैरालिसिस लकवा में कई गुना लाभ मिलता है और बंद नलियां खुल जाती है। कहा कि हृदय से जुड़े किसी भी चेतावनी संकेत दर्द को नजरअंदाज न करें। अपने दिल की दिल से देखभाल करना जीवन का सबसे कीमती तोहफा है। सहज और स्वस्थ आदतें अपनाकर न सिर्फ खुद को, बल्कि अपने परिवार को भी दिल की बीमारियों से बचाया जा सकता है। अगर दिल स्वस्थ होगा तो पूरा जीवन खुशहाल होगा। विशिष्ट अतिथि डॉ महेंद्र कुमार गुप्ता, जिला महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि हृदय रोगों से बचाव के लिए शारीरिक रूप से सक्रिय रहे व्यायाम करें, संतुलित व पौष्टिक आहार ले, धूम्रपान और तंबाकू से बचें, वजन संतुलित रखें, मीठा और नमक का सेवन नियंत्रित करें, तनाव का प्रबंधन करना, पर्याप्त नींद लेना, तथा ब्लडप्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और शुगर की नियमित जांच करवाएं। संचालन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया।

संक्षेप

## नर्सिंग कोर्स अपने आप में लोगों की सेवा

अयोध्या। शहर के चिरंजीव नर्सिंग इंस्टीट्यूट में ए. एन. एम व जी. एन. एम की छात्राओं ने फेयरवेल पार्टी पर संस्कृति नृत्य का आयोजन किया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि चिरंजीव हॉस्पिटल एवं नर्सिंग इन्स्टीट्यूट के चेयरमैन डॉ. उमेश चैधरी व निदेशिका डॉ. जयन्ती चैधरी द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। विदाई समारोह में सीनियर बैच की छात्राओं ने पढ़ाई के दौरान अपने अनुभव को साझा करते हुए जूनियर छात्राओं से कहा कि नर्सिंग कोर्स अपने आपमें लोगों की सेवा है। हम निजी या सरकारी किसी भी संस्थान में काम करें, हम सीधे लोगों के संपर्क में आते हैं। विदाई समारोह को यादगार बनाने सांस्कृतिक कार्यक्रम में रैम्प वॉक, गेम्स, एकल गीत, सामूहिक नृत्य जी.एन.एम व ए. एन. एम की छात्राओं ने प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में नर्सिंग इन्स्टीट्यूट के चेयरमैन डॉ. उमेश चैधरी व निदेशिका डॉ. जयन्ती चैधरी ने अपने सम्बोधन में नर्सिंग की छात्राओं को कत्र्तव्य निष्ठा, ईमानदारी, मेहनत व अच्छे ज्ञानोपार्जन के साथ जीवन में आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया

# भारत की संस्कृति व विविधता विश्व भर में अनूठी

जिला संवाददाता




अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन एवं सतत परिवर्तन नामक शीर्षक पर व्याख्यान का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर आयुक्त ज्ञानेंद्र कुमार रहे। विशिष्ट

● अवध विश्वविद्यालय में विश्व पर्यटन दिवस का हुआ आयोजन

अतिथि स्क्वाड्रन लीडर डॉ. तूलिका रानी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने किया। अध्यक्षीय के संबोधन में कुलपति ने कहा कि भारत जैसी संस्कृति और विविधता विश्व भर में अनूठी है। मैंने कई देशों के भ्रमण के उपरांत देखा कि भारतीय संस्कृति का अपना एक अलग महत्व है। उन्होंने बताया की पर्यटन से सदभाव बढ़ता है और यह सबको एक साथ जोड़ने का कार्य करता है। पर्यटन के माध्यम से हम सांस्कृतिक आदान-प्रदान एवं वैश्विक एकता को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने कहा की अयोध्या में एग्री टूरिज्म की बहुत संभावनाएं हैं। हमें इस पर कार्य करना चाहिए जिससे ग्रामीण लोगों को रोजगार एवं पलायन को रोका जा सकता है। गांव की हस्तकला खानपान और वहां की संस्कृति से सबको परिचित कराया जा सकता है। अयोध्या में देश-विदेश से लोग आते हैं उन्हें हम ग्रामीण क्षेत्र का भी भ्रमण कराये तो अयोध्या की संस्कृति विश्व भर में प्रसिद्ध होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया की पर्यटन से ही इतिहास को जाना जा सकता है। हम जहां जाएं उसको जानने का प्रयास करना यह आप सभी छात्रों का कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने कहा अयोध्या हजारों सालों से समाज के लिए महत्वपूर्ण रही है, यहां केवल एक धर्म ही नहीं विकसित हुआ बल्कि कई धर्म का प्रमुख स्थान रहा है। उन्होंने बताया कि यहां पर टेंपल का म्यूजियम बनाया जा रहा है जो अनोखा होगा जिसको देखने विश्व भर के लोग अयोध्या आएंगे। उन्होंने छात्रों से कहा कि आप सभी अयोध्या के प्रति एक जिम्मेदार नागरिक एवं जिम्मेदार पर्यटक बने। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता स्क्वाड्रन लीडर तूलिका रानी ने अपने संशोधन में कहा कि यह महापुरुषों की नगरी रही है उन्होंने आज के टॉपिक को बताते हुए कहा की पर्यटन में सतत परिवर्तन की बहुत आवश्यकता है लेकिन इस परिवर्तन को करते हुए हमें अपनी संस्कृति एवं प्रकृति के साथ छेड़छाड़ नहीं करना है, यदि हम ऐसा करेंगे तो प्रकृति हमें वापस देगा। उन्होंने कहा भारत विविधताओं का देश है जो किसी अन्य देश में नहीं मिलता, भारत अपने संस्कृति के लिए हजारों वर्षों से प्रसिद्ध रहा है। हम बदलाव करें लेकिन संस्कृति को न बदलें। प्रो हिमांशु शेखर सिंह ने कहा कि जब कोई यात्री किसी एक नए स्थान पर जाता है तो वह न केवल उसे स्थान का प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेता है बल्कि वहां की लोक संस्कृति भाषा खान-पान और रीति रिवाज से भी भली बात परिचित होता है। यही कारण है कि पर्यटन को शांति और समझ का सेतु कहा जाता है। व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रो शैलेंद्र वर्मा अपने स्वागतीय संबोधन में कहा की पर्यटन का उद्देश्य केवल पर्यटन को बढ़ावा देना ही नहीं बल्कि इसके माध्यम से रोजगार सृजन एवं देश की जीडीपी में बढ़ोतरी की जा सकती है। पर्यटन केवल घूमने फिरने का साधन नहीं बल्कि यह एक देश की संस्कृति परंपरा और इतिहास का आईना होता है। इस कार्यक्रम में प्रो एस एस मिश्रा, डॉ संजय चैधरी, डॉ कुमार, डॉक्टर निमिष मिश्रा, डॉक्टर आशुतोष पांडे, डॉ दीपा सिंह, डॉ अनीता मिश्रा, डॉ कपिल देव, डॉ अंशुमान पाठक, डॉ रामजी सिंह, डॉ राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## खाने में संतुलित आहार लेना बहुत महत्वपूर्ण

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र तथा महिला शिकायत एवम कल्याण प्रकोष्ठ के अंतर्गत विश्वद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गांव माधवपुर मसौधा में ह्लसेवा पखवाड़ाह्ल के अंतर्गत ह्ल स्वास्थ्य एवं स्वच्छताह्ल पर कार्यक्रम का आयोजन कुलपति कर्नल डॉ बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में किया गया। महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ एवं महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो० तूहीना वर्मा ने स्वागत किया।मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. दीपशा मिश्रा, अवध विश्वविद्यालय की होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी रही। उन्होंने सभी को संतुलित आहार एवं पोषण के बारे में विस्तार से समझाया कि महिलाओं एवं बालिकाओं को विशेषकर हीमोग्लोबिन एवं कैल्शियम में कमी को ध्यान में रखते हुए अपने खाने में संतुलित आहार लेना बहुत आवश्यक है। आज के समय अधिकतर बालिकाओं को पीसीओडी एवं हीमोग्लोबिन कम होने की समस्या बनी रहती है जो आगे चलकर भी उनके जीवन को लंबे समय के लिए प्रभावित करती है। इसीलिए यह बहुत आवश्यक है कि अभी से प्रत्येक बालिकाओं को इसके बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाएं।

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क विशेष कार्यशाला का आयोजन



सतरिख, बाराबंकी। टीआरसी लॉ कॉलेज में वैद्यस आईसीएस के सौजन्य से प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निःशुल्क विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ महाविद्यालय प्रबन्धक व शासी निकाय अध्यक्ष सुजीत चतुर्वेदी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला मे डॉ0 ईशान त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को विधि के क्षेत्र में उपलब्ध अनेक अवसरों के बारे में जानकारी दी। तथा पीसीएस (जे) एवं एपीओ को लेकर कौन-कौन से प्रश्न-पत्र पढ़ने, प्रश्न-पत्रों में विधि के अध्ययन के दौरान ही पढ़ाये जाने एंव प्रश्न-पत्रों का अध्ययन करने की विधि के बारे मे जानकारी दी।

## घायल अवस्था में पड़े गोवंश की सूचना का बीडीओ शिवजीत सिंह ने लिया संज्ञान

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। विकासखंड पूरेडलई अंतर्गत ग्राम सरायबरई मे अंत्येष्टि स्थल के पास भेलसर-टिकैत मार्ग पर घायल गोवंश को कुत्ते और कौवे नोचने की सूचना मिलने पर पूरेडलई के खंड विकास अधिकारी शिवजीत सिंह ने संज्ञान लेते हुये घायल गोवंश के उपचार हेतु पशु चिकित्सा अधिकारी को मौके पर भेजकर चारा और पानी व्यवस्था व बेहतर उपचार की व्यवस्था कराई। ग्राम प्रधान सुरेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि जेसीबी को बुला लिया गया था ताकि गड्ढा खुदवा कर अंतिम संस्कार करवा दिया जाये। लेकिन जाकर देखने पर गोवंश की सांसे चल रही है। जिसके बाद तत्काल खंड विकास अधिकारी को अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध मे बीडीओ श्री सिंह ने बताया कि सराय बरई में कोई गौशाला नहीं है। घायल गोवंश की सूचना मिली थी। जिसके बाद उपचार के लिए पशु चिकित्सा अधिकारी को मौके पर भेजा गया है। ताकि उसे बेहतर उपचार मिल सके।

# राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष ने डॉ. सुनील कुमार तिवारी को किया सम्मानित



अयोध्या। श्री परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार तिवारी को उनके शोध कार्यों को लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109 वीं जयंती पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मस्थली धनकिया जयपुर मे राजस्थान सरकार की विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी व अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख अरुण जैन द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया।

यह सम्मान डॉ. तिवारी के गहन शोध, समर्पण और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। डॉ. सुनील कुमार तिवारी ने पी.एच.डी. शोधकार्य के दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय के राजनीतिक विचारों पर गहन अध्ययन एवं प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान डॉ तिवारी ने बताया पंडित दीनदयाल उपाध्याय सादा जीवन, उच्च विचार और दृढ़ संकल्प व्यक्तित्व के धनी थे। वे एक मेधावी छात्र, संगठक लेखक, पत्रकार, विचारक, राष्ट्रवादी और एक उत्कृष्ट मानवतावादी थे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी के एक मजबूत, जीवंत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के विचार को आगे बढ़ाने के लिए अथक प्रयास किया। पूंजीवाद और समाजवाद की जगह पण्डित दीनदयाल उपाध्याय ने स्वराज के रूप में गांधी जी द्वारा परिकल्पित नैतिक मूल्यों और लोकव्यवहार के आधार पर आर्थिक नीतियों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उनके लिए राजनीति जन सेवा का माध्यम थी।वह कहते थे कि राजनीतिक व्यक्ति को जन सेवक के रूप कार्य करना चाहिए।उनका मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिए, जिसमें सद्भाव, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो।उनका मानना था कि भारतीयता, धर्म, धर्मराज्य, राष्ट्रवादी और अंत्योदय की अवधारणा से ही भारत को विश्व गुरु का स्थान हासिल हो सकता है।

# ..उधर करता रहा फरियाद, इधर वेश कीमती जमीन पर बन गया मकान

अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित गांव अकमा में सड़क किनारे स्थित वेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जा कर पक्के मकान का निर्माण कर लिया गया। आरोप है कि यह सब राजस्व और पुलिस प्रशासन की मिली भगत से हुआ। पीड़ित परिवार के लोग अपनी जमीन को बचाने के लिए इधर-उधर थाना से लेकर एसएसपी और कलेक्ट्रेट तक फरियाद करते रहे और उधर अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण हो गया। गांव निवासी पीड़ित गंगाराम का कहना है कि गांव में सड़क किनारे उनकी जमीन है। इस जमीन पर विपक्षी राजेंद्र कुमार ध्रुव चंद के पुत्र गण और शेषनारायण पाण्डेय तथा उनके परिवार के लोग बहुत दिन से अवैध कब्जे के प्रयास में जुटे हैं। राजस्व विभाग के कर्मियों की मिली भगत से इन लोगों ने हथियार बंद बाहरी



लोगों को बुलाकर जेसीबी की मदद से मौके पर कब्जा और निर्माण शुरू कर लिया। अदालत में विचाराधीन इस

● मामला कुमारगंज थाना क्षेत्र का, अदालत में विचाराधीन है वाद

मामले में अवैध कब्जे को रोकने के लिए उसने शासन प्रशासन के अलावा हेल्पलाइन 1076, डायल 112 समेत डीएम, एसपी,एसडीएम मिल्कीपुर और मंडलायुक्त के सीयूजी पर फोन किया, लेकिन कहीं से कोई मदद नहीं मिली। मामले में पीड़िता सुनीता पत्नी आदित्य कुमार ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी है।शिकायत में पीड़िता का कहना है कि उक्त जमीन उनकी पुश्तैनी है और काफी अरसे से राजस्व अभिलेखों में परिवार के मुखिया के नाम दर्ज है। विपक्षियों की ओर से हल्का लेखपाल की मिली भगत से फर्जी पत्रावली व अभिलेख का सहारा लेकर जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। मिली भगत के कारण तहसील और पुलिस के अधिकारी कर्मचारी कोई मदद नहीं कर रहे और फर्जी मुकदमे में फसाने की साजिश की जा रही है। ऐसे में अवैध कब्जे को तत्काल रुकवाया जाए और फर्जी पत्रावली व अभिलेख को संज्ञान में लिया जाए।

## एमएलसी ने किया जनपद स्तरीय बैंड प्रतियोगिता का शुभारम्भ



बाराबंकी। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में समग्र शिक्षा माध्यमिक की ओर से जनपद स्तरीय बैंड प्रतियोगिता 2025 का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर एमएलसी श्री सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से बालक बालिकाओं में समन्वय, सद्भाव और भाईचारे की भावना का विकास होता है। साथ ही टीम भावना से कार्य करने की आदत का निर्माण होता है। प्रतियोगिता मे निर्णायक मंडल के रूप में पीएसी 10 बटालियन से अमित कुमार, सुरेंद्र राम, मुकेश मौर्य रहे। जिसमे नवोदय विद्यालय बाराबंकी प्रथम, सरस्वती इंटर कॉलेज रामसनेहीघाट द्वितीय, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज बाराबंकी तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिनको ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक ओ0पी त्रिपाठी, प्रधानाचार्या नंदिता सिंह, मनोरमा कर्णधार, दीपशिखा त्रिपाठी, प्रतिभा श्रीवास्तव, मनोरमा चैरसिया, सपना चावला, शिरीन सबा शामिल रही।

# मूर्ति स्थापना के साथ नवदुर्गा पूजा महोत्सव शुरू



बाराबंकी। यूथ्स एसोसिएशन परिवार के तत्वाधान में नगर पालिका परिषद में 56वी शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव में देर शाम मां की प्रतिमाओ की स्थापना के साथ सुंदरकाण्ड पाठ के साथ शुरू हुई। सभापति बृजलाल

● रविवार को होगी महापष्ठी पूजा, रुद्र पूजा देवी का आमंत्रण व महास्नान

सावलानी ने बताया कि कलश स्थापना के साथ ही प्रतिदिन शाम 7 से 8 बजे तक आरती का आयोजन होगा। 28 सितम्बर दिन रविवार को महापष्ठी पूजा, रुद्र पूजा देवी का आमंत्रण व महास्नान, 29 सितम्बर को नवपत्रिका पूजन, आवाहन, महास्नान, पुष्पाजंलि, सहभोज, आरती व प्रसाद वितरण, 30 सितम्बर को महाअष्टमी पूजा, महास्नान, पुष्पाजंलि, महासंधिपूजा, सहभोज,आरती व प्रसाद वितरण, 1 अक्टूबर को महानवमी पूजा, पुष्पाजंलि, हवन, सहभोज, आरती व प्रसाद वितरण, 2 अक्टूबर को महादशमी पूजा, दर्पण विसर्जन, प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा व 6 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा होगे। पूजा महोत्सव कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता किल्टू ने बताया कि मूर्ति स्थापना में राजन शर्मा, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, अर्पित गुप्ता, शरदराज सिंह, मनोज जायसवाल, सुशील गुप्ता, संजय सैनी, अनुराग गुप्ता रामधन मुखर्जी, राम भजन, राजेश सिंह, सौमित्र भट्टाचार्य, नरेश राय, एसके शाह आदि ने संयुक्त रुप सें सुन्दर काण्ड पाठ में प्रतिभाग कर मां की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही आज शनिवार को नगरपालिका परिसर में सामान्य ज्ञान, गमला सज्जा एवं फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिताये अजय शुक्ला, रामेंद्र दीपक, अभिषेक मिश्रा, ऋषभ श्रीवास्तव, अमन त्रिवेदी, सिद्धार्थ, प्रखर कपूर, आर्यवीर राज सिंह, आशुतोष मिश्रा, आभा कपूर, शिफाली निगम, स्मृति राज, सूर्यांश शुक्ला, लतिका राज, शिवेंद्र सिंह की देखरेख में लगभग 500 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

# 10वीं की छात्रा ममता बनी एक दिन की थाना प्रभारी




बहराइच। उच्चाधिकारीगणों द्वारा दिए गये आदेशो निर्देशों के क्रम में रामलीला मैदान, नवयुग इण्टर कालेज, रेलवे क्रासिंग व रेलवे स्टेशन आदि जगहों पर भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं से उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरूक किया गया तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकरी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई तथा दुर्गा पूजा त्यौहार के दृष्टिगत व महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के क्रम में मिशन शक्ति - टीम थाना मोतीपुर जनपद बहराइच द्वारा चलाये गये अभियान के तहत आज दिनांक 27.09.25

● मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरुक किया गया

को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना मोतीपुर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुड़वा की बच्चियों को जागरूक किया गया।

महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090, 1098,1076, 112, 181, 108. एवं व साइबर संबंधित अपराध के शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई तथा सरकारी योजनाएं के बारे में बताया गया व बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ करते हुए जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना मोतीपुर में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुड़वा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच की कक्षा 10वीं की छात्रा ममता को एक दिन के लिए थाना प्रभारी बनाया गया।

इस दौरान ममता ने न सिर्फ थाने का कामकाज संभाला, बल्कि फरियादियों की समस्याओं को भी सुना और उनके समाधान के लिए सुझाव दिए। थाना मोतीपुर की मिशन शक्ति टीम द्वारा थाने पर आयी सभी बालिकाओं की कापी किताब व अन्य पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया

## आरती व पूजा अर्चना के साथ हुआ खाटू श्याम बाबा का 33वां विशाल भंडारा



बाराबंकी। श्री श्याम परिवार कल्याण समिति के तत्वाधान खाटू श्याम बाबा का 33वाँ विशाल भंडारा राममोहन वैश्य अंकित वैश्य के प्रतिष्ठान पर श्री खाटू श्याम के चित्र के समक्ष आरती व पूजा अर्चना कर किया गया। जिसके बाद विशाल भंडारा श्याम प्रभु की इच्छा तक चलता रहा। जंहा भक्तो द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। इस मौके पर अंकित वैश्य ने बताया कि जो इंसान तमाम मुश्किलों में घिर जाता है। तो खाटू श्याम के दरबार में हाजिरी लगाने उसका बेड़ा पार हो जाता है। इसीलिए श्याम बाबा को हारे का सहारा भी कहा जाता है। आयोजन में सरवन डालमिया, रविनन खजांची, धीरज गुप्ता, पंकज गुप्ता पंकी, बृजेश वैश्य, श्याम मोहन वैश्य, रोहित सिंह, सरदार चरनजीत सिंह, विवेक गुप्ता, प्रांशु अग्रवाल, अमित वैश्य, पंकज वर्मा सहित सैकड़ों श्याम प्रेमियो ने प्रसाद ग्रहण किया।

## श्री रामलीला सेवा समिति ने की प्रेस वार्ता, मीडियाकर्मियो को सौंपा निमंत्रण पत्र



बाराबंकी। श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित कराई जा रही रामलीला को लेकर दशहराबाग स्थित रामलीला मैदान मे प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता मे समिति अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने मीड़ियाकर्मियो को श्री रामलीला के कार्यक्रमों में सम्मिलित होने का निमंत्रण पत्र सौंपा एवं कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तृत चर्चा की। समिति सदस्य सरदार भूपेंद्र सिंह ने बताया कि रामलीला के कार्यक्रमों का जिस प्रकार से मीडिया के साथी कवरेज कर रहे वह निश्चित ही सराहनीय है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष विनोद गाबा ने मीड़िया कर्मियो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुये बताया कि एमएलसी अंगद सिंह ने हाईमास्ट लाइट लगवाई है। यह लाइट नवनिर्मित ऑडिटोरियम प्रागंण में लगवाई। जिसके बाद समिति ने एमएलसी द्वारा लाइट लगवाई जाने पर धन्यवाद व्यक्त किया। प्रेस वार्ता मे सांस्कृतिक मंत्री ने बताया कि भरत शोभा यात्रा का कार्यक्रम भी रामलीला मैदान पर सम्पन्न होगा। वही नवमी और दशमी को लेकर तैयारिया पूर्ण कर ली गई है। समिति के सदस्य अंकित गुप्ता गोलू ने बताया कि पत्रकार बंधु निरन्तर रामलीला के कार्यक्रमों का कवरेज कर रहे है जो सराहनीय है।

समिति महामंत्री शिव कुमार वर्मा ने कहा कि नवमी और दशमी एवं अन्य कार्यक्रमों में मीड़िया हेतु पृथक से मीडिया मंच बनाया जाता है। प्रेस वार्ता के दौरान सुशील गुप्ता, अमर सिंह, शैलेन्द्र सिंह, कुणाल सिंह, विनय सिंह, मीडिया प्रभारी नितेश मिश्रा मौजूद रहे।

# आज मैंने आपको पार उतारा, जब मैं आऊं भवसागर से पार लगा देना

बहराइच।श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी रजि. द्वारा शहर के बशीरगंज स्थित राम लीला मैदान में मथुरा-वृंदावन के कलाकारों द्वारा राम लीला का भव्य मंचन किया जा रहा है।शनिवार को दशरथ मरण, केवट संवाद, निषाद मिलन का मनोरम मंचन किया गया। रामलीला देखने स्थानीय और दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने भरपूर आनंद उठाया। देर रात तक लोगों की भारी भीड़ मौजूद

● राम केवट संवाद सुन भाव विभोर हुए दर्शक

रही।राम, लक्ष्मण और सीता की वन गमन के समय भीलों के राजा निषादराज से भेंट हुई।निषादराज प्रभु राम को देखकर दुखी होने के साथ बाद में आनंदित हो उठे।

निषादराज ने आदर सत्कार कर बस्ती में रुकने का प्रभु श्रीराम से आग्रह किया लेकिन प्रभु राम ने पिता के वचनों से बंधे होने की बात कहीं। अगले दिन प्रातः निषादराज राम,लक्ष्मण और सीता गंगा की ओर चलते हैं। श्रीराम गंगा तट पर सुमंत को अयोध्या लौट जाने को



कहते हैं। गंगा के पार जाने के लिए राम केवट से याचना करते हैं। लेकिन केवट यह कहते हुए मना कर देते हैं कि कहीं आपके चरणरज का स्पर्श पाकर नाव नारी न बन जाए। केवट राम से चरण धोकर नाव में बैठाने की शर्त रखते हैं। केवट प्रभु राम के चरणरज को धोकर पीते हैं।

केवट राम, लक्ष्मण और सीता को गंगा पार कराते हैं। राम केवट को गंगा पार करने की मुद्रिका के रूप में अंगूठी देते हैं लेकिन केवट यह कहकर मना कर देते हैं कि आज आप मेरे घाट पर आए तो मैंने आपको पार उतारा, जब मैं आपके घाट आऊं तो आप मुझे भवसागर से पार लगा देना। केवट की यह बात सुनकर राम आशीर्वाद देकर आगे बढ़ जाते हैं। राम-केवट संवाद की लीला मंचन देकर दर्शक प्रभु राम के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो उठता है।इस दौरान अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल,कमल शेखर गुप्ता,संतोष अग्रवाल,राहुल रॉय, जय जय अग्रवाल,राकेश चन्द्र श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, अंशुमान यज्ञसैनी,नन्हे लाल लोधी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## महिला की मौत पर एफआईआर दर्ज

ललितपुर। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम टूड़ासर निवासी महेश कुमार पुत्र आधार ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 24 सितम्बर को अपराह्न करीब 12.15 बजे वह अपनी मां मायाबाई व अपनी भान्जी थाना बानपुर के ग्राम उदया निवासी राजनन्दनी पुत्री स्व.मनोहरलाल के साथ ललितपुर से अपने गांव टूड़ासर जा रहा था, तभी मन्नू पेट्रोल पम्प के पास ट्रक नम्बर यू.पी.94 टी 5237 के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्ण चलाते हुये फोन पर बात करते हुये आया और उसने देखा कि उक्त ड्राईवर ने उसकी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए 8480 की ओर आ रहा है। उसने मोटर साइकिल को रोक लिया, लेकिन ट्रक ड्राईवर ने उसकी मां व भांजी के ऊपर ट्रक चढ़ा दिया, जिससे उसकी मां मायाबाई की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं भांजी राजनन्दनी की जांघ व कूल्हों पर ट्रक चढे के कारण हड्डियां टूट गयी और पेट में भी चोटें आयीं हैं। राहगीरों ने हाई-ड्रॉ बुलवाया, तब उसकी मां को ट्रक के पहिए के नीचे से निकाला गया और उसकी भांजी को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

## मदरसों की जांच के लिए समिति गठित

बहराइच। उप जिलाधिकारी, पयागपुर द्वारा की गयी जांच में ग्राम पहलवारा अन्तर्गत परिहार चौराहे के निकट मुख्य सड़क पर स्थित भवन में गैर मान्यता प्राप्त मदरसा संचालित पाया गया। यह मदरसा पूर्व में गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के सर्वे में सम्मिलित नहीं था। ऐसी स्थिति में जनपद, बहराइच में इस प्रकार के अन्य मदरसे संचालित होने की सम्भावना के दृष्टिगत पूर्व में किये गये 495 गैर मान्यता प्राप्त मदरसों व अन्य ऐसे मदरसे जो सर्वे में छूट गये हैं, कि जांच हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा शासन के निर्देश के क्रम मे जांच समिति पुनः गठित की गयी है। डीएम ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में जांच हेतु सम्बन्धित तहसील के उप जिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की समिति पुनः गठित करते हुए निर्देश दिये गये है कि जनपद बहराइच के 495 गैर मान्यता प्राप्त मदरसों व अन्य ऐसे मदरसे जो जांच के समय छूट गये हैं, का सत्यापन कर जांच की रिपोर्ट संकलित कर डाटा एक माह के भीतर पूर्ण कर अपर जिलाधिकारी (वि०रा०) के माध्यम से जिलाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## आठवीं की छात्रा साक्षी बनी एक दिन की बीएसए



अयोध्या। मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए शनिवार को जनपद के पूर्व माध्यमिक विद्यालय समहा कला की कक्षा आठ की छात्रा साक्षी को एक दिन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाया गया। साक्षी ने इस अवसर पर कार्यालय की व्यवस्थागत गतिविधियों का अवलोकन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में नेतृत्व, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना रहा। इस अवसर पर जिला नोडल बालिका शिक्षा एवं मास्टर ट्रेनर्स डॉ अनामिका मिश्रा, श्रीमती वन्दना तिवारी, श्रीमती अपर्णा द्विवेदी, श्रीमती रेनू सिंह, श्रीमती गीता गुप्ता एवम श्रीमती शिप्रा श्रीवास्तव ने बीएसए लालचन्द को इस पहल के लिये धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ छात्राओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा देती हैं।

संक्षेप

## लाखों की चोरी

अमेठी। खिड़की में लगे छज्जे के सहारे घर में दाखिल हुए चोरों ने लाखों रुपए के आभूषण चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह हुई। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के सोनारी कलां गांव निवासी झिंगुरी लाल शुक्रवार देर रात भोजन के उपरांत घर के बाहर सो गए। शनिवार सुबह घर के अंदर गए तो सारा सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए और शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी प्रभारी पुलिस चौकी टीकरमाफी को दी। पीड़ित के मुताबिक उनके पुत्र के विवाह की तारीख तय हो चुकी है। वे शादी की तैयारी में अभी से जुटे हुए हैं। चोरों ने घर रहे तीन तोला सोना और दो किलो चांदी के आसपास के सामान उठा ले गए हैं। चोरी होने की जानकारी पर पुलिस भी घटनास्थल की जांच की है।

## डॉ. रमेश चंद्र यादव ने प्रस्तुत किया शोध पत्र

लालगंज, रायबरेली।जिले के प्रतिष्ठित, शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी, नैक द्वारा प्रत्यायित ग्रेड - बी बैसवारा महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.रमेश चंद्र यादव ने आई सीएस एस आर द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सेमिनार में द सोशल स्टेट्स आफ इंडियन विमेन इन डिफरेंट पीरियड्स ए सोशियोलॉजिकल स्टडी विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

## सांस्कृतिक आदान प्रदान का माध्यम है पर्यटन

सुलतानपुर (वीओएल)। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के व्यावसायिक शिक्षा (टूर एंड टूर ऑपरेशन) के कोआर्डिनेटर डॉ. प्रभात श्रीवास्तव ने एक संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी का मुख्य विषय 2025 की थीमः पर्यटन एवं सतत विकास का अवसर था। डॉ प्रभात श्रीवास्तव ने कहा पर्यटन जब सतत हो तो वह स्थानीय लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बना सकता है। रोजगार सृजन, स्थानीय व्यवसाय को बढ़ावा और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण से ही संभव है। जब स्थानीय लोग पर्यटन गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित करते हैं, तो वास्तविक सततता का विकास होता है। डिजिटल तकनीक का प्रयोग जैसे की स्मार्ट गाइड, सिस्टम इंटरनेट, आधारित पर्यटन मार्गदर्शन, ऑनलाइन बुकिंग और ट्रैकिंग की शिक्षक और प्रशिक्षण पर्यटन को अधिक शुग म बनाते है साथ ही साथ विशेष रूप से महिलाओं युवाओं और वंचित समुदायों को अवसर प्रदान करना पर्यटन को समावेशी बनाता है। विश्व पर्यटन दिवस 2025 हमे यह संदेश देता है कि पर्यटन केवल यात्रा का अनुभव नहीं है, अपितु यह सतत विकास और वैश्विक परिवर्तन की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

रायबरेली। विजिलेंस अवेयरनेस सप्ताह पूर्व बेला में, प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब द्वारा छात्राओं के लिए विशेष साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुपमा श्रीवास्तव, अध्यक्ष द्वारा किया गया, जिन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को विजिलेंस शपथ भी दिलाई और ईमानदारी एवं नैतिकता के प्रति प्रतिबद्धता जताई। इस कार्यशाला में 35 से अधिक छात्राओं एवं 15 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। और साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

# मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत आत्मरक्षा कार्यशाला आयोजित



रायबरेली। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत राजकीय कन्या इंटर कॉलेज रायबरेली में छात्राओं हेतु आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बालिकाओं व छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा विपरीत परिस्थितियों में आत्मरक्षा के प्रति सजग करना रहा। इस कार्यशाला में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने भी छात्राओं को आत्मरक्षा कौशल और उसके महत्व की जानकारी दी। कार्यशाला में रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा के तहत राजकीय विद्यालयों में संचालित कार्यक्रम के अंतर्गत नियुक्त प्रशिक्षक के द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन कराया गया। छात्राओं को बताया गया कि किस प्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी जागरूकता और आत्मविश्वास से वे स्वयं को सुरक्षित रख सकती हैं। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से आवश्यक कौशल सीखे और प्रदर्शित किये। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, डीआईओएस संजीव सिंह, सीओ सिटी अरुण कुमार, विद्यालय की प्रधानाचार्या स्मिता मिश्रा, अभियोजन से जेडी धीरेंद्र कुमार मिश्रा, निशा दुबे, यादवेंद्र यादव, सौम्या प्रियदर्शनी, विद्यालय की अध्यापिकाएँ, छात्राएँ तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

**हेल्पलाइन व योजनाओं की दी जानकारी**

रायबरेली। प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी श्मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत जनपद रायबरेली में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को मजबूत बनाने के लिए व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के सख्त निर्देशों पर सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति केंद्र की टीमों ने प्रमुख बाजारों, कस्बों, चैराहों, स्कूलों-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में जागरूक किया।

महिला पुलिस कर्मियों द्वारा पंपलेट वितरण और पीए सिस्टम के माध्यम से आयोजित इस अभियान में शासन व पुलिस विभाग की प्रमुख योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम स्वानिधि योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, महिला ई-हाट योजना आदि का विस्तृत प्रचार-प्रसार किया गया। इसके अलावा, पुलिस विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर्स जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 (इमरजेंसी कॉल/पैनिक बटन मोबाइल पर डेमो सहित), सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 की जानकारी देकर लोगों को सतर्क किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि यह अभियान 30 दिनों तक चलेगा, जिसमें विभिन्न स्तरों पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने जनता से अपील की कि महिलाओं व बालिकाओं से जुड़े किसी भी अपराध या समस्या की सूचना तुरंत हेल्पलाइन पर दें।

## कस्बे में पैदल मार्च कर चुस्त दुरुस्त पुलिसिंग का कराया एहसास

लालगंज, रायबरेली। सीओ अमित सिंह के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह की अगुवाई में लालगंज कस्बे में पैदल मार्च कर जनता के बीच चुस्त दुरुस्त पुलिसिंग का एहसास कराया गया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान में चल रहे नवरात्र के त्योहार और दशहरा पर्व को लेकर पुलिस लगातार सक्रियता बरत रही है। कोतवाल ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पीस कमेटी की बैठक के साथ-साथ गांव में भी चैपाल लगाकर जनता को कानून व्यवस्था के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा पुलिस लगातार पैदल गस्त कर रही है। योगी सरकार की मंशा के अनुसार त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए लालगंज पुलिस कटिबद्ध है। त्योहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसिंग को और अधिक सक्रिय किया जा रहा है। उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर त्योहारों में किसी ने कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पैदल मार्च में उप निरीक्षक अमरेश द्विवेदी, उप निरीक्षक नितिन मलिक, उप निरीक्षक अमरनाथ, उप निरीक्षक निखिल सहित भारी-फोर्स मौजूद रहा।

## कुएं के अंदर बोरी में मिली सरकारी और प्राइवेटदवाइयों की बड़ी खेप



महाराजगंज, रायबरेली। विकास क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार सुबह जनई गांव के पास एक बाग में स्थित कुएं में सरकारी एवं प्राइवेट दवाइयों की बड़ी खेप एक बोरी में मिलने से हड़कंप मच गया ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे सीएचसी अधीक्षक जांच पड़ताल में जुट गए है। जानकारी के अनुसार आपको जनई गांव निवासी धनंजय सिंह शनिवार सुबह शौच लिए अपने खेतों की तरफ गए हुए थे, जैसे ही वह बाग के पास कुएं के नजदीक पहुंचे तभी उन्हें कुएं में एक बोरी दिखाई दी, उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में चोरियां अत्यधिक हो रही है। इसलिए उक्त कुएं से उन्होंने बोरी निकाली और बोरी के अंदर उन्हें काफी मात्रा में सरकारी व प्राइवेट दवाइयां, एक बैनर और एक्स-रे मिला। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजगंज के अधीक्षक डॉक्टर गणनायक पांडे को दी। मौके पर पहुंचे अधीक्षक डॉक्टर गणनायक पांडे ने दवाइयां को अपने कब्जे में लेकर जांच करने की बात कही है और दोषियों के ऊपर कठोर से कठोर कार्यवाही आश्वासन भी दिया है। इस बाबत अधीक्षक डॉक्टर गणनायक पांडे ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा सूचना दूरभाष के माध्यम से प्राप्त हुई। इसके पश्चात मै और मेरी टीम मौके पर पहुंचे। उक्त दवाइयों को कब्जे में ले लिया गया है तथा बोरी के अंदर से मिले बैनर को भी कब्जे में ले लिया गया है, फिलहाल बैनर जिस कार्यक्रम का है। वह कार्यक्रम हमारे अस्पताल के द्वारा संचालित नहीं किया जाता है। वहीं जो एक्स-रे मिला है, उसे सील कर दिया गया है और एक्सरे पर जिसका नाम व पता है उससे भी पूछताछ की जाएगी। फिलहाल यह जो दवाइयां प्राप्त हुई है यह ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर विभिन्न अभियानों के अंतर्गत बांटने के लिए आशा बहुओं, एएनम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी को दी जाती हैं। फिलहाल दवाइयां को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है, जो भी उक्त घटना में दोषी पाया जाएगा उसके ऊपर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाएगी। जानकारी यह भी प्राप्त हुई है कि जो भी दवाइयां कुएं के अंदर मिली है, उनकी एक्सपायरी डेट वर्ष 2027 बताई जा रही है। फिलहाल स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है ऐसी दवाइयां जो आम आदमी की प्रयोग में लाई जाती है, उनकी इतनी बड़ी खेप यहां किसके द्वारा फेंकी गई है।

## रामलीला में पहुंचे विधायक राजेश गौतम, 11 हजार का किया सहयोग

दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। विधानसभा चुनाव करीब आते ही नेताओं की सक्रियता बढ़ने लगी है। इसी क्रम में भाजपा विधायक राजेश गौतम शुक्रवार की देर रात दोस्तपुर कस्बे के रामलीला मंच पर पहुंचे। उन्होंने रामलीला कमेटी को 11,000 रुपये का सहयोग दिया। रामलीला चैक पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष आशु सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय सोनी और सपा से जुड़े नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश सोनकर भी मौजूद रहे। हालांकि भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और मौजूदा मंडल अध्यक्ष की अनुपस्थिति कस्बे में चर्चा का विषय रही। मंच से रामलीला कमेटी अध्यक्ष रतन सोनी ने विधायक को 2017 के चुनावी भाषणों में किए गए कस्बे के विकास और रामलीला उत्थान से जुड़े वादों की याद दिलाई। इस पर विधायक गौतम ने भरोसा दिलाया कि रामलीला की जो भी आवश्यकता होगी, मैं हमेशा सहयोग के लिए उपलब्ध रहूँगा। रतन सोनी ने कहा कि पिछली बार बुलाने पर कोई मदद नहीं मिली थी, लेकिन इस बार आर्थिक सहयोग अवश्य प्राप्त हुआ। वहीं, कस्बे में यह चर्चा भी तेज हो गई कि विधायक की बढ़ती सक्रियता को चुनावी माहौल से जोड़कर देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि 2022 में जीत के बाद विधायक ने अश्विनी कुमार बरनवाल के घर पर जनसुनवाई शुरू की थी। पांच हफ्तों तक बिजली, पुलिस और नगर पंचायत से जुड़ी समस्याओं का समाधान हुआ, लेकिन बाद में यह क्रम टूट गया और अब सुनवाई उनके आवास पर ही होती है।



# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक



गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए संचालित महत्वाकांक्षी अभियान मिशन शक्ति के तहत शनिवार को गोसाईगंज थाना क्षेत्र के इंटर कॉलेज नटौली में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा के उपाय, साइबर अपराध से बचाव और महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इंस्पेक्टर क्राइम अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि छात्राओं को पढ़ाई के साथ ही अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को निडर होकर आगे बढ़ने और समाज में सशक्त भूमिका निभाने का आह्वान किया। हेड कांस्टेबल ऊषा सोनी ने छात्राओं को आत्मरक्षा के तरीके बताए और महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112 की जानकारी दी। वहीं महिला कांस्टेबल सुनीता पटेल ने साइबर अपराध से बचाव के उपाय साझा किए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य विवेक कुमार उपाध्याय, बड़े बाबू सतेंद्र तिवारी, शिक्षक नूरुश्बा, संगम लाल पांडेय, राकेश विश्वकर्मा, सदाशिव वर्मा व शिवेंद्र तिवारी सहित सैकड़ों छात्राएं मौजूद रही।

## बाल विवाह और लैंगिक समानता पर हुआ नुक्कड़ नाटक

अमेठी। प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण तथा सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से जनपद में व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार तथा उपजिलाधिकारी प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में महिला कल्याण विभाग द्वारा अम्बेडकर चौराहा, विकास खण्ड अमेठी में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय अमेठी की छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें लैंगिक समानता तथा समाज में व्याप्त बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर विशेष संदेश दिया गया। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य ,कोविड), स्पॉन्सरशिप योजना तथा निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को पम्पलेट एवं मिशन शक्ति के फोल्डर वितरित कर योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महिला हेल्पलाइन 181, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090 एवं आपातकालीन सेवा 112 जैसे हेल्पलाइन नंबरों का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इस मौके पर चाइल्ड हेल्पलाइन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव, सुपरवाइजर रोशन लाल, केस वर्कर रूचि सिंह, वन स्टॉप सेंटर की सेंटर मैनेजर गायत्री देवी, जेंडर विशेषज्ञ राकेश कुमार यादव, सहायक लेखाकार (हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना) जानवी गुप्ता, जिला बाल संरक्षण इकाई के आउटरीच कार्यकर्ता गुलाब चन्द्र सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।

# आपस में मिलजुल कर मनायें पर्व : तहसीलदार



महराजगंज, रायबरेली। नवरात्रि जैसे पावन पर्व के अवसर पर क्षेत्रवासियों व आम जनमानस से यह अपील की जाती है कि आप सभी लोग आपस में मिलजुल कर पावन पर्व को मनाएं क्योंकि रायबरेली जिला हमेशा इतिहास के पन्नों में हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक व गंगा जमुनी तहजीब के लिए पूरे प्रदेश में जाना जाता है। आप सभी लोग एक दूसरे का सहयोग कर आने वाले दुर्गा अष्टमी/नवमी व दशहरा जैसे पावन पर्व को अमन चैन के साथ मनाएं। यह उदगार महराजगंज कस्बा सहित क्षेत्र में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में तहसीलदार मंजुला मिश्रा व्यक्त कर रही थी।

बताते चलें कि शासन के निर्देशानुसार व रायबरेली जिले की जिला अधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाने वाले न्यायप्रिय एवं तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशानुसार आज कस्बे के प्रमुख मार्गों पर तहसीलदार मंजुला मिश्रा व कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव की मौजूदगी में भारी मात्रा में पुलिस बल ने फ्लैग मार्च किया तथा कस्बे में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं व पंडाल में जाकर भक्तगणों से कुशल क्षेम पूछा तो वहीं मौजूद कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि शासन की मनसा के अनुरूप कस्बा सहित क्षेत्र के अनेक गांवों में मां जगत जननी की प्रतिमा स्थापित कर हर्षोल्लास के साथ नवदुर्गा पूजा का कार्यक्रम मनाया जा रहा है, तथा सभी जगहों पर प्रत्येक दिन पुलिस बल पहुंचकर शांति व्यवस्था बनाए हुए है।शासन की मनसा के अनुरूप हर श्रद्धालु व भक्तगण को नवदुर्गा पूजा के अवसर पर यह छूट दी गई है, कि आप सभी लोग किसी भी दुर्गा जागरण व कीर्तन में जाकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाएं। इस मौके पर एसआई त्रियुगी नारायण तिवारी, एसआई राजवीर सिंह, एस आई दिनेश गोस्वामी, एस आई सुनील कुमार, पिंटू यादव सहित भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।

## ई-खसरा पड़ताल करने गये प्राविधिक सहायक को चोर समझ ग्रामीणों ने पीटा

- महिला समेत पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

सलोन,रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के अतागंज उसरी गांव में कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक दुर्गेश पाण्डेय पर गांव के कुछ लोगों ने चोर बताकर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में अधिकारी को शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। विकास खण्ड सलोन में तैनात दुर्गेश पाण्डेय पुत्र गंगाशरण पाण्डेय निवासी मनुहार थाना लालगंज, प्रतापगढ़ शुक्रवार की शाम लगभग चार बजे ग्राम अतागंज ऊसरी में ई-खसरा पड़ताल का सरकारी कार्य कर करने गए थे। आरोप है कि गीता देवी पत्नी प्रेमलाल निवासी रामीपुर बरवलिया और उनके साथ पांच अज्ञात साथी मौके पर पहुंच गए और हस्तक्षेप करने लगे। पीड़ित के मुताबिक उसने सरकारी कार्य करने के साथ साथ ग्राम प्रधान से बातचीत भी कराई थी। पीड़ित का आरोप है कि इसी दौरान राजकमल पुत्र भरतलाल भी वहां आ गया और चोर चोर कहकर उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित ने ग्रामीणों को भरसक समझाने का प्रयास किया लेकिन बहकावे में आकर आक्रोशित लोगो ने उसे जमकर पीटा। वहीं आरोपियों के चंगुल से किसी तरह छूट कर पीड़ित सलोन कोतवाली पहुँचा जिसके बाद घटना की आपबीती पुलिस को बताई। कोतवाल राघवन कुमार सिंह का कहना है कि कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक ने गीता देवी समेत पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाल ने कहा कि मुख्य आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है अन्य की तलाश के लिए टीम गठित की गई है।

## मीटर रीडिंग के लिए गये बिजली कर्मी से मारपीट, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमेठी। बिजली मीटर रीडिंग व बकाया बिल वसूल करने गए कर्मी से दबंगों ने मारपीट व धमकाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। शुक्रवार को अपराह्न लगभग 3.20 बजे तिलोई पवार हाउस का बिजली कर्मी सुरेश पुत्र माता प्रसाद निवासी चेतरा बुजुर्ग थाना मोहनगंज प्रति दिन की तरह मीटर रीडिंग व बकाया का भुगतान लेने अलाईपुर गांव गया था। आरोप है कि गांव निवासी अशोक, नागेंद्र, अजय कुमार व राजकुमार ने उसके साथ मारपीट व धमकी देने का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। पीड़ित का आरोप है कि बिजली भुगतान का 26214 रुपए भी इस बीच वहीं गिर गया है। पीड़ित ने जब अपने उच्चाधिकारियों को मोबाइल से मामले की सूचना देने का प्रयास किया तो मोबाइल भी छीन लिया। इस पर मोहनगंज पुलिस ने पीड़ित बिजली कर्मी की तहरीर पर चारों दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी राकेश सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## एसजेएस पब्लिक स्कूल में बच्चों ने प्रस्तुत की अच्छाई की विजय गाथा

गौरीगंज ,अमेठी। एस.जे.एस. पब्लिक स्कूल में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने रामायण की झलकियाँ प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राम, लक्ष्मण, सीता और रावण के पात्रों का सजीव चित्रण कर बच्चों ने यह संदेश दिया कि सत्य और अच्छाई की हमेशा विजय होती है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रावण दहन रहा, जिसमें बच्चों ने बुराई का प्रतीक रावण जलाकर यह संकल्प लिया कि वे सदैव सत्य के मार्ग पर चलेंगे। विद्यालय की मैनेजर प्रियंका सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, दशहरा हमें यह सिखाता है कि चाहे बुराई कितनी भी बड़ी क्यों न हो, सत्य और सद्गुणों के सामने टिक नहीं सकती। बच्चों को इस पर्व से यह प्रेरणा लेनी चाहिए कि वे अपने जीवन से नकारात्मक आदतों को दूर करें और सकारात्मक सोच अपनाएँ। मैनेजर श्री अनुज सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा, हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि बच्चों के भीतर अच्छे संस्कार और जीवन मूल्यों का बीजारोपण करना है। दशहरा जैसे पर्व हमें याद दिलाते हैं कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमें सदैव नैतिकता और आदर्शों का पालन करना चाहिए। उन्होंने बच्चों के उत्साह और प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय सदैव ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्रों में सांस्कृतिक चेतना जागृत करता रहेगा। प्रिंसिपल श्रीमती सबा कौसर सिद्दीकी ने कहा, दशहरा अच्छाई और बुराई के संघर्ष का प्रतीक है।

## डीएम-एसपी ने सुनीं लोगों की शिकायतें समयबद्ध निस्तारण का दिया निर्देश

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने भदोखर में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने भूमि पर अवैध कब्जे, मारपीट, आपसी रंजिश, महिला उत्पीड़न आदि से संबंधित शिकायतें आयीं। उन्होंने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जाए।डीएम ने कहा कि थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए। जिससे कि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायत को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। कहा कि रजिस्टर में दर्ज विवादों को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए। मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत आज पूर्व माध्यमिक विद्यालय भदोखर की मीना मंच की बालिकाओं को भदोखर थाने का भ्रमण कराया गया जिसमें महिला हेल्प डेस्क प्रभारी इंस्पेक्टर रेखा द्वारा एफ० आई० आर० कराने तथा हेल्पलाइन नंबर और महिला हेल्प डेस्क के कार्यों के बारे में बालिकाओं को विधिवत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा बालिकाओं से मिशन शक्ति बारे में चर्चा की और गांव-गांव घर-घर तक मिशन शक्ति का संदेश पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संयोजन एस.एस पाण्डेय प्रभारी मीना मंच द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा, सीओ अरुण कुमार नौहवार, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका इरफाना काजमी, सहयोगी प्रतिभा सहित पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के तहत थाने में छात्राओं को दी गयी जानकारी




मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। मिशन शक्ति के तहत कैथाना उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्राएं थाने पर पहुंचकर जरूरी जानकारियां लीं। शनिवार को थाने पर कैथाना उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक नरेंद्र प्रताप वर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह व विद्यालय में मिशन शक्ति का दायित्व संभालने वाली शिक्षक आरती देवी छात्रा प्रतिज्ञा सिंह, पलक सिंह, महक कनौजिया, यशी यादव, काजल, सृष्टि, अंशु, आयशा को लेकर थाने पर पहुंची तो थाने पर मौजूद नायब तहसीलदार रुबी यादव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद मिश्र, श्रीराम मिश्र, अशोक कुमार वर्मा ने छात्राओं को 1090, 181, 112, 1098 जैसे हेल्पलाइन नंबर हमेशा मदद के लिए उपलब्ध हैं बताया गया। साथ ही बच्चियों को आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने और शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

## विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए सांसद राम भुआल

सुलतानपुर। सांसद के जनपद आगमन पर कार्यकर्ताओं व समर्थकों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। सांसद ने कहा मैं आप सभी द्वारा प्राप्त इस अपार स्नेह व अपनत्व के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। इसके बाद वह विधानसभा कादीपुर के ब्लॉक दोस्तपुर में रमेश सोनकर चेयरमैन से शिष्टाचार भेंट। वहां से कादीपुर के (पूर्व विधायक) भगेलूराम के आवास पर शिष्टाचार भेंट मुलाकात की एवं उपस्थित जन सामान्य की शिकायतों को एक-एक व्यक्तियों से सुन कर संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश दिया। इसके उपरांत विधानसभा कादीपुर नवोदय विद्यालय का सांसद राम भुआल निषाद व साथ मे पूर्व विधायक भगेलूराम द्वारा निरीक्षण किया गया। इस कार्यक्रम के बाद विधानसभा कादीपुर सराय रानी में मातारानी के पंडाल पर दर्शन किया। इसी के साथ ग्राम सभा कटसारी में महेंद्र निषाद के आवास पर शिष्टाचार भेंट की एवं क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएँ एवं सुझाव सुने। जनविश्वास को सर्वोच्च मानते हुए प्रत्येक विषय पर गंभीरता से विमर्श किया और त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। फिर वहां से विधानसभा लंभुआ विधानसभा में पूर्व विधायक सन्तोष पाण्डेय के पिता स्व. रामचंद्र पाण्डेय के त्रयोदश संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

तिलोई ,अमेठी। मोहनगंज थाना क्षेत्र के चौकी शंकरगंज अन्तर्गत पूरे घिसई गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब शनिवार सुबह एक अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे पड़ा मिला। मृतक की पहचान गांव निवासी लगभग 50 वर्षीय व्यक्ति के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक मृतक शनिवार सुबह लकड़ी काटने के उद्देश्य से साइकिल से घर से निकला था। देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता सताने लगी। परिजन अपने स्तर पर काफी देर तक उसकी तलाश करते रहे, लेकिन कहीं से कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसी बीच शनिवार सुबह गांव से गुजर रहे राहगीरों ने सड़क किनारे अधेड़ का शव देखा। शव देखते ही लोगों ने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवारजन मौके पर पहुंचे और रो-रोकर बेहाल हो उठे।स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

संक्षेप

## सस्पेंड कांस्टेबल का शव मिला

**आगरा।** सस्पेंड चल रहे कॉन्स्टेबल का शव फुट ओवरब्रिज पर पड़ा मिला। वहीं डेडबॉडी के पास से चूहे मारने की दवा भी पड़ी मिली थी। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल में जुटी है। हालांकि पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। एसीपी आदित्य कुमार ने बताया- शव मिलने की सूचना पर फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। जांच कराई जा रही है। विवेक के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी है। एसीपी आदित्य कुमार ने बताया- शनिवार सुबह 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक का शव कैलाश मोड़ स्थित फुट ओवर ब्रिज पर पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो पहचान पत्र से सिपाही की शिनाख्त हो गई। मौके पर फोरेंसिक टीम को जांच के लिए बुला लिया गया है। पुलिस अभी सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। मगर, पुलिस प्रथमदृष्टया मामले को सुसाइड ही मान रही है। विवेक 2015 में यूपी पुलिस में भर्ती हुए थे। वह बुलंदशहर के शिकारपुर के सुजानपुर पूठा के रहने वाले थे। उनकी आगरा में तैनाती थी। 27 जुलाई 2024 को पिनाहट थाने से छुट्टी लेकर घर गए थे। लेकिन उसके बाद ड्यूटी पर वापस नहीं आए। लगभग एक साल गैर हाजिर रहने पर 28 जून 2025 को उन्हें सस्पेंड कर दिया गया था। वर्तमान में अभी पुलिस लाइन में तैनात थे।

## आईएस अधिकारी के नाम पर व्यापारी से 75 हजार ठगे

**आगरा।** साइबर अपराधियों ने एक व्यापारी को आईएस अधिकारी के नाम पर ऐसा झांसा दिया कि वह कुछ ही घंटों में 75 हजार रुपये गंवा बैठा। नई विजय नगर निवासी अजय मित्तल को रात में आई एक व्हाट्सऐप कॉल ने हैरान कर दिया। कॉल करने वाला खुद को सीआरपीएफ का जवान बता रहा था और भरोसा दिलाने के लिए आईएस अधिकारी का फोटो भी भेज चुका था। भरोसे में आए अजय ने बिना शक किए पैसे ट्रांसफर कर दिए। 10 जुलाई की रात अजय मित्तल को कॉल कर ठग ने खुद को उनके आईएस दोस्त कुनाल शर्मा का करीबी बताते हुए कहा कि उसका ट्रांसफर हो गया है और वह घर का सामान बेचना चाहता है। ठग ने विश्वास दिलाने के लिए फोटो और सामान की तस्वीरें तक भेजीं। अगली सुबह आरोपी ने पेटीएम यूपीआई के जरिए 75 हजार रुपये मध्य प्रदेश के मुरैना निवासी नीतिशे दुबे के खाते में भिजवा दिए। रकम भेजने के कुछ ही समय बाद आरोपी ने अजय से और 41,500 की मांग की। इस बार लगातार अंग्रेजी में बात करते हुए उसने वीडियो कॉल या पहचान पत्र दिखाने से इंकार कर दिया और कॉल काट दी। जब अजय ने दोबारा कॉल करने की कोशिश की तो नंबर बंद मिला। तभी उन्हें अहसास हुआ कि वे साइबर ठगी का शिकार हो चुके हैं। पीड़ित की तहरीर पर हरिपर्वत थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## फंदे से लटका मिला शव

**आगरा।** कमलानगर मेन मार्केट स्थित जिम में संचालक का शव फंदे से लटका मिला। जिम के बाहर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कमला नगर मेन मार्केट में बीस्ट फिटनेस नाम से जिम है। इसके संचालक भरत सिंघानिया (35) है। शुक्रवार शाम को जिम में पहुंचे कर्मचारियों ने देखा कि फंदे पर भरत सिंघानिया लटका हुआ है। उन्होंने तुरंत रस्सी काटी। भरत को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# प्रेममयी, रसमयी और करुणामयी है बरसाना की भूमि: मोरारी बापू

## प्रभु राम का जीवन आदर्श सत्य प्रेम और करुणा की शिक्षा देता है: ओम बिरला

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** ब्रजभूमि मथुरा में शनिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने धर्मपत्नी के साथ बरसाना पहुंचकर श्रीजी मंदिर में राधारानी को शीश नवाया। इसके बाद उन्होंने माता जी गोशाला में रामकथा का गुणगान कर रहे मोरारी बापू का आशीर्वाद लिया और कथा का श्रवण किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अरूण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मथुरा आगमन पर ओम बिरला का भाजपा कार्यकताओं ने भाजपा कार्यकताओं ने उन्हें दुपट्टा ओढ़ाया और राधा-कृष्ण का चित्र भेंट कर स्वागत किया। स्थानीय पुलिस और स्काउट-गाइड दस्ते ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष श्रीजी मंदिर पहुंचे। मंदिर सेवायतों ने उन्हें प्रसादी ओढ़ाई और प्रसाद अर्पित किया। ओम बिरला ने दोनों हाथ जोड़कर राधारानी के चरणों में नमन किया और राष्ट्र व समाज की मंगलकामना की। संकीर्तन और घंटियों की मधुर ध्वनि के बीच दर्शन कर वो भावविभोर दिखे। जहां उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी और उनकी की पत्नी संजू चैधरी मौजूद रही। इसके उपरांत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रामकथा का श्रवण करने पहुंचे और रामकथा वाचक मोरारी बापू का आशीर्वाद लिया। कथा का रसापान



कराते हुए मोरारी बापू ने कहा बरसाना की भूमि प्रेममयी रसमयी और करुणामयी भूमि है जिस पर ऊंची अटारी वाली की कृपा बरसती रहती है। प्रेममयी, रसमयी और करुणामयी है बरसाना की भूमि। कथा श्रवण के पश्चात लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि यह भूमि अध्यात्म की धरा है, और यहां की ऊर्जा एक अद्भुत अनुभूति देती है। साथ ही उन्होंने राधा रानी से देश की खुशहाली और सभी लोगों की सुख-शांति के लिए मंगलकामना भी की। उन्होंने मंदिर की व्यवस्था और भक्तिमय परंपराओं की विशेष सराहना भी की। उन्हें पुनः राधा रानी के दर्शन का सौभाग्य मिला, जिससे उन्हें असीम शांति का अनुभव मिला। बरसाना की पावन धरती पर रामकथा सुनना उनके लिए बड़ा सौभाग्य है। जब बापू कथा करते हैं, तो ऐसा लगता है पूरा जीवन राममय हो गया। रामकथा का श्रवण सकारात्मक ऊर्जा और शांति का अनुभव कराता है एवं प्रभु राम का जीवन आदर्श सत्य प्रेम और करुणा की शिक्षा देता है। कथा के उपरांत लोकसभा अध्यक्ष पत्नी संग संत रमेशबाबा का आशीर्वाद लेने पहुंचे जहां उन्होंने गौ सेवा पर आधात्मिक चर्चा की।

इस दौरान उनके साथ सतुआ महाराज भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे चतुर संप्रदाय के अध्यक्ष फूलडोल दास महाराज लाडली दास महाराज हरिशंकर दास गोपेश्वर बाबा जगतगुरू सच्चिदानंद महाराज कोसीकलां के चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट खेमचंद शर्मा जिला परिषद अध्यक्ष किशन चैधरी पुनीत चतुर्वेदी विपिन चतुर्वेदी पंकज चतुर्वेदी अजय चतुर्वेदी राम कटोर पांडेय हिमानी चतुर्वेदी मान मंदिर सेवा संस्थान के अध्यक्ष रामजीलाल शास्त्री कार्यकारी अध्यक्ष राधाकांत शास्त्री सचिव सुनील सिंह ब्रजदास माताजी गौशाला के संयोजक राजबाबा नरसिंह दास बाबा रामकथा के आयोजक हरेश एन संघवी समाजसेवी वीना हरेश संघवी निकुंज संघवी नीलिमा संघवी अवनी संघवी हिमांशु आदि उपस्थित रहे।

## 171 लीटर अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार

**मथुरा।** फरह पुलिस ने चेकिंग के दौरान महुअन टोल से 200 मीटर पहले हाईवे पर चार अन्तर्राज्यीय शराब तस्करों को दबोचा। उनके कब्जे से हरियाणा मार्का की 171 लीटर रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक महिंद्रा जीप भी जब्त की है। पुलिस को मुखबिर से तस्करों के बारे में सूचना मिली थी। इस जानकारी के आधार पर स्थानीय पुलिस ने महुअन टोल पर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की महिंद्रा कार आती दिखी। पुलिस ने जब उसे रोकने का प्रयास किया, तो चालक ने गाड़ी की गति बढ़ा दी। पुलिस ने पीछा कर र कार को रुकवाया। तलाशी लेने पर कार के अंदर शराब का एक बड़ा जखीरा मिला। पुलिस ने इस मामले में बिहार के सीतामढ़ी और अन्य जिलों के निवासी पप्पू कुमार, प्रिंस कुमार, विकास राज और दीप नारायण महतो को गिरफ्तार किया। उनके पास से रॉयल स्टैग ब्रांड की 40 पूरी बोतलें, 284 हाफ बोतलें और 196 क्वार्टर बोतलें बरामद हुईं। शराब तस्करों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकी सिंह, निरीक्षक यशपाल सिंह, टोल चैकी प्रभारी अनिरुद्ध सिंह, उपनिरीक्षक आनंद शर्मा, विनीत नेहरा, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, राजकुमार, पंकज कुमार और कांस्टेबल धीरेंद्र कुमार शामिल थे।

## खेलों से ही शारीरिक व मानसिक विकास संभव : रंगेश उपाध्याय



**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद के प्रांगण में माध्यमिक विद्यालयी जनपदीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्थाध्यक्ष संतोष कुमार उपाध्याय प्रबंधक बृजेश उपाध्याय प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय प्रधानाचार्या नगला बल्लू ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करके किया, तथा सभी खिलाड़ियों का परिचय लिया। बालिका वर्ग में अंडर-19 बछगाँव को विजेता और सिरसागंज को उपविजेता, अंडर 17 में जसराना टीम को विजेता और बछगांव को उपविजेता, अंडर 14 में बछगाँव टीम को विजेता और सिरसागंज को उपविजेता घोषित किया गया। बालक वर्ग में अंडर 19 मैं बछगांव को विजेता, अंडर 17 में बछगांव को विजेता जसराना को उपविजेता, अंडर 14 में बेसिक नारखी को विजेता बछगांव को उपविजेता घोषित किया गया। सभी विजयी खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका में महावीर प्रसाद शर्मा, नरेंद्र सिंह गोकुल चंद्र गौतम एवं अमित उपाध्याय रहे प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय ने जनपद से आए सभी व्यायाम शिक्षको एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया एवं उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर व्यायाम शिक्षक हरिओम शर्मा दिनेश राय अमर सिंह राठौर, अमित कुमार आलोक चौहान तनवी गुप्ता एवं समस्त स्टाफ का कार्य सराहनीय रहा।

## रेलवे सिकलाइन पर किया गया मॉक ड्रिल

**टूंडला।** ट्रेन के पटरी से उतरने पर विभिन्न विभागों द्वारा शनिवार को मॉक ड्रिल किया गया। अधिकारियों ने देखा कि आपातस्थिति में आपदा से निपटने के लिए विभाग कितने तैयार हैं। रेलवे सिकलाइन यार्ड सुबह साढ़े नौ बजे सायरन बजते ही रेलवे आरपीएफ जीआरपी रेलवे अस्पताल दमकलकर्मियों एनडीआरएफ सीएचसी, कैरिज एंड वैगन ऑपरेटिंग कॉमर्शियल, इंजीनियरिंग टेलीकॉम सिगनल ओएचई, रेलवे मेडिकल पुलिस स्काउट गाइडस आदि ने मिलकर संयुक्त मॉक ड्रिल किया। वहीं बम निरोधक दस्ता और स्निफर डॉग ने पटरी से उतरे रेल कोच की संघनता जांच की। एडीआरएम एमएम वारिश के नेतृत्व में विभि-?न विभागों ने सिकलाइन यार्ड में खड़े पटरी से उतरे रेल कोच पर आपातस्थिति से निपटने के तरीके से रेलयात्रियों को डिब्बों से निकाला। ट्रेन के डिब्बे से बचाव दल ने घायल रेलयात्रियो को निकालकर एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल तक ले जाने का अभ्यास किया। डीएसओ एके शुक्?ला ने रेलयात्रियों को जागरुक किया। साथ ही उन्होंने कहा कि ट्रेनों में पड़ी लावारिश वस्तु को हाथ न लगाएं। इसकी सूचना तत्काल कंट्रोल रुम को दें। इस दौरान मॉक ड्रिल में डिप्टी सीटीएम अमित आनंद, डीटीएम पूर्वी गर्ग, सुरक्षा आयुक्त महेंद्र शेखावत, एसीएम एके सिन्हा, एसडीएम अंकित वर्मा, एईएन रिहान शाहिदी, सीएचसी अधीक्षक सोनू चतुर्वेदी स्टेशन अधीक्षक सुजीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सांसद हेमा मालिनी का 5 दिवसीय मथुरा में भ्रमण कार्यक्रम



**मथुरा।** सांसद हेमा मालिनी 27 सितंबर से पांच दिवसीय मथुरा के दौरे पर आ रही है। वह 27 सितंबर शनिवार को देर रात मथुरा पहुंचेंगी। 28 सितंबर रविवार को वह 11 बजे वार्ड संख्या 37 महोली रोड स्थित जय गुरुदेव अस्पताल पार्क के पास प्रधानमंत्री मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम में कार्यकताओं के साथ भाग लेंगी 111:30 बजे उत्तर प्रदेश बृज तीर्थ विकास परिषद द्वारा स्वीकृत 4 करोड़ 63 लाख रुपए से बन रही महोली रोड स्थित बजरंग धर्म कांटे से शांति नगर तक की सड़क का शिलान्यास कर 12 बजे किशोरी रमन इंटर कॉलेज में नवनिर्मित रसायन विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन कर वहां संबोधन भी करेंगी। दोपहर 1 बजे भगत सिंह पार्क में आयोजित विकसित भारत प्रदर्शनी का अवलोकन कर सांय 5:30 बजे चिल्ड्रन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित डांडिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नरहौली चैराहा स्थित नंदन मैरिज होम जाएंगी। मंगलवार 30 सितंबर को दोपहर रूकमणि विहार वृंदावन स्थित कृष्णा हेरीटेज में 12 बजे से 2 बजे तक लुंबा फाउंडेशन एवं सी आई आई फाउंडेशन द्वारा आयोजित डिग्निटी फॉर विंडोज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगी। 1 अक्टूबर बुधवार को सुबह 11 बजे वृंदावन स्थित रूकमणि विहार के कृष्णा हेरीटेज में आयोजित भारत मानक ब्यूरो के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। इसके अलावा वह प्रतिदिन अपने ओमैक्स सिटी स्थित आवास पर जनता की समस्याओं का निस्तारण करेंगी।

## भाजपा महानगर ने दिव्यांगजनों को 116 सहायक उपकरण वितरित किये

**मथुरा।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वावधान में दिव्यांगजन कल्याण हेतु सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 116 सहायक उपकरण पात्र लाभार्थियों को वितरित किए गए। वितरित किए गए उपकरणों में 25 ट्राईसाइकिल, 25 व्हीलचेयर, 3 स्मार्ट केन एवं 65 एम०आर० किट शामिल रहे। इन उपकरणों से दिव्यांग भाई-बहनों के दैनिक जीवन में सुविधा एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूलमंत्र ही सेवा है। पार्टी सदैव समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की चिंता करती है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चल रहे सेवा पखवाड़ा अभियान का उद्देश्य भी यही है कि प्रत्येक जरूरतमंद तक सहयोग पहुँचे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन



समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और भाजपा सरकार उनके सशक्तिकरण हेतु निरंतर कार्य कर रही है। सहायक उपकरण केवल साधन ही नहीं, बल्कि जीवन में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का नया मार्ग प्रशस्त करेंगे।

वहीं सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे सेवा कार्यों को अभियान की तरह नहीं, बल्कि अपने जीवन का संकल्प बनाएं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन की सेवा ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र सेवा है। कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक ललित गौतम ने किया। दिव्यांग उपकरण वितरण समारोह में विशाल कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मथुरा एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर विनोद अग्रवाल, कुंज बिहारी चतुर्वेदी, महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, मण्डल अध्यक्ष लोकेश निषाद, पार्षद अंकुर गुर्जर, ब्रजेश अहेरिया, मनोज सौनोंठ, नितिन चतुर्वेदी, प्रणय शर्मा, तीर्थराज वर्मा एवं गोविंद अग्रवाल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीएम-एसएसपी ने थाना दिवस में सुनीं शिकायतें

**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन और एसएसपी सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना नारखी में किया गया, इस दौरान जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष भूमि विवाद, पुलिस संबंधी मुद्दे राजस्व संबंधी मुद्दे आए, जिलाधिकारी व एसएसपी ने इन समस्याओं का समाधान करने हेतु पुलिस और राजस्व की टीम तैयार की, जिससे इन समस्याओं का समाधान हो सके, जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया की मौके पर जाकर समस्याओं को समझें और उनका निस्तारण करें, इस दौरान जिलाधिकारी के समक्ष अनेक शिकायतकर्ताओं ने अपनी शिकायत दर्ज कराई, जिसमें एक प्रार्थी ठाकुरदास रेन्जा का निवासी था उसने शिकायत की की उसके आवासीय पट्टे पर अवैध कब्जा कर लिया है, प्रार्थी को न्याय दिलाने हेतु पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम भेजने की कृपा करें, जिससे उसकी समस्या का समाधान हो सके, जिलाधिकारी ने तुरंत इस पर कार्यवाही करते हुए थाना अध्यक्ष एवं तहसीलदार को मामले का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया, इसी तरह प्रेमपाल जो की ग्राम मिलिक के रहने वाले हैं, उन्होंने भी अपनी जमीन पर जबरन कब्जा करने वाले दबंग से जमीन को मुक्त करने की अपील जिलाधिकारी से की, इस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी और एस एच ओ की टीम बनाकर उनकी समस्या को तुरंत निस्तारित करने के निर्देश दिए।

## संस्कृति विवि में रक्तदान कर पीएम के जन्मदिन पर लिया संकल्प किया पूरा, 147 यूनिट हुआ एकत्र



**मथुरा।** संस्कृति स्कूल आफ नर्सिंग और सद्भावना चेरीटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से संस्कृति विवि में एक रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर में विवि की एनएसएस विंग के कैडेटों, विवि के शिक्षकों ने 147 यूनिट ब्लड दान किया।

इस मौके पर संस्कृति स्कूल नर्सिंग के प्राचार्य केके पाराशर ने कहा कि रक्तदान तब होता है जब एक स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से अपना रक्त देता है और रक्त-आधान (ट्रांसफ्यूजन) के लिए उसका उपयोग होता है या फ्रैंकशेनेशन नामक प्रक्रिया के जरिये दवा बनायी जाती है। डा. रजनीश त्यागी ने कहा कि जीवन बचाने के लिए खून चढाने की जरूरत पडती है। दुर्घटना, रक्तस्त्राव, प्रसवकाल और ऑपरेशन आदि के दौरान अत्यधिक खून बह सकता है और इस अवसर पर उन लोगों को खून की आवश्यकता पडती है। यह एक ऐसा दान है जो किसी का जीवन बचाने के काम आ सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर लिए संकल्प को पूरा करने के लिए संस्कृति विवि में हुए रक्तदान के अवसर पर सद्भावना ब्लड बैंक टीम की तरफ से मेडिकल ऑफिसर डा. प्रदीप पाराशर, डायरेक्टर संजीव सारस्वत, मोहित सारस्वत, तरुण, सुशील राहुल, सौरभ, नितिन, धर्मेंद्र नीरज आदि का सहयोग रहा। वहीं संस्कृति विवि की ओर से सीईओ डा. मीनाक्षी शर्मा, कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी ने आयोजन का शुभारंभकिया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, दिलीप सिंह, राहुल और एनएसएस विंग के कैडेट्स भी मौजूद रहे।

## आगरा में एडीए की बड़ी कार्रवाई तीन निर्माणाधीन बिल्डिंग सील

**आगरा।** विकास प्राधिकरण (एडीए) अवैध निमार्णों पर सख्त होता जा रहा है। शुक्रवार को मानकों के विपरीत हो रहे 3 निमार्णों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की। न सिर्फ इन निमाणार्धीन बिल्डिंगो को सील कर दिया बल्कि उन पर नोटिस भी चस्पा किया है। एडीए ने पहली कार्रवाई रकाबगंज वार्ड में की। यहां नॉर्थ ईदगाह कॉलोनी में गंगाराम द्वारा भूखंड 28 पर स्वीकृत मानचित्र को दरकिनार कर निर्माण किया जा रहा था। एडीए की जानकारी में आने के बाद निर्माणकर्ता को पहले ही चेतावनी दी गई थी, इसके बाद भी निर्माण कार्य नहीं रोका। दो मंजिल निर्माण कर लिया। इस पर शुक्रवार को एडीए की टीम मौके पर पहुंची और निर्माण को सील कर दिया। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1073 की धारा 28 क (1) के तहत की गई। इसके बाद एडीए ने दो कार्रवाई लोहामंडी वार्ड में की। यहां कृष्णापुरी में केदारनाथ और भरत सिंह द्वारा दो अलग-अलग अवैध निर्माण किए जा रहे थे। अऊअ ने दोनों की निमाणार्धीन बिल्डिंगों को सील कर दिया है। केदारनाथ द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराए ही निर्माण शुरू करा दिया था। ऊंची बाउंड्री के बीच लोहे का गेट लगा दिया था। इसके अंदर कार्य पक्का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। पहली मंजिला बनाकर पटाव भी कर दिया था। एडीए को जब इस अवैध निर्माण की जानकारी मिली तो बिल्डिंग पर सील लगा दी। भरत सिंह द्वारा प्लॉट नंबर 5, खसरा संख्या 42, 43, 44, 58 और 59 में पिलर पर बिल्डिंग खड़ी कर दी गई थी। बिल्डिंग का फिनिशिंग काम शुरू होना था। मगर, इससे पहले ही अऊअ की टीम यहां पहुंच गई और अवैध निर्माण को सील कर दिया।

## मिशन शक्ति अभियान फेस 5.0 के तहत छात्र छात्राओं को जागरूक किया




**टूंडला।** थाना टूंडला पुलिस ने मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के तहत ठा.बीरी सिंह इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित महिलाओं पुरुषों तथा बालक एवं बालिकाओं को झूठे मुकदमे साइबर क्राइम पारिवारिक कलह तथा महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाली हिंसा आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन शक्ति के तहत नशीली दवाओं और मादक पदार्थों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। एवं हेल्पलाइन नंबर 1090, 1930, 1076, 1098, 112 तथा 108 आदि के बारे में जानकारी दी गई। जिससे प्रभावित होकर स्कूल की छात्रा आस्था को एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनाया गया। वहीं मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय टूंडला की बालिकाएं को थाने पर होने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी गई एवं उपस्थित बालिकाओं को झूठे मुकदमे, साइबर क्राइम पारिवारिक कलह तथा महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाली हिंसा आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक नदीमअअली महिला उप निरीक्षक राखी सिंह महिला उप निरीक्षक दमयंती महिला कांस्टेबल चंचल प्रभा, ऊषा, निशा कांस्टेबल मंगल सिंह सचिन कुमार, प्रधानाध्यापक राजेश मोहन पैंगोरिया आदि मौजूद रहे।

## 18 साल पुराने मामले में गजक व्यापारी को उम्र कैद

**आगरा।** अपर सत्र न्यायालय संख्या-26 ने 18 साल पुराने गजक विवाद से जुड़े हत्या मामले में फैसला सुनाया है। अदालत ने मुख्य आरोपी हरी सिंह को आजीवन कारावास की सजा दी है। उस पर 1 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। यदि जुमार्ना नहीं भरा गया तो हरी सिंह को 6 महीने की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। यह मामला 16 नवम्बर 2007 का है। ताजगंज क्षेत्र में गजक के कारोबार को लेकर हरी सिंह और उसके बड़े भाई के बीच पुराने समय से विवाद चल रहा था। उसी दिन दोनों के बीच तेज बहस हुई। गुस्से में आकर हरी सिंह ने अपने बड़े भाई पर तलवार से वार कर दिया। गंभीर चोटों के कारण भाई की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद थाना ताजगंज पुलिस ने हरी सिंह समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। करीब 18 साल तक चले इस मुकदमे में कई गवाहों के बयान, सबूत और मेडिकल रिपोर्ट पेश की गई। जज ने माना कि हरी सिंह ने अपने भाई पर जानलेवा हमला किया जिससे उसकी मौत हुई। इस मामले में सह-आरोपी पुनीत, विनीत उर्फ वीणू और केशव पाल पर भी मुकदमा चला, लेकिन अदालत ने उन्हें पहली बार अपराध करने वाला मानते हुए परिवीक्षा अधिनियम के तहत चेतावनी देकर रिहा कर दिया। उन्हें 50-50 हजार रुपये का व्यक्तिगत बंधपत्र भरने और भविष्य में अपराध न करने का वचन देने का आदेश दिया गया है। जजमेंट के दौरान जज ने कहा कि पारिवारिक विवाद को सुलझाने की बजाय हिंसा का रास्ता चुनना सबसे बड़ी गलती थी। पारिवारिक झगड़े में इस तरह का कदम न केवल परिवार को बल्कि समाज को भी गहरी चोट पहुंचाता है। अदालत ने कहा कि कानून ऐसे अपराध को नजरअंदाज नहीं कर सकता, इसलिए हरी सिंह को सख्त सजा दी जा रही है।

## त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को बैठक आयोजित

**फिरोजाबाद।** आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की उपस्थिति तथा एसपी ग्रामीण अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा के साथ सभी क्षेत्राधिकारियों उप जिलाधिकारियों खंड विकास अधिकारियों अधिशासी अभियंता विद्युत एवं अधिशासी अधिकारी जल निगम के साथ-साथ जनपद के सभी धर्म के धर्म गुरुओं, शिक्षाविदों समाजसेवियों के साथ, कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सर्वप्रथम उपस्थित समाज के बौद्धिक जनों और धर्मगुरुओं में आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्णढंग से मनाने हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की साथ ही उन्होंने प्रशासन के साथ संपूर्ण सहयोग करने की बात भी कहीं, इस



दौरान शिक्षाविद मयंक भटनागर समाजसेवी मोहम्मद हनीफ हृदेश शर्मा इकबाल हुसैन वारसी दीपक चौधरी पंडित मुन्नालाल शास्त्री ने अपने विचार व्यक्त करने के साथ-साथ इन त्योहारों के दौरान प्रशासन को संपूर्ण सहयोग देने की बात कही।

इस अवसर पर डीएम ने कहा कि सबसे जरूरी चीज यह है कि हम अपने भीतर के रावण का दहन करें, अपने अंदर की कमियों को दूर करें, अपनी सभ्यता और संस्कृति के अनुसार आचरण करें, तभी इन त्योहारों की मूल भावना निकलकर सामने आएगी, साथ ही साथ तभी पीस कमेटी जैसी बैठकों का औचित्य भी साबित होगा, डीएमने कहा कि रामलीला का मंचन ही महत्वपूर्ण नहीं है अपितु उसमें निहित भावनाओं को आत्मसात्करना, सबसे महत्वपूर्ण है, तभी हम प्रेम और सौहार्द के साथ सभी त्योहारों को मना पाएंगे, उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों और अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विसर्जन के स्थलों पर बैरिकेडिंग अवश्य करा लें, रावण दहन के समय विशिष्ट रूप से सावधानी बरती जाए, इस दौरान सावधानी इस बात की रखी जाएगी कि रावण दहन वहां हो, जहां आसपास मकान न हो, उन्होंने कहा कि इस समय मिशन शक्ति 5.0 चल रहा है, इसलिए महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान का इस दौरान विशेष रूप से ध्यान रखा जाए, ज्यादा से ज्यादा इस दौरान वालंटियर तैयार किए जाएं, 100 लोगों पर पांच वालंटियर आवश्यक हो, जिससे इस दौरान शांति एवं सुरक्षा बनी रहे, डीएमने साथ ही उपस्थित धर्म गुरुओं से कहा की सेवा का भाव केवल मंचन में परिलक्षित नहीं होना चाहिए, अपितु आपके जीवन में भी दृष्टिकोण होना चाहिए, साथ ही डीएमी ने विद्युत की टीम को निर्देशित किया कि जहां-जहां तार ज्यादा नीचे हैं या ढीले हैं, उनको सही कराया जाए अगर कहीं पर इस तरह की कोई घटना नजर आती है, तो आपकी जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी।

## पॉक्सो में वांछित मुठभेड़ में गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना शिकोहाबाद मय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त ताज मोहम्मद उर्फ कदरुआ को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। एसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में महिला सम्बन्धित अपराधों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान थाना शिकोहाबाद प्रभारी निरीक्षक अनुज राना को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त ताज मोहम्मद उर्फ कदरुआ, नगला पोहपी रोड़ पर मौजूद है जो कही भागने कि फिराक में है। सूचना पर तत्काल थाना शिकोहाबाद मय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा नगला पोहपी रोड़ पर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा जिस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की। पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख संदिग्ध व्यक्ति नेपुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में संदिग्ध व्यक्ति पैर में गोली लगने से घायल हो गया, घायल की पहचान थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त ताज मोहम्मद उर्फ कदरुआ निवासी असुआ थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है।

# 2047 तक यूपी 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा

## यूपी अब 70 हजार करोड़ के रेवेन्यू सरप्लस वाला स्टेट, मौलाना भूल गया था कि किसका शासन है : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली की घटना पर कहा कि बरेली में एक मौलाना भूल गया था कि शासन किसका है। वह धमकी देकर जाम लगाने की बात करता था, लेकिन हमने कहा कि न जाम होगा, न कर्फ्यू लगेगा। हम ऐसा सबक सिखाएंगे कि तुम्हारी आने वाली पीढ़ियां भी दंगा करना भूल जाएंगी। योगी आदित्यनाथ ने जोर देकर कहा कि 2017 के बाद उनकी सरकार ने दंगाइयों को चुन-चुनकर सजा दी और ऐसी भाषा में जवाब दिया, जो वे समझते थे। इस सख्ती ने उत्तर प्रदेश में शांति और सुरक्षा का नया युग स्थापित किया, जिससे यूपी की ग्रोथ स्टोरी की शुरूआत हुई। योगी ने पूर्ववर्ती सरकारों पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि 'चाचा-भतीजा' वसूली के धंधे में लिप्त थे और हर जिले में एक माफिया को समानांतर सत्ता चलाने की छूट दी गई थी। उन्होंने कटाक्ष किया कि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग माफियाओं के सामने नतमस्तक थे। सत्ता के मुखिया माफिया के कुत्ते से हाथ मिलाकर गौरवान्वित महसूस करते थे। योगी ने कहा कि ऐसी भ्रष्ट व्यवस्था में न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी, और न ही किसान। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब सत्ता बेइमान और भ्रष्ट



लोगों के हाथ में आती है, तो वह समाज को जाति और परिवार के नाम पर गुमराह करती है। ऐसे लोगों के लिए हमने बुलडोजर बनाया है।₹ उनकी सरकार ने माफिया राज को जड़ से उखाड़कर प्रदेश को विकास की राह पर ला खड़ा किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को राजधानी में एक प्रतिष्ठित मीडिया समूह द्वारा आयोजित 'विकसित उत्तर प्रदेश विजन 2047' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए '8 ईयर्स ऑफ यूपी गवर्नमेंट' पुस्तक का विमोचन किया और प्रदेश की प्रगति की कहानी को दमदारी से प्रस्तुत किया। उन्होंने पिछले साढ़े आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा की चर्चा करते हुए परिवारवाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को उजागर किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की ग्रोथ स्टोरी उन लोगों के लिए अविश्वसनीय है, जो पौरुष की कमी और अपने पुरुषार्थ को करने से डरते थे। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें अवसर तो मिला, लेकिन उन्होंने इसे परिवारवाद, लूट-खसोट और अराजकता का जरिया बना लिया। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमने ईश्वर और अपने पुरुषार्थ पर विश्वास के साथ उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य से बाहर निकाला। आज यह ग्रोथ स्टोरी उस कहानी को आपके सामने लाएगी। सीएजी की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश 2023 में 37 हजार करोड़ रुपये के राजस्व अधिशेष (रेवेन्यू सरप्लस) वाला राज्य था और वर्तमान में यह बढ़कर 70 हजार करोड़ रुपये हो गया है। इतनी बड़ी आबादी वाला राज्य बिना किसी रुकावट के अपने सभी विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रहा है।

# बीआरएस ने कांग्रेस कर्ज कार्ड जारी किया, अधूरे वादों को लेकर रेवंत सरकार पर साधा निशाना

एजेंसी





हैदराबाद। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ शनिवार को कांग्रेस बाकी (कर्ज) कार्ड अभियान की शुरुआत की और आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की सरकार ने समाज के विभिन्न वर्गों से किए गए हर वादे को तोड़ दिया। मीडिया से बात करते हुए राव ने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस द्वारा किए गए झूठे वादे अब लोगों के हाथ में हथियार बन गए हैं। विपक्षी पार्टी की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने लोगों से आगामी पंचायत और जुबली हिल्स उपचुनावों में कांग्रेस को करारा सबक सिखाने का आग्रह किया। राव ने कहा कि बाकी कार्ड कांग्रेस के गारंटी कार्ड का जवाब है, जिसके बारे में उन्होंने आरोप लगाया कि इसने खोखली प्रतिबद्धताओं के साथ लोगों को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि बीआरएस नेता, कार्यकर्ता और कर्मचारी घर-घर जाकर ये कार्ड वितरित करेंगे तथा लोगों को अधूरे वादों के बारे में शिक्षित करेंगे। बीआरएस नेता ने आरोप लगाया कि यदि लोगों ने गलती से फिर से कांग्रेस को वोट दे दिया, तो रायथु बंधु जैसी कल्याणकारी योजनाएं भी खत्म हो सकती हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के अक्षम शासन में किसानों, महिलाओं, युवाओं, बेरोजगारों, बुजुर्गों और हर समुदाय की हालत दयनीय हो गई है। राव ने कांग्रेस सरकार पर लोगों की चिंताओं का समाधान करने के बजाय बीआरएस नेताओं पर झूठे मामले दर्ज करके प्रतिशोध की राजनीति करने का भी आरोप लगाया।

## संक्षेप

### एनटीपीसी ने सरकार को दिया 3,248 करोड़ का अंतिम लाभांश

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतिम लाभांश के रूप में बिजली मंत्रालय को 3,248 करोड़ रुपये का भुगतान किया। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि एनटीपीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने निदेशक मंडल के साथ 25 सितंबर को बिजली सचिव पंकज अग्रवाल की उपस्थिति में बिजली मंत्री मनोहर लाल को अंतिम लाभांश सौंपा। बयान में कहा गया कि यह राशि नवंबर 2024 में 2,424 करोड़ रुपये के पहले अंतरिम लाभांश और फरवरी 2025 में दिए गए 2,424 करोड़ रुपये के दूसरे अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है। इस तरह वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भुगतान किया गया कुल लाभांश 8,096 करोड़ रुपये है, जो 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर 8.35 रुपये बैठता है। यह लगातार 32वां वर्ष है, जब एनटीपीसी लिमिटेड ने लाभांश का भुगतान किया।

### सीएसएमआईए पर आये 50 लाख अंतरराष्ट्रीय यात्री

नयी दिल्ली। मुंबई में स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर इस साल जनवरी से अगस्त के दौरान 50 लाख से अधिक अंतराष्ट्रीय यात्रियों का आगमन हुआ। इनमें मुख्य रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन और थाईलैंड के यात्री शामिल हैं। निजी हवाई अड्डा संचालक मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने यह जानकारी दी। एमआईएएल ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के आगमन में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह दर वैश्विक यात्रा मानचित्र पर मुंबई के बढ़ते महत्व को दर्शाती है और विश्व पर्यटन दिवस की भावना को भी उजागर करती है। हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन एमआईएएल करती है। एमआईएएल ने कहा कि इस वर्ष जनवरी और अगस्त के बीच आगमन में लगातार वृद्धि हुई और यह 50 लाख से अधिक हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 48 लाख था।

### अमेरिकी शुल्क भारत की वृद्धि के लिए बड़ा जोखिम

कोलकाता। क्रिसिल इंटेलिजेंस ने अपनी सितंबर की रिपोर्ट में कहा कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के उच्च शुल्क लगाने से देश की वृद्धि के लिए एक बड़ा जोखिम पैदा हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि शुल्क भारतीय वस्तुओं के निर्यात और निवेश दोनों को प्रभावित करेंगे। हालांकि, क्रिसिल इंटेलिजेंस ने यह भी कहा कि कम मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में कटौती से प्रेरित घरेलू खपत से वृद्धि को समर्थन मिलने की उम्मीद है। देश की जीडीपी वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 7.4 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति के चालू वित्त वर्ष में पिछले वर्ष के 4.6 प्रतिशत से घटकर 3.5 प्रतिशत रहने की संभावना है।

# एचडीएफसी बैंक की दुबई शाखा को नये ग्राहक जोड़ने से रोका

एजेंसी

मुंबई। एचडीएफसी बैंक की दुबई अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र (डीआईएफसी) शाखा को स्थानीय नियामक ने नए ग्राहक जोड़ने से रोक दिया है। भारत के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक ने कहा कि उसने दुबई वित्तीय सेवा प्राधिकरण (डीएफएसए) के नोटिस का अनुपालन करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। बैंक ने यह भी कहा कि इस फैसले का उस पर कोई खास वित्तीय असर नहीं होगा। एचडीएफसी बैंक के खिलाफ कार्वाई के लिए कथित उल्लंघनों के बारे में फिलहाल जानकारी नहीं मिल सकी।

एचडीएफसी बैंक ने शुक्रवार देर शाम शेयर बाजार को बताया कि उसे दुबई वित्तीय सेवा प्राधिकरण से एक निर्णय नोटिस मिला है। इस नोटिस में कहा गया कि डीआईएफसी शाखा ने कुछ ग्राहकों को सेवाएं दी हैं, जिन्हें आधिकारिक तौर पर शाखा में जोड़ा नहीं गया था। साथ ही, कुछ ग्राहकों को शाखा में जोड़ने में भी उल्लंघन हुआ है। एचडीएफसी बैंक ने बताया कि उस पर ग्राहकों से संपर्क करने पर भी रोक लगा दी गई है, हालांकि वह मौजूदा ग्राहकों को सेवा देना जारी रख सकता है।

# 12 जगहों पर सीबीआई का छापा

एजेंसी




नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी और ठगी के लिए बिल्डर और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों के खिलाफ छह मामले दर्ज करने के बाद शनिवार को कोलकाता, बेंगलुरु और मुंबई में 12 स्थानों पर छापेमारी की। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर कोलकाता, बेंगलुरु और मुंबई में मकान खरीदारों को धोखा देने के लिए बिल्डर और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों की सांठगांठ की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि बिल्डर और डेवलपर द्वारा धोखा दिए जाने तथा वित्तीय संस्थानों द्वारा उनके खिलाफ दंडात्मक कार्वाई से व्यथित होकर घर खरीदारों ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया था। सीबीआई की एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि गृह ऋण की सब्सिडी योजना शुरू करके घर खरीदारों को धोखा देने में बिल्डर और वित्तीय संस्थानों के बीच सांठगांठ को देखते हुए, अप्रैल 2025 में उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई को सात प्रारंभिक जांच दर्ज करने का निर्देश दिया। सीबीआई ने पहले उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर सात प्रारंभिक जांच दर्ज की थीं।

# एनडीएमसी ने लुटियंस दिल्ली के लिए शहरी विक्रय योजना पर मांगी आपत्तियां

एजेंसी

नयी दिल्ली। नयी दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने लुटियंस दिल्ली के 21 स्थानों को शामिल करते हुए अपने मसौदा शहरी विक्रय योजना (टीवीपी) की घोषणा की है। एनडीएमसी ने हितधारकों से इस पर तीन अक्टूबर तक ऑनलाइन दावे या आपत्तियां दर्ज करने के लिए कहा है। रेहड़ी-पटरी विक्रेता (आजीविका संरक्षण और रेहड़ी-पटरी विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 की धारा 21 के तहत तैयार किए गए इस मसौदे को नगर निकाय के टीवीपी पोर्टल पर प्रकाशित किया गया है। एक सार्वजनिक सूचना के अनुसार हितधारक ऑनलाइन आपत्तियां या सुझाव दे सकते हैं। इस योजना में एनडीएमसी क्षेत्र में कुल l,614 विक्रय स्थान प्रस्तावित हैं। सरोजिनी नगर मार्केट को 416 स्थान के साथ सबसे बड़ा हिस्सा आवंटित किया गया है। इसके बाद कर्तव्य पथ (125), लक्ष्मी बाई नगर (120), पूर्वी किदवई नगर (100) और जनपथ (91) हैं। योजना के अन्य प्रमुख स्थानों में एम्स अरबिंदो मार्ग (90), पालिका बाजार (90), बाबा खड़क सिंह मार्ग (72), खन्ना मार्केट (80) और कनॉट प्लेस (41) शामिल हैं।

# यूपीआईटीएस में 520 विदेशी खरीदार कर रहे भागीदारी

एजेंसी




ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में चल रहे उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (यूपीआईटीएस) का सबसे बड़ा आकर्षण बी2बी (कंपनियों के बीच) बैठक का अनूठा मॉडल है, जिसे पूरी तरह पारदर्शी और डिजिटल बनाया गया है। इस बार 520 से अधिक विदेशी खरीदार यहां पहुंचे हैं। उत्तर प्रदेश सूचना विभाग ने एक बयान में बताया कि फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) द्वारा इन सभी विदेशी खरीदारों का पंजीकरण यूपीआईटीएस की आधिकारिक वेबसाइट पर कराया गया है। वेबसाइट पर यह भी दर्ज है कि कौन-सा खरीदार किस हॉल में किस टेबल पर बैठकर उद्यमियों से मिलेगा। प्रदेश के उद्यमी वेबसाइट पर जाकर अपने क्षेत्र के अनुसार विदेशी खरीददार की सूची देख सकते हैं और अपने उत्पादों के बारे में जानकारी देने के लिए उनसे मुलाकात का समय तय कर सकते हैं। यहां उन्हें जो भी समय मिलता है, उसी के आधार पर वे बुकिंग कर सीधे वैश्विक बाजार के बड़े खरीदारों तक पहुंच बना सकते हैं। बी2बी हॉल में जब उद्यमी अपने उत्पादों का परिचय देते हैं और यदि विदेशी खरीदार प्रभावित होता है, तो वहीं पर तत्काल समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। यह तेज प्रक्रिया न केवल कारोबार को गति देती है, बल्कि उद्यमियों को तत्काल बाजार में उतारने का अवसर भी देती है। व्यापार मेले में आए उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि 2017 से पहले जो उत्तर प्रदेश पिछड़ा था, आज आर्थिक तरक्की की मिसाल बन चुका है। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश सुरक्षा और सुशासन का पर्याय बन चुका है।

# ऑयल इंडिया ने अंडमान में की प्राकृतिक गैस की खोज

एजेंसी

नयी दिल्ली। ऑयल इंडिया लि. (ओआईएल) ने अंडमान द्वीप समूह के पास प्राकृतिक गैस भंडार की खोज की है। सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी ने खोज के आकार के बारे में जानकारी नहीं दी। एक बयान में, ओआईएल ने कहा कि अपतटीय अंडमान ब्लॉक एएन-ओएसएचपी-2018l में खोदे गए दूसरे अन्वेषण कुएं विजयपुरम-2 में प्राकृतिक गैस की उपस्थिति की सूचना मिली है। बयान में कहा गया, शुरुआती जांच के दौरान, जब कुएं से गैस रुक-रुक कर बाहर निकल रही थी, तो उसके नमूनों की जांच की गई। इस जांच से यह पुष्टि हो गई है कि वहां प्राकृतिक गैस मौजूद है। यह गैस कैसे और कहां से आई है, यह जानने के लिए आगे और गैस आइसोटोप अध्ययन



किए जा रहे हैं। ऑयल इंडिया लिमिटेड और तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम अंडमान सागर में हाइड्रोकार्बन भंडारों की खोज कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस खोज से भारत की तेल और गैस की जरूरतों के लिए आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। ओआईएल ने कहा, शुरुआती आकलन के अनुसार, हमारी यह खोज हाइड्रोकार्बन के स्रोत, उसके प्रवाह मार्ग या उसके जमाव की उपस्थिति का एक प्रमुख संकेत हो सकती है, जो भविष्य की खोज और ड्रिलिंग रणनीति में मदद करेगी। ओआईएल गैस की उपस्थिति का मूल्यांकन करने के लिए ऊपरी संभावित क्षेत्रों में भी अतिरिक्त परीक्षण कर रही है। कंपनी ने आगे कहा कि अंडमान के उथले अपतटीय क्षेत्र में जारी खोज अभियान के दौरान हाइड्रोकार्बन की उपस्थिति की सूचना मिलने का यह पहला मामला है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि यह खोज अंडमान द्वीप समूह के पूर्वी तट से 9.20 समुद्री मील (17 किलोमीटर) दूर, पानी की 295 मीटर गहराई पर और कुल 2,650 मीटर की लक्ष्यित गहराई वाले कुएं में हुई है।

## पेज एक का शेष

### तमिलनाडु

और जिलाधिकारी को हरसंभव सहायता प्रदान करने की सलाह दी। उन्होंने मंत्री अन्बिल महेश को भी सहायता प्रदान करने के लिए करूर जाने को कहा है। घटना की सूचना पर मंत्री, शीर्ष प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी करूर पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि उन्होंने शीर्ष पुलिस अधिकारियों को करूर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश दिया है। स्टालिन ने करूर में आम जनता से चिकित्सकों और पुलिस के साथ सहयोग करने की अपील की।

### सड़क हादसों में

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के चार कर्मचारियों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने गश्त कर रहे यूपीडा कर्मियों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चारों कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल भेजा गया है। दुर्घटना के वक्त कार लखनऊ की ओर जा रही थी जो बाद में बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराकर विपरीत दिशा में पहुंच गई थी। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान लवकुश (40) और रामकिशोर (38), मुनेश (45) और सरवन (35) के रूप मे हुई है। राकेश (40) और कृष्णपाल (55) घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और यूपीडा अधिकारी मौके पर पहुंचे।

बांगरमऊ के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) संतोष सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। कार को कब्जे में ले लिया गया है और चालक की तलाश की जा रही है। एक्सप्रेसवे पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। हादसे के कारण एक्सप्रेसवे पर लंबा जाम लग गया, जिसके बाद क्रेन की मदद से कार को हटाया गया।

### यूपी अब 70

चौराहे पर प्रदर्शन करने का विषय नहीं होना चाहिए। इसलिए हम लोगों ने कहा कि धर्म स्थलों पर माइक बंद होने चाहिए। यह प्रतिबंध उत्तर प्रदेश में यथावत रहेगा। अराजकता कतई स्वीकार्य नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि हम सम्मान सभी को देंगे, सुरक्षा सभी को देंगे, लेकिन अगर किसी ने आस्था के नाम पर तोड़फोड़ व आगजनी की तो वह परिणाम भुगतने को तैयार रहे। उन्होंने कहा कि राह चलते नागरिकों पर हमला करने वालों, बेटियों को परेशान करने वालों, व्यापारियों व पुलिस पर हमला करने वालों को हम छोड़ेंगे नहीं और छूटने भी नहीं देंगे। प्रतिष्ठानों में आगजनी करने का दुस्साहस करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई होगी कि उसके ही नहीं बल्कि उसकी कई पीढ़ियों के लिए नजीर बन जाएगी। वह बोले, कोई सनातनी भेदभाव नहीं करता मगर पर्व-त्योहारों में व्यवधान और माहौल खराब करना स्वीकार्य नहीं है। ये चेतावनी है उन लोगों को जो बच्चों व महिलाओं की आड़ में बुजदिलों की तरह कार्य करने का काम कर रहे हैं इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। सीएम योगी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास का संदेश भारत दुनिया को दे रहा है। लेकिन, कुछ लोग हैं जिन्हें शांति अच्छी नहीं लगती। महापुरुष किसी भी परंपरा में हों उनका सम्मान होना चाहिए मगर आस्था अंतःकरण का विषय है प्रदर्शन का नहीं। चौराहों पर उपद्रव की कोई छूट नहीं है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव के सभी को सुविधा, सम्मान और संरक्षण के लिए कार्य कर रही है। श्रावस्ती में एयरपोर्ट बन रहा है, देश-दुनिया के टूरिस्ट यहां आएंगे तो विकास श्रावस्ती का होगा। ये नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है और उपद्रवियों व माफियाओं से निपटना जानता है। उन्होंने सपा-बसपा और कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों पर हमला करते हुए कहा कि वह दिन गए जब लूटमार और माफियाओं से हाथ मिलाने का चलन था। हम अराजकता बर्दाश्त नहीं करते और जो ऐसा करेगा उसकी छाती पर बुल्डोजर चलाना भी जानते हैं।

### हर कष्ट में

भी जल्द इससे राहत मिलेगी। सीएम ने हरसंभव सहायता व सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने पीड़ितों से मुलाकात के उपरांत कहा कि घाघरा नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में बरसात में अक्सर बहराइच में भेड़िया, लकड़बग्घा जैसे वन्यजीवों से सावधान होना पड़ता है। खासकर जब नदी का जलस्तर ऊपर होता है और इन वन्यजीवों की मांद में पानी घुस जाता है तो वे बाहर निकलकर मानव बस्ती की तरफ आते हैं और छोटे बच्चों व कमजोर लोगों पर हमला करने का दुस्साहस करते हैं। हमारी सरकार ने मानववन्य जीव संघर्ष को आपदा की श्रेणी में रखकर पीड़ितों परिवारों को सहायता के दायरे में लाया है। परिवार का सदस्य खोने वाले परिजनों को सरकार की तरफ से पांच लाख रुपये की सहायता दी जाती है। वन्यजीवों से बचाव के लिए प्रभावी कदम भी उठाए जाते हैं। घायलों का उपचार व आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। सीएम ने कहाकि यहां पिछले कुछ दिनों से यह आतंक देखने को मिला है। जैसे-जैसे घाघरा का जलस्तर बढ़ता गया तो उसके बाद 9 व 10 सितंबर की रात्रि से इस क्षेत्र में भय-दहशत का माहौल है। यद्यपि सरकार ने पूरे क्षेत्र में 21 टास्क फोर्स गठित की है। इसमें ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, सफाई कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव, सहायक विकास अधिकारी व ग्राम चौकीदार आदि शामिल हैं। टास्क फोर्स गांवों में जनजागरण के साथ-साथ वन्य जीवों से बचाव के बारे में आवश्यक उपाय कर रही है। वन विभाग के द्वारा भी वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में छह टीमें गठित की गई हैं। विद्युत व पुलिस विभाग द्वारा भी लगातार पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है। यहां 1437 एलईडी स्ट्रीट लाइट, 660 स्ट्रीट लाइट, 91 सोलर लाइट लगाई गई है।

### मौलाना तौकीर

के अलावा, पुलिस ने पूछताछ के लिए लगभग 36 और कथित उपद्रवियों को हिरासत में लिया है। घटना के वीडियो फुटेज के आधार पर उनकी भूमिका की जांच की जा रही है। एसएसपी ने दावा किया कि मौलाना तौकीर रजा खान शुक्रवार से ही निगरानी में थे। मौलाना तौकीर रजा खान ने कथित तौर पर शुक्रवार की रात पार्टी नेता और अपने दोस्त फरहत के घर पर बिताई, जबकि उनके समर्थकों को बताया गया कि वह दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक (यातायात) अकमल खान के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने मौलाना तौकीर रजा खान को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया और उन्हें एक सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। शनिवार सुबह उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया और बाद में जेल भेज दिया गया। इस बीच, बरेली के प्रेमनगर थाने में निषेधाज्ञा के उल्लंघन के आरोप में तौकीर रजा, 25 नामजद और 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्रेमनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सुरेश चंद्र गौतम ने शनिवार को बताया बरेली के प्रेमनगर थाने में निषेधाज्ञा के उल्लंघन के आरोप में तौकीर रजा समेत 25 नामजद और 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### आई लव

कि स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है। पुलिस के अनुसार बरेली में शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक पुलिस ने घर-घर दबिश दी। करीब 36 उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया है, जबकि इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा समेत आठ आरोपियों को माहौल ख़राब करने के आरोप में गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया गया है। बरेली के जिलाधिकारी अवनीश सिंह ने शनिवार को बताया कि बरेली में स्थिति सामान्य है और स्कूल-कॉलेज एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुले हुए हैं। पुलिस के अनुसार, अब तक बरेली के विभिन्न थानों में कुल छह मामले दर्ज किए गए हैं। बरेली के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) अजय कुमार साहनी के अनुसार, पुलिस और खुफिया विभाग की जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि यह बवाल अचानक नहीं भड़का, बल्कि यह एक पूर्व नियोजित साजिश थी। पुलिस का कहना है कि खुफिया रिपोर्ट और वीडियो फुटेज के आधार पर कुछ स्थानीय नेताओं के नाम भी सामने आए हैं। साहनी ने कहा कि बरेली के अमन-चैन को बिगाड़ने वालों को जेल भेजा जाएगा और उनके खिलाफ गुंडा अधिनियम, गैंगस्टर अधिनियम और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्वाई की जाएगी।

### आज आर्थिक

एक्सपोर्ट 2014 से पहले 84,000 करोड़ रुपये का था, जो आज बढ़कर 1,76,000 करोड़ रुपये से अधिक का हो गया है। यूपी की अर्थव्यवस्था में जबरदस्त उछाल आया है। हमने अपने बजट में 133 प्रतिशत की वृद्धि की है और वर्ष 2024-25 में 59,000 करोड़ रुपये के राजस्व सरप्लस स्टेट बने हैं। हमारी आय हमारे खर्च से कहीं ज्यादा है और इस मामले में यूपी देश में सबसे आगे हैं।

### एमएसएमई

कि विश्वकर्मा जयंती पर योजना में 10 और ट्रेड जोड़े गए हैं, जबकि पहले केवल 12 ट्रेड थे। सचान ने कहा कि कृषि के बाद एमएसएमई सबसे बड़ा सेक्टर है जो रोजगार देता है। जीएसटी सुधारों के बाद इस सेक्टर में और अधिक तरक्की के द्वार खुल गए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब उद्यम प्रदेश बन रहा है। बड़ी संख्या में युवा अपना उद्यम शुरू करने के लिए ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन कर रहे हैं। अब तक सात लाख से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं, जिन्हें रिव्यू करने के बाद बैंकों को भेजा गया है। लेकिन कई बार युवाओं को ऋण प्राप्त करने में कठिनाई आती है। उन्होंने बैंकों से कहा कि उन्हें इस पर ध्यान देना चाहिए ताकि कोई भी युवा ऋण से वंचित न रह जाए। सचान ने कहा कि एमएसएमई उद्यमियों की यह भी मांग है कि जिस तरह किसानों को ऋण के लिए क्रेडिट कार्ड दिया जाता है, उसी तर्ज पर एमएसएमई के लिए भी एक अलग क्रेडिट कार्ड जारी किया जाए।

### स्वदेशी अपनाने

जनसम्पर्क के दौरान व्यापारियों से कहीं। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री धामी का जोरदार स्वागत किया गया। पीएम मोदी व सीएम धामी के लिए व्यापारियों ने गगनभेदी नारे लगाए गए। व्यापारियों ने 'घटी जीएसटी मिला उपहार-धन्यवाद मोदी-धामी सरकार' जैसे नारे लगाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'जीएसटी बचत उत्सव' की श्रृंखला में हरिद्वार में 'हर की पैड़ी' बाजार में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कारोबारियों एवं आम लोगों के साथ जीएसटी की घटी दरों को लेकर संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आर्थिक सुधारों एवं विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। जीएसटी की दरों में सुधार के चलते प्रदेश व देश की अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन होना तय है।

### नकल प्रकरण

प्रारंभ में यह जिम्मेदारी न्यायमूर्ति बीएस वर्मा (सेवानिवृत्त) को सौंपने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने समयाभाव और निजी कारणों से असमर्थता जताई। इसके बाद राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति यूसी ध्यानी को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया। जारी आदेश के अनुसार, आयोग को अन्य अधिकारियों व विशेषज्ञों का सहयोग लेने की स्वतंत्रता होगी। आयोग का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण राज्य रहेगा तथा वह विभिन्न स्रोतों से प्राप्त शिकायतों, सूचनाओं और तथ्यों का परीक्षण करेगा। इसके अतिरिक्त आयोग, 24 सितम्बर 2025 को गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की आख्या का संज्ञान लेकर आवश्यकतानुसार उसे विधिसम्मत मार्गदर्शन भी प्रदान करेगा।




# भारत व पाक आज आमने-सामने

## एशिया कप फाइनल : पाकिस्तान के खिलाफ एक बार फिर एकजुट होकर खेलना होगा भारत को

एजेंसी



दुबई। जीत ही सब कुछ नहीं होती लेकिन 11 भारतीय क्रिकेटर रविवार को यहां एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ उतरेंगे तो उनकी नजरें सिर्फ जीत हासिल करने पर टिकी होंगी। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले की तैयारी के बीच मैदान पर खेल और मैदान के बाहर की राजनीति के बीच की रेखाएं धुंधली पड़ गई हैं। अमेरिकी राजनीतिक कार्यकर्ता और लेखक माइक मार्कुसी के शब्दों में यह बिना गोलीबारी के युद्ध जैसा है। वर्षों से भारत-पाकिस्तान मुकाबले में रोमांच की कमी नहीं रही है लेकिन शायद ही कभी यह इतनी उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि में हुआ जब क्रिकेट के मैदान के बाहर का तनाव, उत्तेजक इशारे और दोनों पक्षों पर लगे जुर्माने इससे जुड़े हुए प्रतीत हों।

फिर भी शोरगुल से परे क्रिकेट अपने आप में आकर्षक रहा है और इस दौरान सुर्खियां अभिषेक शर्मा के 200 से अधिक के शानदार स्ट्राइक रेट और कुलदीप यादव के 13 विकेट ने बटोरी। अफसोस की बात है कि ये उपलब्धियां भी अक्सर टकराव और बहस की भेंट चढ़ जाती हैं। इसकी शुरुआत भारत की पहले मैच में हाथ नहीं मिलाने की नीति से हुई जब कप्तान सूर्यकुमार यादव टॉस के समय और मैच के बाद हाथ मिलाए बिना चले गए। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ़ ने तानों, अपशब्दों और यहां तक कि विमान दुर्घटना का इशारा करके जवाब दिया जिससे एक ऐसा बवाल मचा कि दोनों ही आईसीसी की जांच के घेरे में आ गए और उन पर 30 प्रतिशत का जुर्माना लगाया गया। आग में घी डालने का काम करते हुए पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी अपनी एक्स टाइमलाइन पर लगातार रहस्यमय लेकिन भड़काऊपोस्ट डालते रहे हैं।

नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और एशियाई क्रिकेट परिषद के प्रमुख भी हैं। हालांकि कागजों पर भारत टूर्नामेंट में अब तक अजेय है और लगातार छह जीत के क्रम के दौरान सिर्फ श्रीलंका ने उसे सुपर ओवर तक धकेला है। इसके विपरीत पाकिस्तान फाइनल तक लड़खड़ाता हुआ पहुंचा है लेकिन जैसा कि उनके मुख्य कोच माइक हेसन ने बांग्लादेश को हराने के बाद व्यंग्नात्मक लहजे में कहा फाइनल ही एकमात्र मैच है जो मायने रखता है। यहां तक कि भारत के सहयोगी स्टाफ ने भी यही भावना व्यक्त की। मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस के लिए आए गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने स्वीकार किया कि अब सुंदरता मायने नहीं रखती, बदसूरत जीत भी जीत होती है। भारत का अपराजित अभियान सहज रहा है लेकिन चोटों से मुक्त नहीं रहा। श्रीलंका के खिलाफ हार्दिक पंड्या को पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण एक ओवर के बाद ही मैदान से बाहर होना पड़ा जबकि अभिषेक शर्मा को भी गर्मी में ऐंठन की शिकायत हुई। मोर्कल ने शुक्रवार रात को आश्वस्त किया, हार्दिक की कल सुबह जांच की जाएगी।

उन्हें और अभिषेक दोनों को ऐंठन हुई है लेकिन अभिषेक ठीक है। यह खबर राहत देने वाली है क्योंकि पंजाब के बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने छह मैच में 309 रन बनाकर अकेले ही भारत की बल्लेबाजी का भार उठाया है। यह अंतर साफ दिख रहा है क्योंकि तिलक वर्मा 144 रन के साथ दूसरे नंबर पर हैं। असली सवाल यह है कि क्या भारत के बाकी खिलाड़ी अभिषेक का बखूबी साथ निभा पाएंगे। सूर्यकुमार से बड़ी पारी की उम्मीद है। शुभमन गिल मुकाबले को खत्म नहीं कर पा रहे जबकि संजू सैमसन और तिलक जैसे खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ महज औपचारिकता के मैच में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं।

अब तक अभिषेक ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अगर वह असफल रहे तो क्या होगा? पूरे टूर्नामेंट के दौरान अभिषेक के अलावा अन्य बल्लेबाज बिल्कुल भी विश्वसनीय प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और शीर्ष क्रम के लड़खड़ाने पर कोई भी प्लान बी के बारे में नहीं जानता। अगर भारत अभिषेक पर बहुत अधिक निर्भर है तो पाकिस्तान की कमजोरियां और भी अधिक स्पष्ट हैं। टीम का बल्लेबाजी क्रम काफी प्रभावी नहीं रहा है। जसप्रीत बुमराह को कुछ समय परेशान करने वाले साहिबजादा फरहान के अलावा अन्य बल्लेबाज दमदार प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। सईम अयूब का अभियान बेहद निराशाजनक रहा है। वह चार बार शून्य पर आउट हुए और एक समय तो टूर्नामेंट में उनके नाम पर रन से अधिक विकेट दर्ज थे। हुसैन तलत और सलमान अली आगा भारतीय स्पिनरों के सामने लड़खड़ा गए। रविवार का मैच एक बार फिर कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती की चतुराई से तय हो सकता है। पाकिस्तान की उम्मीदें नई गेंद से उसके खिलाड़ियों के आक्रामक प्रदर्शन पर टिकी हैं।

# शीतल, सरिता को विश्व पैरा तीरंदाजी में रजत पदक



ग्वांग्जू (दक्षिण कोरिया)। भारत की शीतल देवी और सरिता ने शनिवार को यहां विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप की कंपाउंड महिला ओपन टीम स्पर्धा के फाइनल में तुर्की के खिलाफ शिकस्त के बाद रजत पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले राउंड में ओजनूर क्यूर गिर्डी और बुर्सा फातमा उन की तुर्की की जोड़ी पर 38-37 की बढ़त बनाई। भारतीय जोड़ी ने अपने शुरुआती चार तीर से तीन बार 10 अंक जुटाए जबकि तुर्की की जोड़ी केवल एक बार ही 10 अंक बना सकी। तुर्की की तीरंदाजों ने दूसरे राउंड में तीन बार 10 अंक से 39 अंक जुटाकर वापसी की और स्कोर 76-76 से बराबर कर दिया।

तीसरे राउंड में भारतीय जोड़ी दबाव में आ गई। शीतल और सरिता एक बार 10, दो बार नौ और एक बार आठ अंक से कुल 36 अंक ही बना पाईं। तुर्की की जोड़ी ने अधिक निरंतरता दिखाई और उन्होंने एक बार 10 और तीन बार नौ अंक के साथ कुल स्कोर के आधार पर एक अंक की बढ़त हासिल कर ली। गिर्डी और उन ने अगले राउंड में संभावित 40 में से 39 अंक जुटाकर जीत सुनिश्चित की जबकि भारतीय टीम 36 अंक ही बना पाई जिसमें एक तीर सात अंक पर लगा। तुर्की ने 152-148 से जीत हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। यह खिताबी मुकाबला 2023 पिलसन विश्व चैंपियनशिप का दोहराव था जिसमें गिर्डी ने शीतल को 140-138 से हराया था। कंपाउंड महिला ओपन टीम स्पर्धा में शीतल और सरिता को फाइनल में तुर्की से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। तीसरे राउंड में भारतीय जोड़ी दबाव में आ गई। शीतल और सरिता एक बार 10, दो बार नौ और एक बार आठ अंक से कुल 36 अंक ही बना पाईं। वहीं दूसरी ओर भारत का विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अभियान शानदार तरीके से शुरू हुआ जब धाविका दीप्ति जीवनजी ने शुक्रवार को यहां सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ महिलाओं की 400 मीटर टी20 स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

तेलंगाना की 22 वर्षीय खिलाड़ी ने शुरुआती दौर की दूसरी हीट में 58.35 सेकेंड का समय लेकर शीर्ष स्थान हासिल किया। पहली हीट में वेनेजुएला की लियोनेला कोरोमोटो वेरा कोलिना ने 57.10 सेकेंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया जो उनका भी सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय है। मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक तुर्की की आयसेल ओन्डर 57.88 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। ओन्डर ने पिछले साल पेरिस पैरालंपिक में 54.96 सेकेंड का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। यूक्रेन की यूलिया शुलियार (58.01 सेकेंड) ने हीट एक में तीसरा स्थान हासिल किया जबकि डोमीनिकन गणराज्य की डायना विवेनेस (59.41 सेकेंड) और ऑस्ट्रेलिया की तेलाया ब्लैकस्मिथ (एक मिनट 0.10 सेकेंड) ने हीट दो में क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। क्वालीफिकेशन नियमों के अनुसार प्रत्येक हीट से शीर्ष तीन एथलीट अगले दो सबसे तेज धावकों के साथ पदक दौर में आगे बढ़ते हैं। इक्वाडोर की मेयरली मिंडा (58.98 सेकेंड) और पुर्तगाल की कैरिना पैम (59.61 सेकेंड) ने इसी आधार पर अगले दौर में जगह बनाई। महिलाओं की 400 मीटर टी20 स्पर्धा का फाइनल भारतीय समयानुसार आज शाम सात बजकर 23 मिनट पर होगा।

## संक्षेप

### शीर्ष वरीय इगा स्वियातेक चीन ओपन के तीसरे दौर में

बीजिंग। विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने शनिवार को युआन यू को सीधे सेट में 6-0, 6-3 से हराकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश करके डब्ल्यूटीए टूर में इतिहास रच दिया। डब्ल्यूटीए ने कहा कि शनिवार की जीत के साथ स्वियातेक लगातार तीन सत्र में डब्ल्यूटीए-1000 स्पर्धाओं में 25 या उससे अधिक जीत दर्ज करने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। अन्य मुकाबलों में चौथी वरीयता प्राप्त मीरा आंद्रीवा ने चीन की झू लिन को 6-2, 6-2 से हराया जबकि अमेरिका की ऐमा नवारो ने एलेना-गैब्रियल रुसे को 6-3, 7-6 से शिकस्त दी।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी पर गर्व है : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुरू होने पर कहा कि भारत को दिल्ली में इस प्रतियोगिता की मेजबानी पर गर्व है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा सभी प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत और शुभकामनाएं। यह टूर्नामेंट मानवीय दृढ़ संकल्प और जज्बे का उत्सव है। यह टूर्नामेंट दुनिया भर में एक अधिक समावेशी और जीवंत खेल संस्कृति को प्रेरित करे। दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ पैरा एथलीट अब तक की सबसे बड़ी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान खेल के मैदान पर अपने जज्बे और सहनशीलता का प्रदर्शन करेंगे जो पांच अक्टूबर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चलेगा।

### भारतीय हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया ने हराया

कैनबरा। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 टीम के खिलाफ 0-5 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जो मौजूदा दौरे पर टीम की लगातार दूसरी हार है। ऑस्ट्रेलिया के लिए मकायला जोन्स (10वें, 11वें और 52वें मिनट) ने हैट्रिक बनाई जबकि सैमी लव (38वें मिनट) और मिगालिया होवेल (50वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। भारत को शुक्रवार को पहले मैच में कड़े मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। मेहमान टीम को दूसरे मैच में वापसी की उम्मीद थी लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती से ही आक्रामक रुख अपनाया और भारतीय टीम को कोई मौका नहीं दिया। मकायला ने जल्दी-जल्दी दो गोल दागकर शुरुआत में ही भारतीय टीम को बैकफुट पर ला दिया। दूसरे हाफ में भी ऑस्ट्रेलिया ने हमले जारी रखे और मौकों का फायदा उठाया। सैमी ने मैदानी गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया। चौथे क्वार्टर में भी ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा।

# यूएई की थेकरा अलकाबी ने 100 मीटर थ्री-व्हील फ्रेम रनिंग में विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण

एजेंसी

नयी दिल्ली। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की थेकरा अलकाबी ने शनिवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन महिलाओं की 100 मीटर टी71 फ्रेम रनिंग स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड कायम करते हुए स्वर्ण पदक जीता। टी71 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है जिनके धड़ और पैरों में गतिशीलता काफी हद तक प्रभावित होती है। अलकाबी 19.89 सेकेंड का समय निकालकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम करने में सफल रही। इस 23 साल की खिलाड़ी ने लिथुआनिया की बेला मोरकस के इस साल जुलाई में कायम 20.08 सेकेंड के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

मोरकस ने यहां 21.53 सेकेंड के समय के साथ रजत जबकि पोलैंड की मिरियम डोमिनिकोवस्का ने 23.56 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया। अलकाबी का इस स्पर्धा में पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 23.58 सेकेंड था। उन्होंने इससे पहले 2023 हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों में एफ32 क्लब थ्रो स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। महिलाओं की लंबी कूद टी37 स्पर्धा में, विश्व रिकॉर्ड धारक चीन की वेन शियाओयान ने 5.32 मीटर की मीट रिकॉर्ड दूरी के साथ अपेक्षा के अनुरूप स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2019 में कायम अपने पिछले मीट रिकॉर्ड 5.22 मीटर में सुधार किया। उनका मौजूदा विश्व रिकॉर्ड 5.45 मीटर है। उन्होंने इसे 2023 हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों के दौरान बनाया था। टी 37 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है जो सेरेब्रल पाल्सी की समस्या से जूझ रहे होते हैं।

**टी 37 वर्गीकरण उन एथलीटों**

महिलाओं की गोला फेंक एफ 41 (छोटे कद के खिलाड़ी) में कोलंबिया की अरिजा बुइट्रागो मेयरली ने विश्व रिकॉर्ड धारक और कई पैरालंपिक तथा पैरा विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक विजेता राओआ तलीली को पछाड़ कर स्वर्ण पदक हासिल किया। मेयरली ने 10.21 मीटर की दूरी तय की जबकि उज्बेकिस्तान की कुबारो खाकिमोवा ने 10.17 मीटर के साथ रजत पदक जीता। ट्यूनीशिया की तलीली के नाम 10.55 मीटर का विश्व रिकॉर्ड है। उन्हें 9.96 मीटर के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। नीदरलैंड की नोएल रूर्डा ने महिला भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में 43.74 मीटर के प्रयास के साथ अपना पहला विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक जीता।

# चैंपियनशिप : भारतीय तैराक 20 पुरुष व 20 महिला करेंगे प्रतिस्पर्धा

एजेंसी



अहमदाबाद। दो बार के ओलंपियन साजन प्रकाश और श्रीहरि नटराज रविवार से शुरू हो रही 11वीं एशियाई एक्वाटिक्स चैंपियनशिप में महाद्वीप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। इस चैंपियनशिप का आयोजन नारनपुरा के नवनिर्मित अत्याधुनिक वीर सावरकर खेल परिसर में किया जा रहा है। इसमें भारत के कुल 40 तैराक (20 पुरुष और 20 महिला) प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारतीय दल पिछले एक महीने से राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के तहत नारनपुरा में ही अभ्यास कर रहा है।

एशियाई एक्वाटिक्स कैलेंडर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए 29 देशों से 1,100 से अधिक खिलाड़ी, कोच और तकनीकी अधिकारी यहां पहुंचे चुके हैं। यह चैंपियनशिप अगले साल जापान के नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाइंग स्पर्धा के रूप में भी काम करेगी। प्रकाश और नटराज के अलावा भारत को महिलाओं की श्रेणी में धिनिधि देसिंगु और भव्या सचदेवा से पदक की उम्मीदें होंगी। चीन के प्रभुत्व वाले इस प्रतियोगिता से भारत के मुख्य कोच निहार अमीन को भारतीय तैराकों से पदक की उम्मीदें है। उन्होंने कहा हमने वीर सावरकर खेल परिसर में बहुत अच्छी तैयारी की है। इसके तरणताल में खिलाड़ियों को अपनी गति बढ़ाने का मौका मिलता है। झे पूरा विश्वास है कि हमारे तैराक यहां अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि प्रकाश, नटराज और रोहित बी बेनेडिक्ट अपनी स्पर्धा में पदक जीत सकते हैं।

अमीन ने कहा हमें कम से कम तीन-चार पदक जीतने चाहिए। प्रकाश 200 मीटर बटरफ्लाई में अगर सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के अपने प्रदर्शन को दोहरा सकें तो उनका पदक जीतना तय है। यही बात श्रीहरि पर भी लागू होती है। वह 100 मीटर और 200 मीटर बैकस्ट्रोक में भाग लेंगे। रोहित के पास भी 200 मीटर फ्रीस्टाइल में पदक जीतने का मौका है। उन्होंने कहा महिलाओं में, धिनिधि देसिंगु, भव्या सचदेवा, नीना वेंकटेश, और सौभृति मंडल सभी अच्छा समय निकाल रही हैं। प्रतियोगिता में वाटर पोलो (10 पुरुष टीम और आठ महिला टीम) के अलावा गोताखोरी में 16, कलात्मक तैराकी में 10 देशों और तैराकी में 21 देश के खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे।

भारतीय तैराकी दलः पुरुषः एस धनुष, शॉन गांगुली, जोशुआ थॉमस, अनीश गौड़ा, रोहित बी बेनेडिक्ट, अद्वैत पेज, साजन प्रकाश, बिक्रम चांगमई, हीर गीतेश शाह, एमएस यदेश बाबू, विदिथ एस शंकर, कुशाग्र रावत, जननजॉय ज्योति हजारिका, आकाश मणि, निथिक नाथेला, मणिकांत एल, विनायक वी, लिखित एसपी, ऋषभ अनुपम दास, श्रीहरि नटराज।

## ताइवान में युवराज संधू कट हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय गोल्फर

ताइपे सिटी। युवराज संधू दूसरे दौर में दो ओवर 74 के स्कोर से शनिवार को यहां मरकरीज ताइवान मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में कट हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय गोल्फर रहे। दो दौर के बाद संधू का कुल स्कोर चार ओवर है और वह संयुक्त रूप से 36वें स्थान पर हैं। इस बीच विराज मादप्पा (82-69), शिव कपूर (76-77), राहिल गंगजी (80-74), एसएसपी चौरसिया (79-75), अजितेष संधू (79-77) और राशिद खान (77-82) कट हासिल करने में नाकाम रहे। भारतीय अमेरिकी मानव शाह भी दूसरे दौर में चार ओवर 76 के स्कोर से कुल छह ओवर से स्कोर से कट हासिल नहीं कर पाए। वहीं दूसरी ओर भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स दूसरे दौर में तीन अंडर 68 के स्कोर से यहां लेडीज यूरोपीय टूर के लाकोस्टे लेडीज ओपन डि फ्रांस में संयुक्त 16वें स्थान पर हैं। प्रणवी का दो दौर के बाद कुल स्कोर चार अंडर है। प्रतियोगिता में एक दौर का खेल बाकी है। दीक्षा डागर भी दूसरे दौर में दो अंडर 69 के स्कोर से कट हासिल करने में सफल रहीं। एक अंडर के कुल स्कोर से वह संयुक्त 44वें स्थान पर हैं। त्वेसा मलिक (74-72) और अवनि प्रशांत (73-74) कट हासिल करने में नाकाम रहीं जो एक ओवर पर तय किया गया था।

## विश्व कप टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण : हरमनप्रीत

दुबई। कप्तान हरमनप्रीत कौर को विश्वास है कि मंगलवार से शुरू हो रहे महिला विश्व कप के लिए भारतीय टीम में हर विभाग में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के अच्छे मिश्रण से उनकी टीम को पहली बार विश्व खिताब जीतने में मदद मिलेगी। भारत चौथी बार आईसीसी की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। टीम इससे पहले दो मौकों पर खिताब जीतने के करीब पहुंची थी। भारतीय टीम ने पिछली बार 2017 में फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन तब मिताली राज की अगुवाई वाली टीम लॉर्ड्स में इंग्लैंड से रोमांचक मुकाबले में हार गई थी। भारतीय टीम ने प्रतियोगिता की अच्छी तैयारी करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ उसकी सरजमीं पर पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय श्रृंखला जीती और फिर गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को घरेलू सरजमीं पर कड़ी टक्कर दी लेकिन श्रृंखला में मेजबान टीम को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। आईसीसी के लिए अपने कॉलम में हरमनप्रीत ने लिखा, हमारी विश्व कप टीम में सभी विभागों में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, प्रतीका रावल, ऋचा घोष और उमा छेत्री जैसी प्रतिभावान बल्लेबाज टीम में मौजूद हैं।

# रश्मिका व कपिल को एयर पिस्टल में स्वर्ण

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय निशानेबाजों ने शनिवार को यहां डॉ. कर्णी सिंह रेंज में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दबदबा बनाते हुए शीर्ष दो स्थान हासिल किए जबकि स्कीट स्पर्धा में रायजा ढिल्लों ने रजत पदक जीता जिससे मेजबानों का चमकदार प्रदर्शन जारी रहा।

भारत अभी तीन स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक जीतकर शीर्ष पर है। इटली दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर दूसरे जबकि व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी (एआईएन) दो स्वर्ण पदक के साथ तीसरे स्थान पर है। हाल में कजाखस्तान में एशियाई चैंपियनशिप की महिला और पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर स्पर्धा में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाली रश्मिका और कपिल ने यहां चल रही प्रतियोगिता के तीसरे दिन एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। रश्मिका और कपिल ने खिताबी दौर में वंशिका चौधरी और एंटोनी जोनाथन गेविन की एक अन्य भारतीय जोड़ी को 16-10 से हराया। इनेस ओर्टेगा कास्त्रो और लुकास सांचेज की स्पेन की जोड़ी ने पेरिमाह अमीरी मोहम्मद रेजा अहमादी की ईरान की जोड़ी को 16-14 से हराकर कांस्य पदक जीता। रश्मिका और कपिल की जोड़ी ने शुरुआत से ही दबदबा बनाया और क्वालीफिकेशन में 582 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। दोनों ने समान 291 अंक जुटाए। वंशिका और गेविन की जोड़ी ने क्रमशः 287 और 291 अंक से कुल 578 अंक के साथ फाइनल में प्रवेश किया। एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में क्वालीफिकेशन दौर के बाद शीर्ष दो जोड़ियां स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला करती हैं जबकि अगली दो जोड़ियां कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करती हैं। फाइनल में भी एकतरफा मुकाबला देखने को मिला।

रश्मिका और कपिल ने शुरुआती बढ़त बनाई और फिर विरोधी जोड़ी को वापसी करने का मौका नहीं दिया। शुक्रवार को पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल खिताब जीतने वाले गेविन ने काफी गल्तियां की। उन्होंने 9.9 के बाद 10.5 और 10.6 अंक जुटाए लेकिन इसके बाद लगातार तीन प्रयास में 9.7, 9.8 और 9.5 ही हासिल कर पाए।

वंशिका ने भी तीन निशाने नौ अंक से कम पर मारे जिससे स्वर्ण पदक इस जोड़ी के हाथों से फिसल गया। जूनियर महिला स्कीट स्पर्धा में ओलंपियन राइजा ढिल्लों इटली की एरियाना नेम्बर से कड़े मुकाबले में पिछड़कर दूसरे स्थान पर रहीं। एरियाना ने कुल 53 अंक बनाए जबकि पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाली राइजा ने 51 अंक बनाए। मानसी रघुवंशी ने 41 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। जूनियर पुरुष स्कीट में भारत पदक से चूक गया जब छह निशानेबाजों के फाइनल में हरमेहर सिंह लाली और अतुल सिंह राजावत 35 और 25 अंक के साथ क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

## पेरिस में नीरज को देखने के लिए टिकट खरीदा

नयी दिल्ली। नीरज चोपड़ा की लोकप्रियता भारत तक ही सीमित नहीं है और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली नीदरलैंड की भाला फेंक खिलाड़ी नोएल रूर्डा ने कहा कि उन्होंने पेरिस ओलंपिक के दौरान सिर्फ इस भारतीय को प्रतिस्पर्धा करते देखने के लिए टिकट खरीदा था। वर्ष 2021 में तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाले नीरज ने पेरिस खेलों में रजत पदक जीता। बाएं हाथ से थ्रो करने वाली 25 साल की रूर्डा ने एफ46 महिला भाला फेंक स्पर्धा जीतने के बाद पीटीआई से कहा, हां, बिल्कुल। मैं उन्हें जानती हूं। रूर्डा का दायां हाथ सिर्फ कोहनी तक है। एफ46 स्पर्धा उन एथलीटों के लिए है जिनके एक या दोनों हाथों की मूवमेंट मध्यम रूप से प्रभावित होती है या जिनका अंग नहीं होता। उन्होंने कहा मैं पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए गई थी और वहां भाला फेंक नाइट के लिए टिकट खरीदे थे। मैंने उन्हें तब सबसे नजदीक से देखा था। रूर्डा ने स्वीकार किया कि उन्हें उम्मीद थी कि नीरज की जगह जर्मनी के योहानेस वेटर तोक्यो ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीतेंगे। उन्होंने कहा मुझे लगा था कि वेटर स्वर्ण पदक जीतेंगे। नीरज निश्चित रूप से पोडियम पर होंगे लेकिन वेटर बेहद अच्छे थे और उस साल उन्होंने शानदार थ्रो किया। लेकिन वह बहुत जल्द चरम पर पहुंच गए। यह खेल का हिस्सा है।

# हार्नर कॉलेज के वार्षिक खेल दिवस में नेहरू हाउस चैंपियन



लखनऊ। महानगर विस्तार स्थित हार्नर कॉलेज का वार्षिक खेलकूद दिवस समारोह शुक्रवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल स्पधाओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान हुई विभिन्न खेलों की स्पधाओं में नेहरू हाउस ने शानदार प्रदर्शन किया और 387 अंकों के साथ विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली जबकि टैगोर हाउस की टीम 367 अंकों के साथ उपविजेता रही।

**टैगोर हाउस के आशीष रोका (नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण विजेता) सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी**

वहीं विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टैगोर हाउस के आशीष रोका (नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता) को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। वार्षिक खेलकूद दिवस समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि एमएलसी इं. अवनीश कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि मिसेज अनीता रतूड़ी (सदस्य प्रबंध समिति, हार्नर कॉलेज) ने ध्वजारोहण कर और खेल मशाल जलाकर किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत कालेज की प्रधानाचार्या डा.माला मेहरा ने किया। मुख्य अतिथि एमएलसी इं. अवनीश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हार्नर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने खेल मैदान पर जिस अनुशासन, टीम भावना और जोश का प्रदर्शन किया है, वह काबिले-तारीफ है। खेल-कूद न सिर्फ शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाते हैं बल्कि जीवन में अनुशासन और संघर्ष की सीख भी देते हैं। ऐसे आयोजन न केवल शारीरिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल दिवस की शुरूआत में छोटे बच्चों की अंबेर्ला ड्रिल और पिरामिड के विभिन्न फार्मेशन और छोटे बच्चों की अंबेर्ला ड्रिल ने भी खेलप्रेमियों की खूब सराहना बटोरी।

इसके बाद हुई सोल्जर ड्रिल और ताइक्वांडो का रोमांचक डिमांस्ट्रेशन भी सभी के आकर्षक का केंद्र रहे। इसके अलावा बच्चों के लिए हुई विभिन्न खेलों की स्पधाओं में बालक 100 मी. में नेहरू हाउस के कार्तिक और बालिका 100 मी. में टैगोर हाउस की दीपशिखा ने बाजी मारी। वहीं बालक रिले रेस में टैगोर हाउस हाउस की टीम ने खिताब जीता। लंबी कूद व डिस्कस थ्रो में बालकों में टैगोर हाउस के आशीष रोका व बालिकाओं में दीपशिखा ने पहला स्थान हासिल किया। शॉटपुट में बालकों में नेहरू हाउस के कार्तिक शर्मा और बालिकाओं में टैगोर हाउस की स्वाति गुप्ता विजेता बने।

जैवलिन थ्रो में बालकों में टैगोर हाउस के आशीष रोका व बालिकाओं में इंदिरा हाउस की यशस्वी पाण्डेय ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वॉलीबाल में नेहरू हाउस की टीम विजेता बनीं जबकि बालक वर्ग के टग ऑफ वार में टैगोर हाउस चैंपियन बने। इसके साथ उत्साही अभिभावक गण और छात्रों के बीच आयोजित टग ऑफ वार ने भी सभी को रोमांचित व खेल भावना से सराबोर कर दिया। छोटे बच्चों के लिए फिल द बॉटल रेस, ग्रैब एंड गोल रेस जैसी स्पधाओं का आयोजन किया गया।

